राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 95
लखनऊ, शुक्रवार 22 नवंबर, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



यूपी में लहसुन किसानों को लागत का 40 फीसद अनुदान 03

गडकरी ने गया में करोड़ों रुपए की योजनाओं की दी सौगात 12

# भारत समाधान के लिए संवाद का पक्षधर : राजनाथ

**संबोधन**

- भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का पक्षधर

एजेंसी, नई दिल्ली।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लाओ पीडीआर के वियनतियाने में 11वें आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस फोरम को संबोधित किया। बैठक में राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता, बिना बाधा के वैध वाणिज्य और अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन का पक्षधर है।

आचार संहिता पर चर्चाओं पर अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसी संहिता देखना चाहेगा, जो उन देशों के वैध अधिकारों और हितों को नुकसान न पहुंचाए, जो इन विचार-विमर्शों में पक्ष नहीं हैं। उन्होंने कहा कि संहिता अंतरराष्ट्रीय कानून, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून 1982 के साथ पूरी तरह से सुसंगत होनी चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए चल रहे संघर्षों और चुनौतियों पर रक्षा मंत्री ने कहा कि यह भाग्य है कि 11वीं एडीएमएम-प्लस लाओ पीडीआर में आयोजित की जा रही है, जिसने अहिंसा और शांति के बौद्ध सिद्धांतों को आत्मसात किया है। उनका मानना था कि अब समय आ गया है कि शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के बौद्ध सिद्धांतों को सभी के द्वारा और अधिक निकटता से अपनाया जाए, क्योंकि दुनिया तेजी से ब्लॉकों और शिविरों में विभाजित हो रही है, जिससे स्थापित विश्व व्यवस्था पर तनाव बढ़ रहा है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत हमेशा जटिल अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के समाधान के लिए संवाद का पक्षधर रहा है और इसका अभ्यास भी किया है। खुले संवाद और शांतिपूर्ण बातचीत के प्रति यह प्रतिबद्धता सीमा विवादों से लेकर व्यापार समझौतों तक, अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों की एक विस्तृत श्रृंखला के प्रति भारत के दृष्टिकोण में स्पष्ट है।

### रक्षा मंत्री अमेरिकी समकक्ष से मिले, जेट इंजन पर बढ़ेगी बात

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लाओ पीडीआर के वियनतियाने में 11वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक (एडीएमएम)-प्लस के दौरान अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड जे ऑस्टिन से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने परिचालन समन्वय, सूचना-साझाकरण और औद्योगिक नवाचार में वृद्धि के आधार पर भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी से हासिल की गई प्रगति की सराहना की। दोनों पक्षों ने जेट इंजन, युद्ध सामग्री और ग्राउंड मोबिलिटी सिस्टम के लिए प्राथमिकता वाले सह-उत्पादन व्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए चल रहे सहयोग सहित अमेरिका-भारत रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप के तहत की गई उल्लेखनीय प्रगति को मान्यता दी। बैठक में राजनाथ सिंह ने अगस्त 2024 में अमेरिका की अपनी हाल की सफल यात्रा को याद किया, जिसमें दो महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों, आपूर्ति सुरक्षा समझौता (एसओएसए) और संपर्क अधिकारियों की तैनाती के बारे में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए थे। दोनों पक्षों ने स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत को बनाए रखने के लिए सैन्य साझेदारी और अंतर-संचालन को सुदृढ़ करने के लिए चल रहे प्रयासों का स्वागत किया। दोनों पक्षों ने रणनीतिक हितों के लिए बढ़ते अभिसरण और भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग को बढ़ाने के माध्यम से पिछले ढाई वर्षों में हासिल की गई गति को जारी रखने पर सहमति व्यक्त की।

### रक्षा सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को वियनतियाने लाओ पीडीआर में 11वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक (एडीएमएम)-प्लस के दौरान कोरिया गणराज्य के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री किम योंग ह्यून, ऑस्ट्रेलिया के रक्षा उद्योग और क्षमता वितरण मंत्री पैट कॉनरॉय और न्यूजीलैंड की रक्षा मंत्री सुश्री जूडिथ कोलिन्स से मुलाकात की। इनके साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।

### संवाद की शक्ति हमेशा प्रभावी साबित हुई

रक्षा मंत्री ने कहा कि खुला संवाद विश्वास, समझ और सहयोग को बढ़ावा देता है तथा स्थायी साझेदारी की नींव रखता है। संवाद की शक्ति हमेशा प्रभावी साबित हुई है, जिसके ठोस परिणाम मिले हैं, जो वैश्विक मंच पर स्थिरता और सद्भाव में योगदान करते हैं। भारत का मानना है कि वैश्विक समस्याओं का वास्तविक, दीर्घकालिक समाधान तभी प्राप्त किया जा सकता है, जब राष्ट्र रचनात्मक रूप से जुड़ें, एक-दूसरे के दृष्टिकोण का सम्मान करें और सहयोग की भावना से साझा लक्ष्यों की दिशा में काम करें। राजनाथ सिंह ने कहा कि आसियान और हिंद-प्रशांत देशों के साथ भारत के संबंधों को सशक्त करने में इसका लाभ मिल रहा है।

# रिश्वतखोरी के आरोप में अडानी पर अमेरिका में मुकदमा

**आरोप**

- अरबों डॉलर की योजना में कथित भूमिका को लेकर अमेरिका की अदालत में आरोप-पत्र दाखिल
- अडानी समूह की कंपनियों के शेयरों में गिरावट

एजेंसी, नई दिल्ली।



अडानी समूह के प्रमुख गौतम अडानी और उनके कुछ वरिष्ठ अधिकारियों पर अमेरिकी निवेशकों और वैश्विक वित्तीय संस्थानों से 'झूठे और भ्रामक' तथ्यों के आधार पर धन जुटाने की अरबों डॉलर की योजना में उनकी कथित भूमिका को लेकर अमेरिका की एक अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किए गए हैं।

अमेरिका के संघीय अभियोजन कार्यालय के न्यूयार्क के पूर्वी जिले के संबंधित अभियोजक द्वारा ब्रुकलिन की एक संघीय अदालत में कथित रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी की के पांच बिंदुओं को लेकर आपराधिक धाराओं में अभियोग-पत्र पढ़े गए।

वार्ता ने इन कथित आरोपों पर अडानी समूह से प्रतिक्रिया माँगने के लिए एक प्रश्न भेजा है और उसकी ओर से प्रतिक्रिया का इंतज़ार है।

इस बीच, गुरुवार को शुरुआती कारोबार में अडानी समूह की कंपनियों के शेयरों में बीएसई पर 20 प्रतिशत तक की गिरावट आई। अडानी समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज का शेयर बीएसई पर 20 प्रतिशत गिरकर गुरुवार को पूर्वाह्न मे 2256.20 रुपये प्रति शेयर तक आ गया था। ब्रुकलिन की अदालत में दाखिल आरोपत्र के अनुसार 2020 और 2024 के बीच, प्रतिवादियों ने भारत में सरकार के साथ आकर्षक सौर ऊर्जा आपूर्ति अनुबंध प्राप्त करने के लिए सरकारी अधिकारियों को 25 करोड़ डालर से अधिक की रिश्वत देने को तैयार हुई थी। कंपनी को इससे लगभग 20 साल की अवधि में कर के बाद दो अरब डालर से अधिक के लाभ होने का अनुमान था । अडानी समूह के खिलाफ दाखिल आरोपों में कहा गया है कि इस भारतीय कंपनी ने रिश्वत की अपनी योजना के प्रति अमेरिकी निवेशकों को अंधेरे में रख कर, बैंकों और निवेशकों से झूठ बोल कर अरबों डॉलर जुटाए जो अमेरिका के कानूनों का उल्लंघन है।

### अदाणी ग्रुप ने आरोपों को किया खारिज

अदाणी ग्रुप ने गुरुवार को यूएस डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस (डीओजे) और यूएस सिक्योरिटीज और एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) द्वारा उसकी सहयोगी कंपनी अदाणी ग्रीन के निदेशकों के खिलाफ लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज किया है। इसके साथ ही कहा है कि हर संभव कानूनी सहारा लिया जाएगा।

### राहुल गांधी ने उठाये सवाल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को अमेरिका में उद्योगपति गौतम अडाणी को भ्रष्टाचार के मामले में आरोपित बनाए जाने पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधा है। राहुल का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उद्योगपति गौतम अडाणी को संरक्षण प्रदान कर रहे हैं। पार्टी लगातार इस मामले को उठाती रही है और आज हम यह पूछना चाहते हैं कि अडाणी जेल में क्यों नहीं है? लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने आज पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता कर कहा कि अमेरिका में बिल्कुल स्पष्ट और स्थापित हो गया है कि अडाणी ने वहां के और भारतीय दोनों जगह के कानून को तोड़ा है। आश्चर्य है कि 2 हजार करोड़ के घोटाले और कई अन्य आरोपों के बावजूद अडाणी अभी इस देश में खुले घूम रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में दरभंगा-दिल्ली स्पेशल ट्रेन 04068 बेपटरी

**पटना।** बिहार में पश्चिम चंपारण जिले के नरकाटियागंज के हरिनगर रेलवे स्टेशन के पास बीती मध्य रात्रि दिल्ली से दरभंगा आने वाली स्पेशल ट्रेन 04068 बेपटरी हो गई। उसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि किसी भी तरह के जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। बताया गया है कि यार्ड परिसर में इंजन के पीछे की एक बोगी डिरेल हुई। अचानक झटका लगने से घबराये यात्री अपनी-अपनी सीट से उठ गए। कुछ समय तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। ट्रेन चार घंटे तक हरिनगर रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही। सूचना पर पहुंची एआरटी की टीम ने बेपटरी बोगी को अलग किया। इसके बाद आज तड़के 3:55 बजे ट्रेन को रवाना किया गया।

### पुलिस की बर्बरता पर राज्य सरकार को मानवाधिकार का नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने तेलंगाना पुलिस द्वारा विकाराबाद जिले के लगचार्ला गांव के निवासियों का उत्पीड़न तथा शारीरिक शोषण करने और उन्हें झूठे आपराधिक आरोपों में फंसाने की शिकायत पर राज्य सरकार से इस पर रिपोर्ट मांगी है। आयोग की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार उसने तेलंगाना के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए, आयोग ने मामले की घटनास्थल पर जांच के लिए तुरंत अपने विधि तथा अन्वेषण अधिकारियों की एक संयुक्त टीम वहां भेजने का निर्णय किया है जो एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

### ट्विन-ट्यूब जवाहर सुरंग जीर्णोद्धार कार्य पूरा

**नई दिल्ली।** सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने जम्मू और कश्मीर में 1956 में निर्मित 2.5 किलोमीटर लंबी ट्विन-ट्यूब जवाहर सुरंग का व्यापक जीर्णोद्धार किया है। अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करके उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा, संरक्षा और राहत के उद्देश्य से इसे अपग्रेड किया गया था, जिससे यह आधुनिक सुरंगों के बराबर आ गई। पुनर्निर्मित सुरंग दिसंबर 2024 में जनता के लिए खोली जाएगी।

### आश्रय गृह में 13 महिलाएं बीमार, एनएचआरसी ने जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मीडिया रिपोर्ट पर स्वत: संज्ञान लिया है कि 7 से 11 नवंबर के बीच बिहार के पटना के पटेल नगर इलाके में मानसिक रूप से बीमार और निराश्रित महिलाओं के आश्रय गृह में रहने वाली 13 महिलाएं बीमार पड़ गईं और तीन की संदिग्ध खाद्य विषाक्तता के कारण मृत्यु हो गई। आयोग ने पाया है कि आश्रय गृह के अधिकारी इन महिलाओं को उचित देखभाल प्रदान करने के लिए जिम्मेदार हैं। बिहार सरकार के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट में पीड़ितों के स्वास्थ्य की स्थिति शामिल होने की उम्मीद है।

# यूपी में टैक्स फ्री हुई फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट'

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बहुचर्चित फ़िल्म द साबरमती रिपोर्ट देखी।

फिल्म देखने के बाद योगी ने कहा कि मैं 'द साबरमती रिपोर्ट' की पूरी टीम को बधाई देता हूं जिन्होंने इस वास्तविक सच को देश की जनता के सामने फिल्म के माध्यम से बाहर लाने का प्रयास किया है। हर भारतवासी को द साबरमती रिपोट फिल्म को देखनी चाहिए और गोधरा का सच के नजदीक जाने का प्रयास करना चाहिए योगी ने फिल्म को उत्तर प्रदेश में टैक्स फ्री करने की घोषणा की। उन्होने कहा देश के खिलाफ और सरकारों के खिलाफ राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने के लिए समाज में वैमनस्यता पैदा करने के लिए देश में जो कृत्य हुए हैं उसे देश की जनता को जानने का अधिकार है। जो राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश के खिलाफ षड्यंत्र कर रहे हैं उन चेहरों को पहचानने के साथ-साथ उनका पर्दाफाश करने की भी आवश्यकता है। योगी ने कहा कि फिल्म की टीम ने सत्य उजाकर करने के लिए अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। फिल्म के माध्यम से वास्तविक सच को एक बड़े रूप में देश के सामने लाने का प्रयास किया गया है। उन्होने कहा कि मामला अयोध्या से जुड़ा है, मैं घटना में मारे गए सभी राम भक्तों को श्रद्धांजलि देता हूं।

इस प्रकार के साहसिक कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए लोग इस सत्य को अधिक से अधिक देखें। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की ओर से द साबरमती रिपोर्ट फिल्म को टैक्स फ्री करने की घोषणा की। इसके पहले योगी ने लखनऊ के प्लासियो मॉल के सिनेमाहॉल के ऑडी-07 में पूर्वाह्न 11:30 बजे के शो में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सहित अनेक अनेक जनप्रतिनिधियों और शासन-प्रशासन के अधिकारियों के साथ फ़िल्म देखी। खास मौके पर फ़िल्म के मुख्य अभिनेता विक्रांत मैसी और फ़िल्म यूनिट से जुड़े लोगों की मौजूदगी रही। इससे पहले, बीते मंगलवार को विक्रांत मैसी ने योगी से भेंट की थी।

**घोषणा**

- हर भारतवासी को द साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखनी चाहिए : सीएम

### सत्य घटना पर आधारित है फिल्म

गौरतलब है कि द साबरमती रिपोर्ट एक सत्य घटना पर आधारित एक बॉलीवुड ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन रंजन चांडेल द्वारा किया गया है। फिल्म में विक्रांत मैसी, राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं। यह फिल्म साल 2002 में हुई साबरमती एक्सप्रेस की दिल दहला देने वाली घटना से प्रेरित है। एकता कपूर इस फिल्म की निर्माता है। 15 नवंबर को रिलीज हुई इस फिल्म की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने भी तारीफ की है।

## मोदी को मिला गुयाना, डोमिनिका सर्वोच्च नागरिक सम्मान



**एजेंसी, जॉर्जटाउन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुधवार को दो कैरेबियाई देशों गुयाना और डोमिनिका ने अपने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया। यह पहला अवसर है जब भारत के प्रधानमंत्री को दो देशों द्वारा एक ही दिन अपने-अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया है। स्टेट हाउस में आयोजित एक समारोह में गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफ़ान अली ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को उनकी दूरदर्शी प्रतिभा और वैश्विक मंच पर विकासशील देशों के अधिकारों की वकालत करने के लिए, वैश्विक समुदाय के लिए असाधारण सेवा के लिए और भारत-गुयाना संबंधों को मजबूत करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए गुयाना के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार, द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया। पुरस्कार स्वीकार करते समय प्रधानमंत्री ने इस सम्मान को भारत के लोगों और दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे ऐतिहासिक संबंधों को समर्पित किया।

# के संजय मूर्ति ने कैग पद की ली शपथ



एजेंसी, नई दिल्ली।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने श्री के संजय मूर्ति को गुरुवार को भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक (कैग) पद की शपथ दिलायी।

शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडपम में आयोजित किया गया। श्री मूर्ति ने राष्ट्रपति के समक्ष कैग पद की शपथ ली। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी प्रस्तुत थे।

श्री मूर्ति 1989 बैच के भारतीय प्रशासन सेवा के हिमातल काडर के अधिकारी हैं। वह श्री गिरीश चंद्र मुर्मु का स्थान ले रहे हैं, जो 20 नवंबर को कैग के पद से सेवानिवृत्त हुये।


## यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा के परिणाम घोषित



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर गुरुवार को यह जानकारी दी गई। बोर्ड ने कहा कि आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 की दिनांक 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त 2024 को संपन्न लिखित परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि कि प्राप्तांकों की श्रेष्ठ और आरक्षण के लंबवत एवं क्षैतिज नियमों के अनुसार चयन प्रक्रिया के अगले चरण अभिलेखों की समीक्षा तथा शारीरिक मानक परीक्षण के लिए अर्ह पाए गए अभ्यर्थियों की सूची एवं विज्ञप्ति बोर्ड की वेबसाइट uppb.gov.in पर जारी करी की गयी है।

# सीमाओं पर जवानों के साथ तैनात हो सकेंगे रोबोटिक डॉग

एजेंसी, जैसलमेर।



देश की सीमाओं पर जवानों के साथ अब रोबोटिक मल्टी-यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट यानी रोबोटिक डॉग भी तैनात होंगे। जैसलमेर के पोकरण फायरिंग रेंज में रोबोटिक डॉग ने भारतीय सेना की बैटल एक्स डिवीजन के साथ 14 से 21 नवंबर तक अभ्यास किया। सेना ने इस डॉग के साथ दुश्मन को खोजने और उसे खत्म करने का अभ्यास किया है। हाल ही में भारतीय सेना ने बॉर्डर से लगे इलाकों में (विशेषकर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में) उपयोग के लिए 100 रोबोटिक डॉग को शामिल किया है।

सैन्य सूत्रों ने बताया कि सेना का अभ्यास गुरुवार को समाप्त हुआ। भारतीय सेना की बैटल एक्स डिवीजन की एक इकाई के 50 से भी ज्यादा सैनिकों ने इसमें हिस्सा लिया। इस अभ्यास में करीब 10 रोबोटिक डॉग्स को शामिल किया गया था। इस दौरान रोबोटिक डॉग ने दुश्मन को खोजने, हथियार ले जाने, कैमरे से दुश्मन का ठिकाना बताने सहित विषम परिस्थितियों में सैनिकों की मदद करने का ट्रायल दिया। ये रोबोटिक डॉग किसी भी ऊंचे पहाड़ से लेकर पानी की गहराई तक जाकर काम करने में सक्षम हैं। इन्हें 10 किलोमीटर दूर बैठकर भी ऑपरेट किया जा सकता है। एक घंटे चार्ज करने के बाद ये लगातार 10 घंटे तक काम कर सकते हैं। इसके अलावा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सहायता और परिवहन में सुधार के लिए लॉजिस्टिक्स ड्रोन का परीक्षण किया जा रहा है। रोबोटिक डॉग्स थर्मल कैमरों और रडार से लैस हैं। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसकी डिजाइन है। यह बर्फ, रेगिस्तान, ऊबड़-खाबड़ जमीन, ऊंची सीढ़ियां यहां तक कि पहाड़ी इलाकों में हर बाधा को पार करने में सक्षम बनाता है।

**तैयारी**

- रोबोटिक डॉग विषम परिस्थितियों काम करने में सक्षम

## यासीन मलिक से जिरह के लिए जेल में अदालत स्थापित करने का सुझाव

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जम्मू की अदालत के कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक से शारीरिक रूप से जिरह करने के लिए जेल में एक अदालत स्थापित करने का सुझाव देते हुए गुरुवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से इस संबंध में विकल्प तलाशने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने यह निर्देश देते कहा कि हमारे देश में अजमल कसाब को भी निष्पक्ष सुनवाई का मौका दिया गया था... उच्च न्यायालय में उसका पक्ष रखने के लिए वकील नियुक्त किया गया था। जम्मू की एक अदालत ने चार भारतीय वायुसेना कर्मियों की हत्या और 1989 में मुफ्ती मुहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद के अपहरण से जुड़े गवाहों की जिरह के लिए मलिक की पेशी का आदेश दिया था।

# अलीगढ़ : ट्रक-बस आपस में भिड़े, पांच की मौत

अलीगढ़, समृद्धि न्यूज।



**15 से अधिक लोग घायल**

यूपी के अलीगड़ जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई है। वहीं 15 से अधिक घायल बताए जा रहे हैं । कुछ की हालत बेहद गंभीर है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है।

यह पूरा मामला अलीगढ़ जिले के टप्पल थाना का बताया जा रहा है। यमुना एक्सप्रेसवे पर बुधवार देर रात करीब एक बजे ट्रक और डबल डेकर बस की टक्कर हो गई। बता दें कि सवारियों से भरी प्राईवेट डबल डेकर बस दिल्ली से आजमगढ़ और मऊ के लिए जा रही थी। जैसे ही बस यमुना एक्सप्रेसवे 56 नंबर प्वाइंट पर पहुंची। वह अचानक से अनियंत्रित हो गई और एक ट्रक में पीछे से जा घुस गई। जबरदस्त टक्कर के बाद बस के परखच्चे उड़ गए।

गौरतलब है कि यह घटना उस वक्त हुई जब सभी यात्री सो रहे थे। हादसा होते ही वहां चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद बस में फंसे लोगों को खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला गया। हादसे में पांच यात्रियों की मौत हो गई। जबकि 15 यात्री घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि एक्सप्रेस-वे पर बस तेज गति से चल रही थी। अचानक ड्राइवर बस से नियंत्रण खो बैठा। ट्रक में टक्कर लगने के बाद बस का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा होते ही चीख-पुकार मच गई। हादसे में जान गंवाने वालों में पारुल, उसका पांच माह का बेटा आरोह, प्रतापगढ़ के हसमुख सरोज और दो अज्ञात शामिल हैं। मृतकों में एक महिला, तीन पुरुष और एक मासूम बच्चा शामिल हैं।



## समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा ने धरती पुत्र को किया नमन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** धरतीपुत्र के नाम से प्रसिद्ध नेजा जी मुलायम सिंह यादव की जयंती की पूर्व संध्या पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा ने सैफई में उनके समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान समाजवादी युवजन सभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास यादव भी उपस्थित रहे और दोनों ने नेताजी के समाधि स्थल पर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया। इस मौके पर सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा ने कहा कि छात्र राजनीति हो या फिर राष्ट्रीय राजनीति मुलायम सिंह यादव ने अपने नाम का ऐसा सिक्का जमाया कि कोई उनका चाह कर भी अनदेखी नहीं कर सकता था। बहुत ही कम समय में उन्होंने मुख्यमंत्री तक का सफर तय कर लिया। मुख्यमंत्री से लेकर वह देश के रक्षामंत्री भी बने। एक छोटे से गांव से आने वाले मुलायम सिंह यादव महज 28 साल की उम्र में ही विधायक बन गये थे। यूपी के तीन बार सीएम भी रहे। पूरा जीवन समाजवाद की राजनीति करने वाले 'धरती पुत्र' ने 10 अक्टूबर 2022 को इस दुनिया को अलविदा कह दिया उनकी कमी पार्टी और समर्थकों को हमेशा महसूस होती रहेगी। इस दौरान सभी ने नेताजी मुलायम सिंह यादव के बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

# यूपी के खीरी का छत्तीसगढ़ के 'गुड गवर्नेंस' क्षेत्रीय सम्मेलन में बजा डंका

- जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने बढ़ाया मान
- नारीशक्ति के सशक्तीकरण, परिवर्तनकारी नेतृत्व पर डीएम के उद्बोधन पर बजीं तालियां, भारत में बढ़ा खीरी का गौरव
- राष्ट्रीय स्तर के इस मंच पर उप्र के खीरी जिले की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को हासिल हुआ गौरव




**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

गुरुवार का दिन खीरी जिले के लिए खास रहा। छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी रायपुर में सुशासन पर दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन में सत्र के दौरान जिला प्रशासन में महिला नेतृत्व विषय पर उत्तर प्रदेश के जनपद लखीमपुर खीरी की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिले में नारीशक्ति के सशक्तिकरण के लिए परिवर्तनकारी नेतृत्व पहल के बारे में अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। सुशासन विषय पर महत्वपूर्ण चर्चा के लिए सजे राष्ट्रीय स्तर के इस मंच पर उत्तर प्रदेश से लखीमपुर खीरी जिले के डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को गौरव हासिल हुआ है। इससे जिले का गौरव भी बढ़ा है।

**'मिशन शक्ति', कन्या शक्ति वंदन- बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित की जा रहीं विशेष कार्यशालाएं:** अपने उद्बोधन में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कृषि-व्यवसाय, नवाचार और सतत व्यवसाय मॉडल, महिला-नेतृत्व वाली जंगल सफारी और इकोटूरिज्म, आदिवासी महिला-नेतृत्व वाला हस्तशिल्प विकास जैसे महत्वपूर्ण कदमों को रेखांकित किया। कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने उक्त सभी को 'एक्सपोज़र और ब्रांडिंग' प्रदान की। तहसीलों में महिला सुरक्षा के लिए 'मिशन शक्ति', कन्या शक्ति वंदन- बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए एक विशेष कार्यशाला भी आयोजित की है।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विजन ही लखीमपुर खीरी का मिशन- डीएम:** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का विजन ही लखीमपुर खीरी का मिशन है। सुशासन सम्मेलन के माध्यम से मा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के विजन को पूरे देश के समक्ष प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ। इसके लिए प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग भारत सरकार का आभार भी व्यक्त किया। बताते चले कि डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल के निर्देशन में मिशन शक्ति के अंतर्गत जनपद की महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान की दिशा में अनके कार्य हो रहे हैं।

## वन्यजीव के हमले से युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के ग्राम मन्नापुर थाना मोहम्मदी में 01 व्यक्ति को बाघ द्वारा हमलाकर मार दिये जाने की सूचना पर तत्काल वनकर्मियों की टीम घटना स्थल पर रवाना हुई। घटना स्थल पर पहुंची टीम ने बताया कि कन्धई लाल पुत्र दुर्जन उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी- ग्राम मन्नापुर को वन्यजीव द्वारा हमलाकर मार दिया गया था। तत्काल क्षेत्र की कॉम्बिंग करायी गयी, कॉम्बिंग में पाया गया कि देवीपुर बीट मोहम्मदी रेंज स्थित घटना स्थल आरक्षित वन क्षेत्र से 01 किमी. हवाई दूरी स्थित है, उपरोक्त घटना बाघ द्वारा कारित की गयी है। वन्यजीव की उपस्थित के दृष्टिगत प्रभावित क्षेत्र में स्थानीय निवासियों को एलर्ट किया गया है। जनमानष से अपील की गयी कि प्रभावित क्षेत्र में अकेले कदापि न जाने की, बच्चों को खेतखलिहान से दूर रखने के साथ सतर्क रहने की सलाह दी गयी। ग्रामीणवासियों के अनुसार उपरोक्त मृतक अपने खेत में सिचांई कार्य के लिए अकेले गया था, जिस पर वन्यजीव ने हमला कर दिया। वन विभाग द्वारा बताया गया कि मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम हेतु प्रभावित क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वनकमियों की टीम बनाकर प्रभावित क्षेत्र में वन्यजीव के मूवमेंट हेतु निगरानी हेतु लगा दी गयी है।

# बेजुबान जानवरों को ईंट-डंडे से पीटने का विरोध करने पर युवतियों ने मालिक को पीटा

- दोनों पक्षों द्वारा आपस में हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल
- पुलिस ने दोनों पक्षों का शांति भंग की धाराओं में किया चालान

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ में एक युवक द्वारा दो युवतियों के पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। वायरल वीडियो मात्र छह सेकंड की है जिसमें युवक द्वारा युवक द्वारा दो युवतियों को डंडे से पीटते हुए दिखाया गया है। कुछ ही देर बाद उसी 6 सेकंड की वीडियो की पूरी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई जो कि लगभग ढाई मिनट की है जिसमें देखा गया है कि दो युवतियों ने पहले बेजुबान पालतू कुत्तों को ईट और डंडे से मारा। जिसके बाद पालतू कुत्तों के मालिक ने युवतियों से जब इस बात का विरोध किया तो युवतियों ने विरोध करने वाले कुत्तों के मालिक को पीटना शुरू कर दिया। बचाव पक्ष में युवक ने दोनों युवतियों को पीट दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मारने पीटने की जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वह लड़ाई लगभग 2 से 3 दिन पहले हुई थी।

**क्या था पूरा मामला:** दरअसल बुजुर्ग पीड़िता सुशीला पत्नी सतीश ने थाना कोतवाली गोला में तहरीर देकर बताया कि 15 नवंबर को 12:00 बजे विपक्षीगण नेहा और अनुराधा ने पीड़िता के मोहल्ला पश्चिमी दिक्षितना स्थित एक प्लॉट पर अवैध कब्जा करने की नीयत से नींव खुदवा रही थी जिस पर पीड़िता ने जब मना किया तो विपक्षी गण पीड़िता पर आमादा फौजदारी होते हुए मारपीट शुरू कर दिया और बाल पड़कर लात घुसो और ईट पत्थर से बुरी तरह पीटा जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई। जिसके बाद पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने कार्यवाही भी की थी।



बुजुर्ग पीड़िता को पीटती युवतियां


पड़ोसी युवक को पीटती युवतियां

बताया जाता है कि बुजुर्ग पीड़िता की मदद में बुजुर्ग के पड़ोसी नागेंद्र वर्मा ने कुछ साथ दिया था जिस पर विपक्षी गण ने रंजिशन नागेंद्र वर्मा और उसके परिवार को परेशान करने के लिए पहले उनके घर के पालतू कुत्तों को ईट डंडे से पीटा इस पर मौके पर मौजूद नागेंद्र वर्मा के पुत्र इशित वर्मा ने विपक्षी गण का विरोध किया जिस पर विपक्षी गण युवतियों ने इशित को पीटना शुरू कर दिया जिस पर बचाव में इशित ने भी विपक्षी युवतियां पर हाथ उठाया। हालांकि सोशल मीडिया पर वायरल हुई पहली वीडियो में युवक द्वारा युवतियों को पीटने की वीडियो वायरल हुई लेकिन कुछ ही देर के बाद जब पूरी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई उसके बाद हकीकत सामने आई। मामले से संबंधित पुलिस ने दोनों पक्षों पर शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया था।

## रामलीला मेले में हुआ रावण वध का मंचन

**सिंगाही खीरी।** कस्बे में चल रहे रामलीला मेले में गुरुवार को रावण वध किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अजय मिश्र टेनी ने तीर चलाकर रावण के पुतले का दहन किया। इसके साथ ही जय श्रीराम के जयकारों से पूरा मैदान गूंज उठा। गुरुवार शाम रामलीला मेले में रावण वध का मंचन नाटक कलाकारों द्वारा किया गया। राम और रावण के बीच काफी देर युद्ध चलता रहा। इसके बावजूद राम रावण को मारने में कामयाब नहीं हो रहे थे। इसके बाद विभीषण ने राम को बताया कि रावण की नाभि में अमृत है। इसी कारण उसकी मृत्यु होना संभव नहीं है। इसके बाद राम ने रावण पर एक साथ कई तीर चलाए। नाभि में तीर लगते ही रावण भूमि पर गिर गया। इतने नाट्य मंचन के बाद मेले में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व सांसद अजय मिश्र टेनी ने रावण के पुतले पर तीर चलाकर उसका दहन कर दिया। श्रीराम के जयकारों से माहौल गूंज उठा। रामलीला में दूर दराज से आए भक्त मौजूद रहे। रावण वध मेला को लेकर प्रशासन की ओर से सिंगाही थानाध्यक्ष अजीत कुमार निघासन थानाध्यक्ष महेश चंद्र, तिकुनिया थाना प्रभारी अमित सिंह पुलिस बल और अग्निशमन की तैनात रहे। इस दौरान पूर्व चेयरमैन प्रदीप पुरवार, डॉ एमआर सेठी, विकर्मेन्द्र भल्ला, राणा प्रताप जंग, मेला महामंत्री प्रवीन शाह, कोषाध्यक्ष अनुराग शुक्ल, सभासद राहुल गुप्ता सहित भारी तादाद में इलाके के लोग शामिल हुए।



# नाराज पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

- पति का कही चल रहा था चक्कर, उसी के चलते हुआ विवाद, पत्नी की हुई मौत

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

थाना खमरिया क्षेत्र के गांव शेर पुर में दिल दहलाने वाला हादसा हो गया। प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी ने अपनी ही पत्नी को मौत के घाट उतार दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार दिनांक 21/11/2024 को थाना खमरिया के शेरपुर निवासी जमुना प्रसाद उम्र 43 वर्ष ने अपनी पत्नी जानकी देवी उम्र 40 वर्ष को मौत के घाट उतार दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि जमुना प्रसाद के दो लड़के तथा एक लड़की है लेकिन फिर भी कही प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसके चलते आए दिन पत्नी से कहा सुनी हुआ करती थी। पत्नी जानकी अपने पति के चाल चलन से नाराज रहा करती थी, जिसके चलते उसी के संबंध में वार्ता होने लगी तो नाराज पति जमुना प्रसाद अपनी पत्नी को बे तरतीब मारने पीटने लगा जिससे अधिक चोट लगने से पत्नी जानकी की मृत्यु हो गई।



> सूचना प्राप्त होते ही मौके पर पुलिस फोर्स सहित पहुंच गया था , वहां उपस्थित लोगों से जानकारी ली गई, शव को कब्जे में लेकर जिला मुख्यालय पी एम के लिए भेजा गया है। आगे की कार्यवाही प्रार्थना पत्र के आधार पर जारी है।
>
> -विवेक कुमार उपाध्याय
> थाना प्रभारी खमरिया

# पलिया चीनी मिल का पेराई सत्र आरंभ, हवन-पूजन के साथ तौल शुरू

**गोला गोकर्णनाथं,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

जनपद की बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया यूनिट का नवीन पेराई सत्र गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ केन कैरियर में गन्ना डालकर शुभारंभ किया गया। चीनी मिल के पुजारी रामेंद्र मिश्र ने यूनिट हेड ओपी चौहान से विधिवत हवन पूजन कराया। इसके पश्चात प्रथम गन्ना गाडी लाने वाले बैलगाड़ी किसान राधेश्याम, ट्रॉली बलजिंदर सिंह को यूनिट हेड ओपी चौहान, पलिया समिति अध्यक्ष अभिषेक अवस्थी, भीरा समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार ने शाल ओढाकर व मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया। उपजिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी यादवेन्द्र यादव, इंस्पेक्टर मनबोध तिवारी, चौकी इंचार्ज उदयवीर यादव, रामकुमार पांडे, हरविंदर सिंह, जवाहर मौर्य, अमीर खान, अवतार सिंह, सुखदेव सिंह, परमजीत खैरा, गुरुविंदर चहल, निर्मल सिंह, रमाकांत, शशि शंकर शुक्ला, महमूद हुसेन,कौरजीत सिंह,सहित सैकड़ो किसानों ने डोगें मे गन्ना डाल कर मिल का शुभारंभ के लिए पूजन अर्चन किया। इस मौके पर जयेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पलिया मिथिलेश पांडे, सचिव देवेंद्र कुमार यादव, सचिव संपूर्णानगर गंगा राम, मुख्य गन्ना अधिकारी संपूर्णानगर उदय भान सिंह, चीनी मिल के अधिकारी हरिपाल सिंह, राजीव तोमर, संजीव कुमार दूवे, संजीव श्रीवास्तव, यूके पांडे, मनोज मिश्र, मोहित अवस्थी, जितेन्द्र सिंह राना, सतीश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।



### एसएमएस पर्ची से ही गन्ना लाएं किसान

**यूनिट** हेड ओपी चौहान ने बताया कि शासन की नीति अनुसार इस वर्ष भी केवल एस एम एस पर्ची की सूचना किसानों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजी जाएगी इस एस एम एस की पर्ची को मिल गेट /वाह्य क्रय केंद्रो गन्ना लाने से पूर्व फोटो पहचान पत्र के साथ दिखाना अनिवार्य होगा। यूनिट हेड ने सभी किसान भाइयों से अपील करते हुए आग्रह किया है की सभी किसान भाई चीनी मिल में बैलगाड़ी /ट्राली वैध तिथि की एसएमएस पर्चियां पर ही गाना लाए। केन हेड राजीव तोमर ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया ।

# विकास खण्ड स्तरीय पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य शिविर/मेले का हुआ आयोजन

**मितौली-खीरी।** मितौली ब्लॉक की ग्राम पंचायत चौगानपुर में विकास खण्ड स्तरीय पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य शिविर/मेले का आयोजन किया गया। मेले में 390 छोटे/बड़े पशुओं को पंजीकरण किया गया। मितौली ब्लॉक की ग्राम पंचायत चौगानपुर मे गुरुवार को विकास खण्ड स्तरीय पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य शिविर/मेले का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला मंत्री भाजपा ब्रजेश सिंह ने गाय को चना गुड़ खिलाकर गौ पूजन किया। शिविर में 390 पशुओं का पंजीकरण किया गया। जिंसमे 328 बड़े पशु, 62 छोटे पशु शामिल है। कार्यक्रम में पशुओं के रखरखाव आदि के बारे में जानकारियां उपलब्ध कराई गई तथा सैकडों पशुओं की जांच व उपचार किया गया। शिविर में 121 पशुओं की सामान्य चिकित्सा, 192 पशुओं का कृमिनाशक दवापान, 04 पशुओं का लघु/माइनर शल्य चिकित्सा, 02 पशुओं का कृतिम गर्भधान किया गया। इस मौके पर पशु चिकित्सक डॉ अनुपम सिंह, डॉ दिलीप कुमार चौधरी, सुधीर तोमर, हरिप्रकाश शुक्ला, सिकंदर सिंह, ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार सिंह, अरविंद सिंह सहित पशुपालक आदि लोग मौजूद रहे।



# राजा राज राजेश्वर सिंह ने किया झंडी मेला का शुभारंभ

- गंगा जमुनी तहजीब के लिए जाना जाता है झंडी राज का मेला

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

झण्डी राज में लगभग 50 वर्ष पूर्व से आयोजित किये जा रहे श्री रामलीला मेले का शुभारम्भ वरिष्ठ भाजपा नेता झंडी स्टेट के राजा राज राजेश्वर सिंह ने ध्वज पूजन कर व फीता काटकर किया। लगभग 50 वर्ष पूर्व से ग्राम झण्डीराज में आयोजित किये जा रहे मेले का शुभारम्भ झण्डी के राजा श्रद्धेय राजा राज ब्रजराज सिंह के संरक्षण में यहां के प्रतिष्ठित व्यक्ति व प्रधान रहे स्व. ठाकुर लक्ष्मण सिंह एवं स्व. महेश प्रसाद मिश्र जिन्हें लोग सम्मान से पण्डित जी कहते थे उसके आयोजन में मुख्य भूमिका निभाते थे। आज यह दोनों लोग ग्राम वासियों के बीच में नहीं है। इनके अतिरिक्त गांव के पूर्व अमीन स्व. इजहर अली ने झण्डी ग्राम में सर्वप्रथम धनुष यज्ञ के रूप में मेले का शुभारम्भ किया था। बीते वर्षो में मेला चला बन्द हुआ लेकिन बाद में नन्द लाल कश्यप ने रामलीला के रूप में मेला चालू करने में एकजुटता दिखाई। तब से मेले का आयोजन हो रहा है। ग्राम स्तर पर आयोजित इस मेले में लगभग 20 वर्ष पूर्व एक कविसम्मेलन का आयोजन किया गया था। उस समय जनपद के तत्कालीन मुख्य विकास अधिकारी आर.बी सिंह एवं तहसील निघासन के तत्कालीन उपजिलाधिकारी कृपा शंकर पाण्डेय के साथ-साथ तहसील ब्लाक स्तर के कर्मचारी मेला मैदान के मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन होकर आयोजित कवि सम्मेलन का आनन्द ले चुके हैं। विगत वर्षों में लखीमपुर के पूर्व जिला पंचायत प्रतिनिधि नरेन्द्र सिंह भी मेले में मुख्य अतिथि के रुप में आ चुके हैं। झंडी मेले को सफल बनाने में झंडी राज परिवार का काफी बड़ा योगदान रहता है व हर वर्ष आयोजित होने वाले इस मेले का शुभारंभ राजा राज राजेश्वर सिंह के द्वारा ही किया जाता है। इस मौके पर पूर्व बीआरसी कैलाश चंद मिश्रा, काजिम हुसैन, रतन सिंह, नंदलाल कश्यप, श्याम कृष्ण मिश्रा, विवेक मिश्रा, सुनील पंत, चंद्रशेखर जोशी, सुरजीत कश्यप, अश्वनी मिश्रा, दिवाकर मिश्रा, शरद मिश्रा, प्रदीप कटारिया, अजीत मिश्रा, उत्तम राजपूत, विकास कश्यप, सुरेश राजपूत, रफत हुसैन, कमलेश कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।




# कार की टक्कर से बाइकसवार युवक घायल, हालत गंभीर

**बिजुआ खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र में बिजुआ हाइडिल के पास बृहस्पतिवार दोपहर भीरा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार आर्टिगा कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। कार और बाइक की टक्कर इतनी तेज थी कि कार और बाइक दोनों क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। भीरा थाना क्षेत्र के गांव दंबल टांडा निवासी किशन पाल बृहस्पतिवार दोपहर घरेलू कार्य से भीरा जा रहा था। बिजुआ हाइडिल के पास गलत दिशा से आ रही तेज रफ्तार आर्टिगा कार ने किशन पाल को सामने से जबरदस्त टक्कर मार दी। बाइक और कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बाइक के परखच्चे उड़ गए। टक्कर लगने से बाइक चालक किशन पाल वहीं गिर गया। राहगीरों और आसपास के लोगों ने तत्काल बिजुआ पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बिजुआ पुलिस टीम ने घायल किशन पाल को एंबुलेंस द्वारा बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए घायल को ओयल ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। कार चालक मौका पाकर कार छोड़कर फरार हो गया।पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है।



# सलीका सीखने की नसीहत पर ट्यूशन लेने बीडीओ कार्यालय पहुंचे दर्जनों पत्रकार

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

खंड विकास अधिकारी ईसानगर प्रदीप चौधरी की बयानबाजी से अक्रोशित दर्जनों पत्रकार बीडीओ से ट्यूशन लेने ईसानगर बीडीओ कार्यालय पहुंचे।

मनरेगा तथा ग्राम निधि में हो रहे भ्रष्टाचार के मामले में खंड विकास अधिकारी ईसानगर प्रदीप चौधरी से क्षेत्रीय पत्रकार ईसानगर प्रभारी ने उनका पक्ष जानने के मामले में गुरूवार को फोन किया। पत्रकार द्वारा प्रश्न पूछने पर बीडीओ ने सलीका सीखने की नसीहत दे डाली। जिसके चलते अंबुज मिश्र सहित अन्य पत्रकारों में आक्रोश देखा गया। ईसानगर क्षेत्र से करीब दो दर्जन पत्रकार खंड विकास अधिकारी कार्यालय पहुंच गए। बीडीओ प्रदीप चौधरी से भष्टाचार के प्रश्नों को पूंछने के सलीके को सीखने की जिद पर अड़े रहे द्य जिसके बाद कायदे मे रहोगे तो, फायदे में रहोगे की तर्ज पर पत्रकार मंडल द्वारा वार्ता की गई। बीडीओ से चली करीब एक घंटे की वार्ता के बाद बीडीओ के खेद प्रकट करने के बाद मामला सुलट सका। बीडीओ प्रदीप चौधरी ने पत्रकारों व आम जनमानस के प्रति अच्छे व्यवहार करने की प्रतिबद्धता प्रकट करते हुए शिष्ट व्यवहार करने का वादा किया।

बीडीओ ईसानगर प्रदीप चौधरी ने कहा इस ब्लॉक को सुधारने ही आए है। हम, आप लोगों का साथ रहा तो कम समय में होगा बेहतर सुधार सहित कार्य, आपलोग अन्य लोगो की तरह ना होकर ईमानदार, निष्ठावान, निष्पक्ष पत्रकारों मे है ये मैने समझा एवं जाना है, आप सभी वरिष्ठ पत्रकारों के सहयोग से मुझे भी सहायता होगी, हम आप सबके सहयोग की अपेक्षा करते है।



# उपकरणों के सहारे दिव्यांगता को देंगे मात

- बीआरसी चहमलपुर में सीडीओ ने 187 दिव्यांग बच्चों को बाटे सहायक उपकरण

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों के सामने दिव्यांगता बाधा न बने। इसके लिए गुरुवार को समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा के तहत एलिम्को कानपुर के सहयोग से ब्लॉक नकहा के बीआरसी चहमलपुर परिसर में शारीरिक, दृष्टि व श्रवण दिव्यांग बच्चों को जरूरत के अनुसार 187 सहयोगी उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीओ अभिषेक कुमार ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने बच्चों अपनी दिव्यांगता को कमजोरी ना समझने तथा अपनी कमजोरी को ही शक्ति बनाने के लिए प्रेरित किया। सरकार अपने सभी सामाजिक दायित्व का निर्वहन कर रही है। यह उसी कड़ी में यह एक कदम है, जिसमें दिव्यांग छात्रों को विशेष उपकरण दिए जा रहे हैं। सरकार के साथ साथ हम लोगों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। इन सहायक उपकरणों से दिव्यांग बच्चों को स्कूल आने में मदद मिलेगी साथ ही स्कूल में ठहराव बढ़ेगा।

बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि विभाग हर हाल में बच्चों की मदद करना चाहता है। इसके लिए उनको उपकरणों का वितरण किया जा रहा है। एलिको कानपुर के विशेषज्ञ ने उपकरण के प्रयोग और रखरखाव की जानकारी दी। कार्यक्रम में सीडीओ अभिषेक कुमार ने दिव्यांग बच्चों को निशुल्क सहायक उपकरण बाटे। जिसे पाकर बच्चे चहक उठे। सभी बच्चों ने उपकरण पाकर खुशी जाहिर की। उन्होंने 11 दिव्यांग बच्चों को ट्राईसाईकिल, 26 व्हीलचेयर, 2 क्रीज, 16 कैलीपर्स, 2 रोलेटर, 1 वॉकिंग स्टिक, 6 सीपी चेयर, 4 सुगमय केन, 7 ब्रेल किट, 79 टीएलएम किट, 32 हियरिंग ऐड्स का वितरण किया। बताते चलें कि एलिम्को कानपुर के सहयोग से बेसिक शिक्षा परिषद के ब्लाक नकहा के विभिन्न विद्यालयों में अध्यनरत करने वाले विद्यार्थियों का पूर्व में परीक्षण किया था। उनकी दिव्यांगता प्रगति में बाधा न बने। इसके लिए जरूरत के अनुसार उपकरणों का चयन किया। जिसे बीआरसी चहमलपुर में बच्चों को वितरित किया गया।



# हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन को गति देगी योगी सरकार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

योगी सरकार महिला सशक्तीकरण की दिशा में लगातार नए आयाम स्थापित कर रही है। प्रदेश में महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन' और 'प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना' को एक नई गति दी जा रही है। इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और आर्थिक सशक्तीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे प्रदेश में सामाजिक और आर्थिक बदलाव की नई राहें खुल रही हैं।

योजना को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए प्रदेश भर में जिलास्तर पर निर्धारित 7 कर्मियों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिसे आगामी एक महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। 'हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन' और 'प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना' जैसी योजनाओं को मजबूती से लागू कर, राज्य सरकार महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में अग्रसर है। 'हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन' को लेकर भारत सरकार द्वारा 2022 में जारी नई गाइडलाइन्स को अपनाते हुए योगी सरकार ने सभी जिलों में सेवा केंद्रों का संचालन सुनिश्चित किया है। इन केंद्रों के माध्यम से महिलाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

**▸ प्रदेश भर में जिला स्तर पर निर्धारित 7 कर्मियों की भर्ती की प्रक्रिया की जाएगी शुरू**



योगी सरकार ने 'हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के माध्यम से महिलाओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की योजनाओं के बारे में जानकारी देने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया को और सुदृढ़ किया है। 'हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन कर्मियों को कौशल विकास, लैंगिक समानता और घरेलू हिंसा से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना में जिलास्तर पर निर्धारित 7 कर्मियों की भर्ती की जानी है। योगी सरकार ने योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 'हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन और पीएमएमवीवाई कर्मियों की नियुक्ति में आउटसोर्सिंग प्रक्रिया अपनाई है। इन कर्मियों की भर्ती में पूर्ववर्ती महिला शक्ति केंद्र योजना तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत कार्य कर चुके कर्मियों को योग्यता व पात्रता के अनुरूप प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।

### जेम पोर्टल के माध्यम से पूरी की जाएगी प्रक्रिया

प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से पूरी की जाएगी, जिससे नियुक्तियों में किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोका जा सके। इसके साथ ही, कर्मियों को उनके कार्य के लिए मानदेय का भुगतान जिला स्तर पर किया जाएगा। प्रदेश में महिला और बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से 2017 से 2024 तक 'प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना' (पीएमएमवीवाई) का संचालन किया गया। मार्च 2024 से इस योजना को बाल विकास सेवा और पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को वित्तीय सहायता प्रदान कर उनके पोषण और स्वास्थ्य का ध्यान रखना है। पीएमएमवीवाई के माध्यम से महिलाओं को 5,000 रुपये की सहायता राशि तीन किस्तों में दी जाती है। इस योजना से लाखों महिलाओं को लाभ हुआ है, जिससे उनकी पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिली है।

योगी सरकार ने इस योजना को लागू करने में पारदर्शिता और कुशलता का विशेष ध्यान रखा है, ताकि हर लाभार्थी तक इसका लाभ पहुंचे। 'हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन' और 'प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना' के माध्यम से योगी सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, और आर्थिक स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने में जुटी है। प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों में इन योजनाओं के साथ-साथ अन्य पहलें भी शामिल हैं, जैसे कौशल विकास केंद्रों की स्थापना, महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना और उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना। योगी सरकार का यह प्रयास महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है।

## आज से देशज में दिखेगा लोक संस्कृति का महाकुंभ, जयवीर सिंह करेंगे उद्घाटन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



सोनचिरैया की स्थापना के चौदह वर्ष पूर्ण होने पर इस साल देशज लोक पर्व का वृहद रूप से 22 और 23 नवम्बर को गोमती नगर के लोहिया पार्क में आयोजित किया जा रहा है। इस महा पर्व की पूर्व संध्या पर गुरुवार 21 नवम्बर को आयोजन स्थल पर कार्यक्रम का पोस्टर, सोनचिरैया की अध्यक्षा डॉ. विद्या बिन्दु सिंह और सचिव मालिनी अवस्थी ने जारी किया।

इस आयोजन का उद्घाटन 22 नवम्बर को प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह शाम चार बजे करेंगे। देशज के लिए पूरा परिसर दुल्हन की तरह सजाया गया है। दूसरी ओर कलाकारों ने गुरुवार को मंच पर पूर्वाभ्यास भी किया। गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में लोकगायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने बताया कि पंजाबी गायक सलीम और मराठी गायक नंदेश उमप के साथ नौटंकी, दिवारी, पाई डंडा, फाग, भाओना, गरुड़न परवा की मनोरंजक प्रस्तुतियां देशज में होंगी। इस बार जहां देशज में उत्तर के असम बॉर्डर से आये कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे वहीं सुदूर दक्षिण में स्थित केरल के कलाकार भी अपनी संस्कृतिक छटा बिखरेंगे।

## खबरें एक नजर में

### मोदी को राष्ट्रपति व योगी को प्रधानमंत्री बनाने की जिद पर अड़े साधु संत



**लखनऊ।** कृष्णा नगर स्थित सहसेवीर मंदिर में 12 वर्षों के लिए साधु संतो ने डेरा डाल दिया है। 5 नवम्बर से 21 नवम्बर तक श्री श्री सूर्य नारायण महायज्ञ का विशाल आयोजन किया जा रहा है। बड़ी भुइयन माता मंदिर सरौरा के संचालक नागा तपस्वी आनंद गिरि महाराज ने बताया कि भारत की अखंडता, संप्रभुता, एकता एवं राष्ट्र धर्म की संस्थापना हेतु भारत में एक राष्ट्र-एक संविधान लागू होने राष्ट्र ऋषि पीएम नरेंद्र मोदी को भारत गणराज्य के राष्ट्रपति बनने एवं श्री गोरक्ष पीठ के पीठाधीश्वर व उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री राजर्षि योगी आदित्यनाथ महाराज को भारत के प्रधानमंत्री बनने तक यह महायज्ञ अनवरत चलता रहेगा। अतः सभी राष्ट्र प्रेमियों, धर्म प्रेमियों एवं साधू-संत पुरोहित प्रेमियों से निवेदन है कि उक्तमहायज्ञ को निर्बाध गति से संचालित करने हेतु हवन सामग्री प्रदान करते रहें। धर्ममूर्ति पंडित लक्ष्मण बालयोगी सूत्रधार, योगी कैलाशनाथ जी महाराज अखाड़ापति श्री शिव-गौरक्ष औघड़ अधोरी समाज अखाड़ा, अवधूत धर्मेंद्र नाथ जी महाराज राष्ट्र पुनर्निर्माण मिशनध्अगस्त क्रांति 2021 हिंदू महापंचायत महायज्ञ में मौजूद रहें।

### बेकाबू ई रिक्शा ने बाइक को मारी टक्कर, मां-बेटा घायल

**लखनऊ।** ई-रिक्शा चालक ने बाइक सवार मां-बेटे को टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बीकेटी के रामसागर मिश्र अस्पताल में भर्ती कराया। इटौंजा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव के मोड़ के सामने लखनऊ-सीतापुर रोड पर दवा लेकर बाइक से वापस लौट सर्वेश और उसकी मां सुमन प्रजापति को विपरीत दिशा से आ रहे ई रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी। दोनों सीतापुर के अटरिया से दवा लेकर वापस आ रहे थे। ई रिक्शा चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। राहगीरों ने इसकी सूचना इटौंजा थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से घायलों को इलाज के लिए रामसागर मिश्र चिकित्सालय ले जाया गया। पुलिस ई रिक्शा चालक की तलाश कर रही है।

### प्रेमी-प्रेमिका ने दी जान देने की कोशिश, प्रेमी की मौत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एक होटल के कमरे में प्रेमी-प्रेमिका ने जान देने की कोशिश की। इसमें प्रेमी की मौत हो गई है, जबकि प्रेमिका बच गई है। प्रेमी ने फांसी लगाकर जान दी। प्रेमिका ने नींद की गोलियों का ओवरडोज ले लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती को हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। पूरा मामला पारा इलाके में स्थित एक होटल का है। दोनों की खोजबीन करते होटल पहुंचे दोस्तों ने घटना की जानकारी पुलिस और परिजनों को दी। पुलिस ने युवती को इलाज के लिए भिजवाया। वहीं, युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों का कहना है कि अभिषेक की शादी तय हो चुकी थी। अगले महीने यानी दिसंबर में शादी होनी थी। इसकी जानकारी पर उसकी प्रेमिका ब्लैक मेलिंग करने लगी थी। वह इस सबसे परेशान हो गया था। इसी वजह रही युवक ने यह कदम उठाया है। पारा डॉक्टर खेड़ा का रहने वाला अभिषेक वर्मा (25) और उसकी महिला मित्र पुरानी डीजल टंकी के सामने होटल क्राउन इन में बुधवार दोपहर पहुंचे थे। देर रात घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने फोन किया लेकिन फोन बंद बताने लगा। खोजबीन शुरू की गई तो दोस्तों ने होटल के सामने बाइक खड़ी देखी। होटल में जाकर पूछताछ की गई तो सामने आया कि वह महिला मित्र के साथ होटल में रुका है। कमरे का दरवाजा न खुलने पर मास्टर की से दरवाजा खोला गया। वहां देखा तो युवक का शव पंखे के सहारे दुपट्टे से लटका था। वहीं, उसकी महिला मित्र बेसुध हालत में बेड पर पड़ी थी।

### बाइक सवार युवक को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने रौंदा, इलाज के दौरान मौत




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई इलाके में बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक चालक को रौंद दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक मौके से वाहन सहित फरार हो गया। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, राम चरन पुत्र स्व. नारायण परिवार संग सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र के बरौना गांव में रहते हैं। रामचरण का बेटा अरविंद कुमार (30) प्रिंटिंग प्रेस में काम कर परिवार का पालन-पोषण करता हैं। वह बीती बुधवार की रात करीब नौ बजे काम खत्म कर वापस अपनी बाइक से घर वापस लौट रहा था। रास्ते में बरौली फाटक से पहले किसी बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली ने चपेट मे ले लिया। अरविंद पांच भाइयों में चौथे नंबर पर था। उसकी पत्नी का नाम पिंकी है और एक दो साल की बेटी है। घटना के बाद परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है।

## कोहरे के कहर से दृश्यता हुई शून्य

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश में सर्दियों ने दस्तक दे दी है। लोगों ने सर्ज कपड़े पहनने भी शुरु कर दिए हैं। सर्द पछुआ हवा और कोहरे की पर्त ने दृश्यता को बिल्कुल शून्य कर दिया है। प्रदेश के अधिकांश इलाकों में बुधवार को दिन और रात दोनों के तापमान में दो से तीन डिग्री तक की गिरावट देखने को मिली। वहीं स्मॉग के चलते अधिकांश इलाकों में सुबह दृश्यता सिमट गई थी। यहां धूप भी काफी देर से निकली थी। गुरुवार सुबह भी राजधानी लखनऊ समेत आसपास के जिलों में घना कोहरा रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया है कि गुरुवार और शुक्रवार को प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में मध्यम से घने कोहरे का असर देखने को मिल सकता है। पछुआ हवा की रफ्तार बढ़ने से मैदानी इलाकों में सर्दी का जोरदार असर रहेगा। कई इलाकों



में कोहरे की धुंध छाई रहेगी। जबकि शनिवार से तेज रफ्तार पछुआ हवा के असर से प्रदेश में धुंध के छंटने के आसार हैं। गौरतलब है कि मुजफ्फरनगर और मेरठ में मंगलवार की रात पारा 10 डिग्री तक लुढ़क गया था। वहीं कानपुर में मंगलवार और बुधवार दोनों दिन दृश्यता शून्य तक पहुंच गई थी। राजधानी लखनऊ समेत बहराइच, मुरादाबाद आदि शहरों में दृश्यता 50 मीटर से भी कम हो गई थी। पश्चिमी यूपी के कई इलाकों में पारा 10 से 13 डिग्री के बीच गिरने से सुबह शाम लोगों को स्वेटर और शॉल की जरूरत महसूस हुई।

## भाजपा सरकार की बंदूक भी नहीं तोड़ सकी पीडीए का हौसला : अखिलेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि नौ सीटो के विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की बंदूक भी पीडीए के लोगों का हौसला नहीं तोड़ सकी।

श्री यादव ने एक्स पर मतदाताओ का आभार जताते हुये पोस्ट किया कि उप्र में नौ विधानसभा के उपचुनाव 'PDA' की एकजुटता, मान-सम्मान और अधिकारों को नकारनेवाली प्रभुत्ववादी भाजपा के खिलाफ़ प्रदेश की 90 प्रतिशत आबादी के चुनाव थे। नकारात्मक भाजपा और उसकी निरंकुश सरकार की तानी हुई बंदूक़ भी पीडीए के लोगों का हैसला न तोड़ सकी। उन्होने कहा कि इसके लिए उप्र



के सभी मतदाता व उम्मीदवार, समस्त पीडीए समाज, इंडिया गठबंधन और समाजवादी पार्टी के बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक के सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और नेताओं के साथ ही वे सभी पत्रकार और न्यूज़ पोर्टल भी बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने साहसी व सकारात्मक पत्रकारिता का उदाहरण पेश करते हुए, लोकतंत्र के सच्चे चौथे स्तंभ के रूप में अपनी सार्थक भूमिका निभाई। सत्य के साथ अपनी आवाज़ मिलाने के लिए सभी 'ईमानदार और सच्चे' अधिकारियों और मीडियाकर्मियों को भी बधाई और दिल से शुक्रिया।

### आउटसोर्सिंग पीडीए के खिलाफ एक आर्थिक साजिश

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अनुबंध (आउटसोर्स) के जरिए विभिन्न पदों पर भर्ती को लेकर उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को घेरने की कोशिश करते हुए इसे 'पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) के खिलाफएक आर्थिक साजिश करार दिया। यादव ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक अखबार में प्रकाशित कथित विज्ञापन की कतरन संलग्न करते हुए कहा कि बेहतर होगा कि भाजपा पूरी की पूरी सरकार ही 'आउटसोर्स कर दे तो उसका एक जगह से ही सारा कमीशन एक साथ 'सेट हो जाए। ऐसा करने से भाजपा को फुटकरमें नौकरी और उसके बहाने आरक्षण को खत्म करने का महाकष्ट नहीं उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हम तो हमेशा से कहते रहे हैं, आज फिर दोहरा रहे हैं-नौकरी भाजपा के एजेंडे में है ही नहीं। सपा प्रमुख ने कहा कि आउटसोर्सिंग पीडीए के खिलाफएक आर्थिक साजिश है। भाजपा इस प्रस्ताव को तत्काल वापस ले और नौकरी-आरक्षण का संवैधानिक हक न छीने। घोर आपत्तिजनक, घोर निंदनीय। पीडीए कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा! यादव ने इस टिप्पणी के साथ एक अखबार में प्रकाशित गोरखपुर नगर निगम के 18 नवंबर को जारी एक कथित विज्ञापन की कतरन संलग्न की है जिसमें अनुबंध के जरिए नायब तहसीलदार और राजस्व निरीक्षक के एक-एक और लेखपाल के पांच पदों पर भर्ती की बात कही गई।

## प्रथम महिला महानिदेशक डीजीएएफएमएस लखनऊ के दो दिवसीय दौरे पर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

पहली महिला महानिदेशक सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (डीजीएएफएमएस) सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन, एवीएसएम, वीएसएम, पीएचएस ने गुरुवार को आर्मी मेडिकल कोर सेंटर और कॉलेज लखनऊ का दौरा किया।

अपनी दो दिवसीय (21-22 नवंबर) दौरे के दौरान, सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन ने एएमसी सेंटर एवं कॉलेज के युद्ध स्मारक श्रद्धांजलि पर युद्ध नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ



एएमसी सेंटर और कॉलेज के कमांडेंट और एएमसी रिकॉर्ड्स के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिंह भी मौजूद थे। सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन ने एक विशेष सैनिक सम्मेलन को भी संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने शांति और युद्धकाल दोनों के दौरान प्रतिबद्धता, उत्साह और समर्पण के साथ उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने पुणे के सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज (एएफएमसी) से रेडियोडायग्नोसिस में एमडी और टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई से रेडिएशन ऑन्कोलॉजी में नेशनल बोर्ड से डिप्लोमेट किया है। उन्होंने पिट्सबर्ग यूनिवर्सिटी यूएसए से गामा नाइफ सर्जरी में प्रशिक्षण भी प्राप्त किया।

## आलमबाग व इंदिरा नगर में डेंगू के सबसे ज्यादा मरीज

### 24 घंटे में मिले 13 नए मरीज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में 24 घंटे के भीतर डेंगू के 13 नए मरीज सामने आए हैं। इसी के साथ जनवरी से अब तक 2500 से ज्यादा डेंगू और 480 मलेरिया के मरीज मिल चुके हैं। स्थलीय निरीक्षण के दौरान सीएमओ की टीम ने 4 लोगों को नोटिस जारी किया है। सीएमओ कार्यालय से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, डेंगू के सबसे अधिक आलमबाग और इंदिरा नगर में मिले हैं। आलमबाग में 4 केस और इंदिरा नगर में 3 केस है। इसके अलावा टुडियागंज में 2, अलीगंज में 2, नवल किशोर रोड पर 1 मरीज मिला है। सीएमओ प्रवक्ता योगेश रघुवंशी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और मलेरिया की टीमों ने 855 घरों के आसपास मच्छरजनित स्थितियों के सर्वे में 2 भवन स्वामियों को नोटिस जारी किया।

## राज्यपाल ने बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

**▸ बच्चों की मुस्कान से बढ़कर कोई उपहार नहीं होता: आनंदीबेन**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने जन्मदिन के अवसर पर राजभवन में बच्चों के साथ समय बिताकर एक अनूठी मिसाल पेश की। उन्होंने बच्चों को भोजन परोसा, उनके साथ हंसी-खुशी के पल साझा किए और उनके सपनों के बारे में जाना।

राज्यपाल ने कहा, बच्चों की मुस्कान से बढ़कर कोई उपहार नहीं होता। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने राज्यपाल को अपने हाथों से बनाई गई पेंटिंग, कार्ड और पत्र भेंट किए। जिसे



देखकर राज्यपाल ने उनकी रचनात्मकता की जमकर प्रशंसा की। इस खास मौके पर राज्यपाल ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनकी शिक्षा और रुचियों पर चर्चा की। यह आयोजन राज्यपाल के सादगी और सेवा भाव का प्रतीक बन गया।

## शुभ ज्वैलर्स के यहां चोरी का पर्दाफाश

**▸ व्यापारियों ने पुलिस टीम को सम्मानित करने का लिया निर्णय**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ के इंदिरा नगर स्थित शुभ ज्वैलर्स की दुकान में हुई चोरी के खुलासे पर व्यापारियों ने पुलिस टीम को बधाई दी है। गुरुवार को आदर्श व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने लखनऊ पुलिस को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। एसोसिएशन ने डीसीपी नार्थ रामनयन सिंह, एडीसीपी नार्थ जितेंद्र दुबे, एसीपी गाजीपुर और इंस्पेक्टर इंदिरा नगर सहित सभी पुलिस कर्मियों की सराहना की। व्यापारियों ने पुलिस टीम की मेहनत को काबिल-ए-तारीफ बताया। एसोसिएशन ने कहा कि पुलिस द्वारा घटना का सफल खुलासे से व्यापारियों ने राहत की सांस ली है। इसके खुलासे के बाद व्यापारी समाज में कानून के प्रति सम्मान बढ़ा है। कार्रवाई से अपराधियों के हौसले पस्त होंगे और व्यापारियों में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सोनी ने घोषणा की कि घटना का सफल खुलासा करने वाले सभी पुलिस कर्मियों को शीघ्र सम्मानित किया जाएगा। व्यापारी एसोसिएशन का मानना है कि इस तरह के प्रयासों से पुलिस और व्यापारियों के बीच विश्वास मजबूत होता है।

## आज पूरे शहर के ट्रैफिक में रहेगा डायवर्जन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

पंजाबी इंडस्ट्री के मशहूर सिंगर और बॉलीवुड एक्टर दिलजीत दोसांझ कल यानि 22 नवंबर को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में परफॉर्म करने वाले हैं। दिलजीत के लाइव कॉन्सर्टस में लोग उनके इशारों पर चकरघिन्नी की तरह नाचते हैं। इकाना स्टेडियम में होने वाले इस कॉन्सर्टस में बड़ी आबादी हिस्सा लेगी। जिसके जलते लोगों को यातायात में बड़ी परेशानी झेलनी पड़ सकती है। यह स्टेडियम के रास्ते से गुजरने वालों को भी नहीं छोड़ेगा।

बता दें कि आयोजन स्थल के आसपास और शहीद पथ पर कार्यक्रम के दिन बड़ा यातायात डायवर्जन किया गया है। इससे शहरी बिना वजह परेशान होते नजर आएंगे। इसकी खबर मिलते ही वहां के प्रतिष्ठान संचालकों ने सवाल उठाया है कि किसी गायक या फिल्मी कलाकार की व्यावसायिक गतिविधि के लिए आम नागरिकों को परेशानी में क्यों डाला जा रहा है?

गौरतलब है कि कल दोपहर एक बजे से देर रात तक कार्यक्रम चलेगा। कॉन्सर्ट की समाप्ति तक डायवर्जन लागू रहेगा। ट्रैफिक पुलिस ने भी कार्यक्रम स्थल के आसपास कई तरह की पाबंदियां लगाई हैं। जिसके चलते वहां से गुजरने वालों और इलाके के लोगों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। जिससे नाराज होकर




स्थानीय निवासियों का कहना है कि दिलजीत दोसांझ के कार्यक्रम से आम जनता को कोई लाभ नहीं है। फिर जनता डायवर्जन का दर्द क्यों झेले? आपको यह भी बताते चलें कि दिलजीत दोसांझ के कार्यक्रम के लिए सुरक्षा व्यवस्था के भी कड़े इंतजाम किए गए हैं। हालांकि, पुलिस इसके लिए अपनी फीस लेगी। जिसका एस्टीमेट तैयार कर मुख्यालय भेज दिया गया है। सुरक्षा के लिहाज से ही आवागमन परिवर्तित किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान शहीद पथ पर सिटी बसें चलेंगी, लेकिन हुसड़िया और सुशांत गोल्फसिटी के बीच नहीं रुकेंगी। इस दौरान बसों में सवारी बैठाने और उतारने की अनुमति नहीं होगी। इतना ही नहीं पब्लिक ट्रांसपोर्ट के अन्य वाहनों के लिए भी डायवर्जन लागू किया गया है। सभी छोटे-बड़े व्यवसायिक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी । हालांकि, वैकल्पिक मार्ग खुले रहेंगे जिनसे आवागमन किया जा सकेगा। निजी वाहनों और किराये की टैक्सी आदि पर रोक नहीं होगी। बता दें कि किसी भी दशा में अहिमामऊ से 500 मीटर की परिधि में सवारी न उतारेंगे और न ही बैठाएंगे।

**राहत** | उत्तर प्रदेश में लहसुन की खेती को प्रोत्साहित करने की कवायद तेज

# यूपी में लहसुन किसानो को लागत का 40 फीसद अनुदान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश में लहसुन की खेती को प्रोत्साहित करने के लिये सरकार किसानो को लागत का 40 फीसदी अनुदान दे रही है।

अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि देशी लहसुन के उत्पादन से मांग और आपूर्ति में संतुलन रहने पर कीमतें काबू में रहेंगी। ऐसे में चीन के जरिए तस्करी आने वाले लहसुन की इंट्री अपने आप बंद हो जाएगी। चूंकि भारत लहसुन का निर्यात भी करता है। ऐसे में उत्तर प्रदेश के किसानों को भी निर्यात की संभावनाओं का लाभ मिलेगा।

इस साल ही लहसुन 400 रुपए प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड भाव पर बिका। लहसुन की मंहगाई की वजह से आम आदमी की भोजन की लज्जत प्रभावित न हो इसके लिए योगी सरकार

**▸ चीन से तस्करी के जरिए आने वाले लहसुन की इंट्री होगी अपने आप बंद**

एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत विशेष योजना के तहत लहसुन की खेती को बढ़ावा दे रही है।

योजना के तहत प्रदेश में प्रति हेक्टेयर 30 हजार रुपये की अनुमान्य इकाई लागत तय की गई है। इसमें किसानों को प्रति हेक्टेयर अधिकतम 12 हजार रुपये (40 फीसद)का अनुदान दिया जाएगा। योजना के तहत करीब 10 हजार हेक्टेयर अतिरिक्त रकबे पर किसानों को लहसुन की खेती को विस्तार देना है। किसी भी फसल की उत्पादकता में गुणवत्तापूर्ण बीज का योगदान करीब 25 फीसद होता है।



इसीलिए सरकार ने फैसला लिया है कि किसानों को बीज राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, (नई दिल्ली) द्वारा किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। एक किसान न्यूनतम 0.2 हेक्टेयर और अधिकतम 4.0 हेक्टेयर तक लहसुन की खेती पर योजना का लाभ ले सकता है। बीज की कीमत 370 से 390 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच रखी गई है।

किसान इस योजना का लाभ प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक किसानों को अपने जनपद के जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में संपर्क करना होगा।

परंपरागत रूप में उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर लहसुन की खेती मध्य प्रदेश और राजस्थान से लगे कुछ जिलों में होती है। सरकार ने इसे विस्तार देते हुए 45 जिलों को खेती के लिए चुना है। इन जिलों में सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बुलन्दशहर, गाजियाबाद, बरेली, मुरादाबाद, आगरा, मथुरा, मैनपुरी, हाथरस, कानपुर, इटावा, कन्नौज, लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, रायबरेली, बाराबंकी, सुल्तानपुर, प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, बलिया, कुशीनगर, महराजगंज, बांदा, हमीरपुर, जालौन, चित्रकूट, महोबा, ललितपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र, भदोही, गोरखपुर, झांसी, अयोध्या एवं फर्रूखाबाद शामिल हैं।

इस योजना में आने वाले खर्च का 60 फीसद केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य सरकार वहन करेगी।

उल्लेखनीय है कि अक्टूबर के लास्ट से नवंबर तक लहसुन की बुआई की जाती है। बुआई के करीब दो से तीन हफ्ते में इसकी पत्तियां इस्तेमाल योग्य हो जाती है। अगले दो तीनमहीने तक मन करे तो इन पत्तियों का चटनी बनाएं या तड़के के लिए इस्तेमाल करें। फसल परिपक्व होने पर इसके बल्ब का कायदे से भंडारण कर साल भर इसका उपयोग कर सकते हैं। इसका आचार और पेस्ट भी बनाया जा रहा सकता है।

## मिट्टी धंसने से तीन मजदूर दबे, लोगों की मदद से पुलिस ने किया रेस्क्यू, हालत गंभीर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ में निर्माणाधीन मकान में बड़ा हादसा हो गया। बेसमेंट बनाने के लिए की जा रही खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से तीन मजदूर दब गए। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना नाका हिंडोला थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर की है। सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद तीनों मजदूरों को मलबे से बाहर निकालकर तुरंत बलरामपुर अस्पताल भेजा गया।

फिलहाल मौके पर पुलिस बल तैनात है और घटना की जांच जारी है। प्राथमिक जांच में बेसमेंट की बेतरतीब खुदाई को दुर्घटना की वजह माना जा



रहा है। पुलिस मामले में संबंधित ठेकेदार और मकान मालिक से पूछताछ कर रही है। महिला मजदूर जानकी ने बताया कि हम कुल 8 लोग बेसमेंट की खुदाई कर रहे थे। कई फीट गहरा गड्ढा था। इस दौरान एक किनारे से मिट्टी ढह गई। मैं किनारे थी। बच गई, लेकिन फूलमती, सरोज और दयालु मिट्टी में दब गए। घटना के बाद मजदूरों और आस-पास के लोगों ने तीनों को मिट्टी के ढेर से बाहर निकाला। सरोज और फूलमती बेहोश हो गई थीं। पुलिस तीनों को बलरामपुर अस्पताल ले गई है। जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रारंभिक जांच में निर्माण कार्य में लापरवाही की बात सामने आ रही है। मजदूरों के पास कोई सुरक्षा उपकरण नहीं थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

# बजाज चीनी मिल कुन्दुरखी के पेराई सत्र का शुभारम्भ



गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड कुन्दुरखी के पेराई सत्र 2024-25 का शुभारम्भ गुरूवार को विधायक तरबगंज प्रतिनिधि व ब्लाक प्रमुख मनोज पाण्डेय, विक्रमजोत केन सोसायिटी के चेयरमैन अरविन्द सिंह, करनैलगंज केन सोसायिटी के चेयरमैन चन्द्रेश प्रताप सिंह, गोंडा केन सोसायिटी के चेयरमैन भारत सिंह, नवाबगंज केन सोसायिटी के चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह, बहराइच के पूर्व केन सोसायिटी चेयरमैन राघवेन्द्र प्रताप सिंह, यूनिट हेड पी.एन. सिंह एवं जोनल एच.आर. हेड एन.के. शुक्ला ने विधि-विधान व वैदिक मंत्रोचार से पूजा अर्चना कर डोंगे में गन्ना डालकर किया। इसके पूर्व चीनी मिल परिसर में 20 नवम्बर को अखंड श्रीराम चरित मानस पाठ का आयोजन हुआ किया गया।

जिसका अयोध्या से पधारे आचार्य डा. अखिलेषश्वेदान्ती व चीनी मिल के पुजारी आचार्य अनिल कुमार ने विधि-विधानपूर्वक 21 नवम्बर को समापन कराया। महाप्रबन्धक गन्ना डा. ए.के. तिवारी एवं महाप्रबन्धक इंजीनियरिंग जगजीत सिंह ने चीनी मिल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नारियल फोड़कर, कॉटें पर गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली एवं ट्रक की पूजा किया। समारोह के दौरान यूनिट हेड पी.एन. सिंह ने कहा कि बजाज चीनी मिल किसान हितों के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। किसान हितों को ध्यान में रखते हुए विगत पेराई सत्र के बकाया धनराषि का सम्पूर्ण भुगतान शीघ्र ही करा दिया जायेगा। जोनल एच.आर. हेड एन.के. शुक्ला ने अतिथियों व किसानों का आभार प्रकट करते हुए अपील किया कि सभी लोग मिल संचालन में चीनी मिल प्रबन्धन का सहयोग करें।

उन्होंने आश्वस्त किया कि पेराई के दौरान कृषकों को अपना गन्ना बेचने में किसी भी प्रकार की समस्या आने नहीं दी जायेगी।

इस मौके पर सपा नेता सूरज सिंह, चारों गन्ना समितियों के सचिवगण, चीनी मिल के उत्पादन प्रमुख आमोद विष्नोई, वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक (आई.टी.), प्रदीप कुमार, उप महाप्रबन्धक (वित्त व लेखा) एस.एन. शुक्ला, प्रबन्धक (वित्त व लेखा) राजीव पाण्डेय, वरिष्ठ प्रबन्धक (क्यू.सी.) मनोज सिंह सहित चीनी मिल परिक्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य कृषकगण मौजूद रहे।

# डीएम की सख्ती से गोवंश संरक्षण अभियान में आई तेजी

- तीन महीने में 2355 निराश्रित गोवंशों का संरक्षण सुनिश्चित
- नगर पंचायतों में अधिकारियों की धीमी प्रगति पर डीएम ने जताई नाराजगी



गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

जिले में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण को लेकर जिलाधिकारी नेहा शर्मा की सख्ती के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है। बीते तीन महीनों में कुल 2355 निराश्रित गोवंशों का संरक्षण सुनिश्चित किया गया है। अगस्त में 621, सितंबर में 835 और अक्टूबर में 502 गोवंशों का संरक्षण किया गया। 1 नवम्बर से 19 नवम्बर तक 397 निराश्रित गोवंशों को निकट की गोशालाओं में संरक्षित किया गया है। सिर्फ यही नहीं, जिलाधिकारी नेहा शर्मा की पहल के बाद जिले में गोवंश संरक्षण के अभियान में जबरदस्त सफलता मिली है। उन्होंने जनपद के शस्त्र धारकों से गोवंशों का संरक्षण करने की अपील की थी, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया है। अब तक शस्त्र धारकों ने 2000 से अधिक निराश्रित गोवंशों को गोद लिया है और उन्हें सुरक्षित गोशालाओं में संरक्षित किया है।

## आम जनता से भी अपील, इन नंबरों पर करें कॉल

निराश्रित गोवंश संरक्षण के इस अभियान को सफल बनाने के लिए आम जनता से भी सहयोग करने की अपील की गई है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालयों के नंबर (9838178789 और 05262232367) जारी किए गए हैं। जनपदवासी इन नंबरों पर फोन करके निराश्रित गोवंशों के बारे में जानकारी प्रदान कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि गोंडा जिले को गोवंश संरक्षण में एक उदाहरण बनाने का लक्ष्य है। सभी विभागों को समन्वय बनाकर काम करने और गोवंश संरक्षण की प्रगति को समय-समय पर रिपोर्ट करने का आदेश दिया गया है। जिलाधिकारी ने आम जनता से अपील की है कि वे गोवंश संरक्षण के प्रति जागरूक रहें और सहयोग करें। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल पशुओं की सुरक्षा के लिए है, बल्कि पर्यावरण और समाज के लिए भी आवश्यक है।

**लापरवाही पड़ सकती है भारी:** जनपद में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण के लिए संचालित अभियान को लेकर अभी भी लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के प्रति जिलाधिकारी का सख्त रुख जारी है। जिलाधिकारी ने विकास खंड बेलसर, छपिया, बभनजोत और पण्डरी कृपाल में खंड विकास अधिकारियों और पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा संतोषजनक कार्य न करने पर नाराजगी जताई है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को नियमित निरीक्षण और तेजी से कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

नगर पंचायत खरगूपुर, धानेपुर, परसपुर, तरबगंज और बेलसर में गोवंश संरक्षण कार्य की धीमी प्रगति को लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों से जवाब तलब किया है। उन्होंने समयबद्ध रूप से बेघर गोवंशों के संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में किशोर सहित दो की मौत





- मौत की सूचना मिलते ही मृतक की पत्नी अनीता हो गई बेहोश

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र में अलग-अलग हुई सड़क दुर्घटना में एक किशोर सहित दो की मौत हो गई। वहीं दोनों के मौत की सूचना मिलते ही उनके परिवारों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के मुताबिक पहली दुर्घटना कटी तिराहे की है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के लौव्वाबीरपुर गांव के मजरा नई बस्ती निवासी विशाल (17) पुत्र सरजू प्रसाद क्षेत्र के नगवा गांव में बाबा ज्ञानदास पुरवा स्थित अपने ननिहाल गया था। रात में करीब 11ः30 बजे वहां से बाइक से घर वापस लौट रहा था। इस दौरान कटी तिराहे पर उसे अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे स्थानीय सीएचसी लेकर गये जहां चिकित्सक ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजन युवक को कस्बे एक निजी अस्पताल में ले गये जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जन्मदिन के दिन ही युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।युवक की मां कुसुमा को क्या पता था कि जिस बेटे का वह जन्मदिन मना रही है उसका आज आखिरी दिन है। बेटे की मौत के बाद मां बदहवास है। मृतक के पिता सूरत में मजदूरी करते हैं। मृतक कस्बे में एक किराने की दुकान पर नौकरी करता था। उससे छोटी दो बहनें गुड़िया (15),प्रिया (12)और एक छोटा भाई शनी (09) वर्ष का है। वहीं दूसरी दुर्घटना थाना क्षेत्र के पर्वती गांव के उत्तर गंगा पुल के पास की है।

जहाँ अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि हरिवंशपुर गांव के रमई पुरवा मजरे का रहने वाला युवक श्याम लाल चौहान (35) पुत्र कोमल चौहान ट्रैक्टर चालक था। मंगलवार की देर शाम वह मोफिया गांव से बाइक से घर वापस लौट रहा था कि रास्ते में उत्तर गंगा पुल के पास उसे किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन बाइक से उसे लेकर स्थानीय सीएचसी पहुंचे, जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही मृतक की पत्नी अनीता बेहोश हो गई। मृतक की तीन संतानों में सबसे बड़ा बेटा कलदेव (14),कल्लू (12) और 08 वर्षीय पुत्री शिवानी है। दोनों दुर्घटनाओं के संबंध में प्रभारी निरीक्षक निर्भय नरायन सिंह ने बताया कि मृतकों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# फ्रांस के विदेशी पर्यटक को जंगल सफारी के दौरान दिखा बाघ

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में इन दिनों पर्यटकों को वन्य जीवों का दीदार खूब हो रहा है। पर्यटक जंगल सफारी के दौरान बाघ, तेंदुआ, हाथी, चीतल, और एक से बढ़कर एक दुर्लभ पक्षियों का दीदार कर रोमांचित हो रहे हैं। रविवार को फ्रांस से आए पर्यटक को बाघ दिखा। बहराइच के रहने वाले पर्यटक आशियान खान अपने साथी व फ्रांस से आए विदेशी पर्यटक के साथ कतर्नियाघाट घूमने पहुचे। जहां उन्होंने सुबह जंगल सफारी के दौरान बाघ और दुलर्भ पक्षियों को देखने का मौका मिला। जिनकी तसवीर उन्होंने अपने डीएसएलआर कैमरे में कैद कर ली। उन्होंने मीडिया से तसवीर साझा करते हुए अपना अनुभव भी साझा किया और बताया कि कतर्नियाघाट में पर्यटकों कर लिए बहुत कुछ है बस वह धैर्य रखकर जंगल सफारी करें।

## पुलिस ने इनामिया वांछित हत्याभियुक्त को किया गिरफ्तार, आलाकत्ल चाकू बरामद



गोंडा ,समृद्धि न्यूज़। पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय में पंजीकृत मु0अ0सं0-272/2024, धारा 103(1) बीएनएस से सम्बन्धित 15 हजार रूपए का इनामिया हत्याभियुक्त- 01. अनिल उर्फ मो0 अनश पुत्र मो0 सलमान निवासी ग्राम पुरैनी थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी को लोलपुर पुल के पास से गिरफ्तार कर उसके निशानदेही से आलाकत्ल चाकू बरामद किया गया।

# ट्रैक्टर की टॉपलिंग व पटरे के बीच दबकर पूर्व प्रधान के बेटे की मौत

- परिजनों में कोहराम, गांव में शोक का माहौल



कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अपने ही दरवाजे पर ट्रैक्टर की टॉपलिंग व पटरे के बीच दबकर पूर्व प्रधान के बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। इसकी जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक कर्नलगंज कोतवाली के भंभुआ क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत राजेपुर मलौली के पूर्व प्रधान दुःखहरन सिंह के बेटे कृष्ण प्रताप सिंह उर्फ मोनू सिंह अपने दरवाजे पर हैरो खोलते समय हायड्रोलिक उठाए और ऊपर दोनों मेडिगॉड को जोड़ते हेतु पटरा लगाए थे,इसी दौरान अनहोनी के चलते वह टॉपलिंग और पटरे के बीच दब गए। बताया जा रहा है कि उस वक्त मौके पर कोई दूसरा व्यक्ति भी नहीं था जो उनकी मदद कर सके। कुछ देर बाद किसी ने आकर देखा और दौड़कर हायड्रोलिक नीचे किया,लेकिन तब तक उसमें दबकर वह दम तोड़ चुके थे। कृष्ण प्रताप सिंह के आकस्मिक निधन से परिजनों में कोहराम मचा है। वहीं गांव में शोक का माहौल है।

# खाद की कालाबाजारी करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे: डीएम



गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी के नेतृत्व में गोंडा जिले में खाद की अवैध बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। विकासखंड छपिया में खाद के अवैध भंडारण और बिक्री के लिए संबंधित कारोबारियों के खिलाफ एफआईआर छपिया थाने में दर्ज कराई गई है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने स्पष्ट किया कि गोंडा जिले में खाद की पर्याप्त उपलब्धता है और किसानों को परेशान होने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि खाद की कालाबाजारी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उनकी प्राथमिकता किसानों के हितों की रक्षा करना है और इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर कड़ा अंकुश लगाना है। जिलाधिकारी के निर्देश पर बुधवार की शाम छपिया के ग्राम सकदरपुर में मे. सतीश खाद भंडार उर्वरक विक्रेता के यहां छापेमारी की गई। जिला कृषि अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि छापेमारी के दौरान गोदाम में 51 खाली बोरी इफको ब्रांड तथा 1 सिलाई मशीन और इलेक्ट्रिक माप मशीन पाई गई, जबकि मे. सतीश खाद भंडार फुटकर उर्वरक विक्रेता इफको उर्वरकों के बिक्री हेतु अधिकृत नहीं है। दुकान पर मौजूद संदीप कुमार पूछताछ के दौरान मौके से फरार हो गए। इस दौरान इफको ब्रांड डीएपी की 110 बोरी, ग्रोमोर ग्रोप्लस ब्रांड एसएसपी दानेदार की 123 बोरी, डबल हार्स ब्रांड एसएसपी दानेदार की 6 बोरी और आईपीएल ब्रांड एमओपी की 1 बोरी मौके पर मिली। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि इस स्थिति में संदिग्ध स्टॉक इफको डीएपी ब्रांड से 2 नमूने और अन्य स्टॉक से 1-1 नमूना कुल 5 नमूने लेकर दुकानदार/विक्रेता सतीश कुमार के उपरोक्त उर्वरक स्टॉक को सीज कर लिया गया और अग्रिम आदेशों तक बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया। दुकान को सील कर दिया गया और सुरक्षा व्यवस्था के लिए दुकानदार की अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया गया। सतीश कुमार और उनके भाई संदीप कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## 6,412 मेट्रिक टन फास्फेटिक उर्वरक उपलब्ध

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि वर्तमान रबी सीजन 2024 में अब तक फास्फेटिक उर्वरकों (ष्क्र-हक्क) की कुल उपलब्धता 12,483 मेट्रिक टन है, जिसमें से 6,071 मेट्रिक टन का वितरण कृषकों में किया जा चुका है। जनपद में 6,412 मेट्रिक टन फास्फेटिक उर्वरक वितरण से अवशेष है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को ही 866 मेट्रिक टन फास्फेट उर्वरक जनपद को प्राप्त हुआ है। इसकी निजी एवं सहकारी क्षेत्र में आपूर्ति की जा रही है।

# बालिका विहान विद्यालय की छात्राएं बोली, लोगों को करेंगे जागरूक




बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

इंडियन यूथ फोरम उत्तर प्रदेश और अहमद सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वधान में विहान बालिका विद्यालय में बाल दिवस सप्ताह के अवसर पर बाल संवाद कार्यक्रम का अयोजन हुआ। बाल संवाद का उद्देश्य यह है कि बच्चों की बात सुनना है वो क्या चाहते है , वो अपने समाज में , अपने आसपास में ,अपनी शिक्षा में तथा अपने पर्यावरण को लेकर क्या सोच विचार रखते है और क्या सकारात्मक बदलाव लाना चाहते है।बाल संवाद करने का उद्देश्य यह भी है बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा, बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूकता और बच्चों के कल्याण की तरफ ध्यान आकर्षित हो ताकि हम एक बेहतर समाज, एक बेहतर देश,एक बेहतर दुनिया बच्चों के लिए बनाएं। अहमद सेवा संस्थान के सचिव अब्दुल कदीर ने बताया कि बाल संवाद बच्चों के अधिकारों की वकालत करने का भी एक माध्यम है। बच्चों के भी कुछ अधिकार है जो भारत सरकार द्वारा दिए गए हैं . 6 से 14 साल के सभी बच्चों के लिए निशुल्क और अनिवार्य प्रारंभिक शिक्षा का अधिकार, किसी भी खतरनाक रोजगार से सुरक्षा का अधिकार,बचपन की देखभाल और शिक्षा का अधिकार, स्वास्थ्य तरीके से विकसित होने के लिए समान अफसरों और सुविधाओं का अधिकार, स्वतंत्रता और गरिमा का अधिकार और शोषण के खिलाफ बचपन और युवाओं की गारंटीकृत सुरक्षा का अधिकार कार्यक्रम में अहमद सेवा संस्थान की ब्लाक समन्वयक तारा ने बच्चों से बाल वलिकारों की चर्चा करते हुए बाल विवाह न करने तथा न होने देने के लिए संवाद करते हुए बालिकाओं से 18 वर्ष की आयु से पहले विवाह न करने के लिए जागरूक किया।

# अपनी मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने किया चक्का जाम

- एसडीएम कैसरगंज का तालिबानी रवैया के खिलाफ अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन



कैसरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।

उपजिलाधिकारी कैसरगंज के तालिबानी रवैया के विपरीत लामबंद अधिवक्ताओं ने पूर्व सूचना के आधार पर कैसरगंज मुख्य बाजार तहसील परिसर के सामने चक्का जाम कर आंदोलन प्रदर्शन किया। अधिवक्ता संघ कैसरगंज ने 17 सितंबर से कैसरगंज उपजिलाधिकारी के अमर्यादित आचरण व गलत व्यवहार की भाषा से छुब्ध होकर न्यायालय का बहिष्कार कर दिया था, जो भी अनवरत 2 माह से अधिक आज भी जारी रहा। अधिवक्ता संगठन की उपजिला अधिकारी आलोक प्रसाद पर शासन द्वारा उचित कार्यवाही न किए जाने के विरोध में आज मुख्य मार्ग स्थित रोड पर पूर्व सूचना के आधार पर अधिवक्ता संघ ने लामबंद होकर चक्का जाम किया। अधिवक्ताओं के चक्का जाम से यातायात व आवागमन अचानक से पूर्ण रूप से बाधित हो रहा, लेकिन अधिवक्ताओं ने मानवीय दृष्टिकोण के आधार पर जाम में फासी एंबुलेंस को लगातार रास्ता देकर अपनी मानवीय संवेदना का प्रदर्शन किया।

यातायात के आवागमन को बाधित देखकर एक बार प्रशासन के तो हाथ पैर फूल गए, मौके पर पुलिस विभाग के पुलिस क्षेत्र अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने अधिवक्ताओं से जाम खोलने का अनुरोध किया, लेकिन लामबंद अधिवक्ता अपने मांगों में उपजिलाधिकारी के खिलाफ कार्यवाही को लेकर डटे रहे। आधे घंटे के चक्का जाम में कैसरगंज मुख्य बाजार में यातायात व अन्य व्यवस्था को लेकर अफरा तफरी का माहौल रहा।

मौके पर कैसरगंज थाने की पुलिस व अन्य थानों की पुलिस एवं भारी पुलिस सुरक्षा बल मौजूद रहा। इस मौके पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष बृजेश प्रसाद मिश्रा, महामंत्री ज्ञान बाबू वर्मा, पूर्व अध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह, विनोद कुमार सिंह, नसीब अहमद खां, अखिलेश यादव, जियाउद्दीन कादरी, आसिफ इकबाल, वीरेश सिंह, संतोष सिंह, वीरेंद्र कुमार अवस्थी, संदीप कुमार तिवारी, सहीम अहमद, अनवर अहमद आदि सहित सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।



## होटल से मुक्त कराए गए छह बाल श्रमिक

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। श्रावस्ती बहराइच मार्ग पर स्थित होटलों पर काम करने वाले छह बाल श्रमिकों को श्रम अधिकारी ने छुड़वाया। इसके बाद उनका स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद घर के लोगों को सौंप दिया गया।बहराइच के श्रावस्ती मार्ग पर रत्नापुर में काफी संख्या में बाटी चोखा की दुकान का संचालन होता है। यहां पर बच्चों से काम लिया जा रहा है। इसकी जानकारी होने पर श्रम अधिकारी सूरज तिवारी, दरगाह पुलिस और एसकेयू टीम ने जांच की। जांच के दौरान होटल पर काम करने वाले छह बाल श्रमिकों का रेस्क्यू कराया गया। रेस्क्यू टीम ने बच्चों को होटल से मुक्त कराया। इसके बाद सभी को जिला अस्पताल में लेकर आई। यहां पर उनका स्वास्थ्य जांच हुआ। फिर सभी बच्चों को उनके माता पिता के सुपुर्द कर दिया गया। श्रम अधिकारी ने बताया कि अगर होटल या किसी अन्य प्रतिष्ठान पर बच्चे काम करते पाए गए तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## शिक्षक समस्याओं को लेकर बीईओ से मिला राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ

बहराइच समृद्धि न्यूज़। ब्लॉक अध्यक्ष मिथिलेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इकाई फखरपुर ने शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं को लेकर खण्ड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार से मुलाकात किया। समस्याओं के उचित निवारण के लिए वार्ता किया। मौसम में हुए अचानक परिवर्तन और घने कोहरे के कारण शिक्षकों की सुरक्षा के दृष्टिगत बीईओ का ध्यान आकृष्ट कराते हुए ब्लॉक अध्यक्ष मिथिलेश कुमार मिश्र ने 10 बजे के बाद निरीक्षण करने का अनुरोध किया। चर्चा के दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष शाश्वत कलहंस ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाने के लिए आग्रह किया। शिक्षकों के चयन वेतनमान से संबंधित लंबित फाइलों के जल्द निस्तारण के लिए महामंत्री उमेश कुमार ने तथा संगठन मंत्री प्रेम कुमार अवस्थी ने एफएलएन प्रशिक्षण के भत्ता के भुगतान की मांग किया। सभी बिंदुओं पर खंड शिक्षा अधिकारी ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अरुण अवस्थी, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष शशांक सिंह, शिरीष श्रीवास्तव व प्रदीप तिवारी, मंत्री माधव सिंह, अनुभव मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, संजय सिंह पाल, रवींद्र कुमार मिश्र आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार घायल, जिला अस्पताल रेफर



बहराइच समृद्धि न्यूज़।

फखरपुर थाना क्षेत्र के रुकनापुर में कार ने बाइक में ठोकर मार दी। जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को एन एच एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज में भर्ती कराया गया। यहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रमोद त्रिपाठी पुत्र राम प्रसाद त्रिपाठी उम्र 48 वर्ष निवासी परासनपुरवा नकौड़ा थाना फखरपुर अपनी बाईक से कुंडासर की तरफ से रुकनापुर आ रहे थे कि उसी तरफ से आ रही कार ने टक्कर मार दी जिससे बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया घायल प्रमोद त्रिपाठी को ग्रामीणों की मदद से एन एच एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज ले जाया गया जहां पर उनकी हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया है।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे कुंडासर चौकी प्रभारी शैलेन्द्र शर्मा ने बताया की कार को जब्त कर लिया गया है। चालक मौके से फरार है, तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# किसानों की समस्याओं का समयबद्धता के साथ करें निस्तारण: सीडीओ

- समूहों के माध्यम से कृषि आधारित अन्य व्यवसाय अपनाने को किसानों को दी गयी सलाह



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस एवं कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि एफपीओ संतृप्तिकरण अभियान के अन्तर्गत एफपीओ को विभिन्न प्रकार के लाइसेंस दे दिये गये है। उन्हें नये-नये व्यवसाय अपनाने का सुझाव दिया।

सीडीओ ने गत बैठक में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की बिन्दुवार समीक्षा की तथा निर्देश दिया कि जो भी किसानों की शिकायते प्राप्त हो सम्बन्धित अधिकारी समबद्ध उसका निस्तारण सुनिश्चित करें तथा आख्या समय से उप निदेशक कृषि को संकलन हेतु उपलब्ध करा दें तथा बैठक में आख्या सहित उपस्थित रहे। सीडीओ ने जनपद के उपस्थित किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कामन सर्विस सेण्टरों पर जाकर करवाने का निर्देश दिया। उन्होनें बताया कि फार्मर रजिस्ट्री बनवाने से किसान के सभी गाटों का रिकार्ड तैयार होगा। राज्य सरकार एवं भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में आवश्यकता के क्रम में अलग से खतौनी की समस्या समाप्त होगी।

सीडीओ ने बताया कि 25 नवम्बर तक किसान स्वयं अपनी फार्मर रजिस्ट्री करा सकेगें। 25 नवम्बर के बाद कृषि विभाग, राजस्व विभाग, मनरेगा, पंचायत सहायक की ड्यूटी लगाकर तथा कैम्प आयोजन कराकर शत प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जायेगी। सीडीओ उपस्थित कृषक उत्पादक संगठनों को निर्देश दिया कि प्रत्येक एफपीओ के पास 100 से 1000 कृषक जुड़े हुए है वे 25 नवम्बर तक अपने सदस्यों की फार्मर रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करे। उप कृषि निदेशक टी.पी. शाही ने सभी उपस्थित किसानों तथा एफपीओ निदेशक से फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपेक्षा की। उप निदेशक कृषि ने किसानों को बताया कि जनपद में इफ्को के पास 10 ड्रोन उपलब्ध हो गये है। नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया का उपयोग करें। सीडीओ ने प्रगतिशील किसानों लालता प्रसाद गुप्ता, जितेन्द्र कुमार सिंह, बब्बन सिंह, निरंजन लाल वर्मा सहित 05 किसानों को ट्रायल के रूप में नैनो डीएपी, नैनो यूरिया तथा सागरिका निःशुल्क भेंट की तथा जिले के सभी किसानों को नैनो डीएपी, नैनो यूरिया का उपयोग कराने का सुझाव दिया। सीडीओ ने बताया कि पूर्व में पश्चिम के किसान गन्ने को साधारण तरीके से बुआई करते थे। जिससे उत्पादन कम होता था जैसे ही उनके द्वारा ट्रेंच विधि सहित अन्य तकनीक का उपयोग कर गन्ना बुआई की गयी, उत्पादन हजार कुण्टल से अधिक होने लगा। इसी प्रकार नैनो डीएपी, नैनो यूरिया एक नई तकनीक से बनी उर्वरक है जो अपने देश में ही बनायी गयी है का उपयोग करने लगेगें तो उर्वरकों पर होने वाला भारी भरकम धनराशि की भी बचत होगी। उन्होनें डीडी एग्री कल्चर से कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों के माध्यम से इफ्को से समन्वय कर प्रत्येक कर्मचारियों से 02-02 एकड़ परिक्षेत्र पर प्रदर्शन कराये। उन्होने एआर कोआपरेटिव से भी सचिव साधन सहकारी समिति के माध्यम से भी इफ्को से नैनो डीएपी, नैनो यूरिया का उपयोग करवाना सुनिश्चित करें।

# समाज के लोग संगठित होकर राष्ट्रधर्म के लिए करें कार्यः सीएम योगी

- मुख्यमंत्री ने योगी महेंद्रनाथ महाराज की 24वीं पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि
- मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ मंदिर में चीनी मिल बलरामपुर के सहयोग से निर्मित थारू जनजाति के छात्रावास का किया लोकार्पण





**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

ब्रह्मलीन महंत योगी महेंद्रनाथ जी महाराज की 24वीं पुण्यतिथि के पावन अवसर माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन योगी आदित्यनाथ जी द्वारा मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ मंदिर देवीपाटन में चीनी मिल बलरामपुर के सहयोग से निर्मित थारू जनजाति छात्रावास का लोकार्पण किया गया।

इस दौरान उन्होंने आयोजित कार्यक्रम में ब्रह्मलीन महंत योगी महेंद्रनाथ जी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की, उन्होंने कहा कि शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के महंत के रूप में ब्रह्मलीन महंत योगी महेंद्रनाथ द्वारा लोक कल्याणकारी कार्य चलाए गए। थारू जनजाति के विकास के लिए उनको शिक्षा से जोड़ने के लिए वर्ष 1994 में थारूछात्रावास की स्थापना की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धर्म का व्यक्ति के जीवन का महत्वपूर्ण कारक है , धर्म पर चलकर व्यक्ति अच्छे मार्ग पर प्रशस्त होता है, धर्म व्यक्ति को सदाचार ,लोक कल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। सनातन धर्म भारत की आत्मा है , इसके बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती, सनातन धर्म सर्वे भवन्तु सुखना की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि समाज में जाति के नाम पर भेदभाव को मिटाने के लिए सभी एकजुट हो। ग्रामों में जन सहभागिता से साफ सफाई, पौधारोपण का विशेष अभियान चलाए, ग्राम में खाद का गड्ढा बनाए तथा ग्राम का कचरा उसमें डालकर कंपोस्ट बनाए, ग्राम के युवा खेलकूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन करें। ग्राम में सकारात्मक माहौल हो, ग्राम आत्मनिर्भर बने। उन्होंने कहा कि समाज संगठित होकर आतंकवाद, नक्सलवाद के विरुद्ध कार्य करें एवं राष्ट्रधर्म के लिए समर्पित रहें। इस अवसर पर महंत मिथलेश नाथ योगी,महंत रवींद्र नाथ महाराज, विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल, जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रावस्ती व अन्य संतगण व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

## अज्ञात वाहन ने ई रिक्शा में मारी टक्कर, तीन घायल, चालक की हालत गंभीर

**बछरावा रायबरेली।** तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सवारियों को ले जा रहे ई-रिक्शा में टक्कर मार दी, हादसे में दो सवारियां एवं रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बृहस्पतिवार दोपहर 1:00 बजे की है। जब बछरावां कस्बे से लखनऊ प्रयागराज मार्ग होते हुए ई-रिक्शा सवारियों को लेकर निगोहा की ओर जा रहा था। ई-रिक्शा चुरुवा पश्चिम गांव बाईपास मोड पर पहुंचते ही, पश्चिम गांव की तरफ जा रहे अज्ञात वाहन ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया और ई रिक्शा बाईपास पर ही पलट गया। रिक्शा में बैठी दो सवारियां एवं ई रिक्शा चालक रामनरेश पुत्र जागेश्वर उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम कड़ेरी थाना नगराम जनपद लखनऊ घायल हो गए। घायल चालक की गंभीर हालत को देखते हुए राहगीरों के द्वारा एंबुलेंस की मदद से उसे बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चालक का प्राथमिक उपचार किया गया। परंतु स्थिति नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अन्य घायल हुई सवारियो का निजी अस्पताल में इलाज कराया गया है।

# राज्य मंत्री ने मिलन सिनेमा हाल में 'द साबरमती रिपोर्ट्स' फिल्म देखी

- जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने 'द साबरमती रिपोर्ट्स' फिल्म देखी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने जनपद के मिलन सिनेमा हॉल में द साबरमती रिपोर्टस फ़िल्म देखी। यह फिल्म इतिहास के उस भयावह काल-खंड को यथार्थ रूप में दर्शाती है, जिसे कुछ स्वार्थी तत्वों ने अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति के लिए विकृत करने का कुत्सित प्रयास किया। यह फिल्म न केवल तत्कालीन व्यवस्था की वास्तविकता को प्रभावशाली रूप से उजागर करती है, बल्कि उस समय प्रचारित किए गए भ्रामक एवं मिथ्या नैरेटिव का भी खंडन करती है। इस दुर्भाग्यपूर्ण एवं हृदयविदारक घटना को फिल्म में अत्यंत संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया गया है। उद्यानमंत्री ने कहा कि यह फिल्म इसलिए भी अवश्य देखी जानी चाहिए क्योंकि अतीत का गहन एवं विवेचनात्मक अध्ययन ही हमें वर्तमान को समझने और भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान कर सकता है। उन्होंने फिल्म में सराहनीय भूमिका निभाने वाले सभी कलाकारों को हार्दिक बधाई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ,जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह और जिला पंचायत सदस्य और अन्य जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खड़ी ट्रॉली से टकराए बाइकसवार, गंभीर घायल

**बछरावां रायबरेली।** बुधवार शाम महाराजगंज बछरावां मार्ग पर थाना क्षेत्र के मलिकपुर सरैया गांव के पास सड़क के किनारे खड़ी हुई ट्रैक्टर-ट्रॉली से तेज रफ्तार बाइकसवार टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवार युवक संदीप पुत्र परमेश्वर उम्र 32 वर्ष, प्रमोद पुत्र कमलेश उम्र 31 वर्ष निवासी गढ़ मलिकपुर सरैया दोनों युवक बछरावां बाजार से वापस अपने गांव की ओर जा रहे थे। बाइक की तेज रफ्तार होने के चलते गांव के पास पहुंचते ही आगे खड़ी ट्राली से दोनों युवक टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस की सहायता से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार किया गया है, वही दोनों युवकों की हालत को गंभीर देखते हुए, डॉक्टर प्रभात मिश्रा ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

# ओवरटेक करने के चक्कर में ट्रक से टकराई स्कॉर्पियो, तीन घायल

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर रायबरेली की तरफ जा रही स्कार्पियो ओवरटेक करने के चक्कर में आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई हादसे में स्कॉर्पियो पर सवार तीन लोग घायल हो गए। घटना गुरुवार सुबह 10:00 बजे के आसपास की है। जब बगाही के पास रायबरेली से लखनऊ की ओर जा रही स्कार्पियो आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में टकरा गई, टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। वही स्कार्पियो चालक स्टेरिंग के बीच में घायल होकर बुरी तरह फस गया। आसपास मौजूद लोगों के द्वारा कड़ी मशक्कत से स्कार्पियो चालक को बाहर निकाला गया। वहीं ट्रक चालक मौके से अपना ट्रक लेकर फरार हो गया। सभी घायलों का निजी अस्पताल इलाज कराया गया है जिसमें चालक की हालत गंभीर बनी हुई।



# डीएपी खाद का संकटः बेबस नजर आ रहा है धरती का भगवान

- आखिर कब तक लाइन में खड़ा रहेगा भारत का किसान

**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



डीएपी का संकट कोई नई बात नहीं हर बार किसानों को इसके लिए लाईन लगानी पड़ती है जहां एक ओर सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के बड़े-बड़े दावे कर रही है तो वही हकीकत यह है कि महीनों से महराजगंज के इफको केंद्र समितियां और बाजार में डीएपी न मिलने से किसान गेहूं की बुवाई नहीं कर पा रहा है जबकि इस समय पीक पॉइंट पर गेहूं की बुवाई चल रही है गुरुवार को महराजगंज के शिवगढ़ मोड़ के पास पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र पर डीएपी के लिए सैकड़ो की संख्या में किसानों व महिलाओं की लंबी लंबी लाइनें देखने को मिली वही आपस में किसान धक्का मुक्की करते नजर आए वहां पर प्रशासन का कहीं अता-पता नहीं था वहीं केंद्र प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि डीएपी नवरत्न की 430 बोरी मेरे गोदाम में है जिन्हें 1350 रुपए प्रतिबोरी के हिसाब से किसानों को वितरित किया जा रहा है प्रति किसान को लगभग एक या बोरी दी जा रही है पूरे ढ़ोड़े मजरे पाली के किसान शैलेंद्र ने बताया कि सुबह से लाइन में लगा हूं लेकिन डीएपी सिर्फ कागजों में तो भरपूर है लेकिन हम किसानों की पहुंच से काफी दूर है हम लोग ऐसे ही गेहूं बोने को मजबूर है खाद की इतनी विकराल समस्या होने के बावजूद भी कोई भी जनप्रतिनिधि वह समाजसेवी हम लोगों की बात उठाने को तैयार नहीं हैं जिसको लेकर हम किसानों में जबरदस्त सरकार व अधिकारियों के प्रति नाराजगी है।

**पुरानी है खाद की समस्या**

बीजेपी सरकार ही नहीं पूर्व की सरकारों में डीएपी खाद की समस्या बनी हुई थी जिस पर आज तक काम न करने की वजह से गेहूं की बुवाई के समय किसानों को डीएपी मिलने में भारी दिक्कत और परेशानियों का सामना करना पड़ता है किसानों ने बताया कि ना कोई नेता सुनता है ना कोई अधिकारी हम जाएं तो जाएं कहां और किससे अपनी बात कहें।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थितियों में स्कूल गया कक्षा चार का छात्र लापता



**बछरावां रायबरेली।** बछरावां कस्बा स्थित प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाला कक्षा 4 का छात्र स्थानीय कस्बे के कमनी तालाब मोहल्ले निवासी गायब हो गया। छात्र प्रातः काल घर से स्कूल गया हुआ था। संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो जाने से परिजनों मे हड़कंप मच गया। अभिभावक मोहम्मद सलीम ने बताया कि पुत्र साहिल सुबह घर से चौराहे पर स्थित प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने के लिए गया था। परंतु अवकाश हो जाने के बाद भी घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने थोड़े इंतजार के बाद खोजबीन शुरू कर दी। काफी खोजबीन के बाद भी खबर लिखे जाने तक साहिल का पता नहीं चल पाया है। पुलिस को सूचना दी गई ,परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका जताई है।

### श्रीमद्भागवत कथा सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता



**सूची सलोन, रायबरेली।** सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा मे श्री धाम वृंदावन से पधारे कथा व्यास प्रद्युम्न महाराज ने अपने मुखारविंद से अमृत रूपी कथा श्रोताओं को रस पान करा कर मंत्र मुग्ध कर दिया। सलोन विकास खंड के सूची कस्बे में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास प्रद्युम्न महाराज ने कहा भगवान की कथा अनंत हैं जरूर सुनना चाहिए ।क्योंकि कथा सुनने से कष्ट दूर होते है ।भगवत प्राप्ति के लिए कहा आस्था और विश्वास रखने वाले ही भक्त को भगवत कृपा प्राप्त होती है ।घमंड नहीं करना चाहिए शरीर आज है कल चला जायेगा आत्मा तो अजर अमर हैं ।भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए राक्षसी पूतना अघासुर आदि दैत्यों के वध का रोचक प्रसंग सुनाया। भगवान द्वारा इंद्र का मान मर्दन और गोवर्धन पर्वत की समस्त बृजवासियों का बड़ा ही मार्मिक प्रसंग सुनाया ।आज कथा के विश्राम दिवस पर रुक्मणी विवाह का महोत्सव बडा ही धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसके बाद कल शनिवार को विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। जिसमें तमाम श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर अपने को धन्य करेंगे। इस शुभ अवसर पर यजमान नवरंग सिंह, ग्राम प्रधान अनीता सिंह, कमलेश समेत तमाम श्रोतागण उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया।

### डीसीएम ने ऑटो रिक्शा को मारा ठोकर, एक की मौत



**महाराजगंज तराई/बलरामपुर।** थाना महारागजगंज अंतर्गत तुलसीपुर बलरामपुर मार्ग पर ग्राम केवलपुर बड़वा के निकट डी सी एम ने ऑटो रिक्सा का मारा ठोकर एक की मौत, 4 गम्भीर रूप से घायल घायलों को सी एच सी तुलसीपुर पहुँचाया गया है। बलरामपुर तुलसीपुर मार्ग पर ग्राम केवलपुर बड़वा के निकट तेज रफ्तार बलरामपुर की तरफ जा रही डी सी एम ने ऑटो रिक्शा पर सवार 6 लोग अपने घर जा रहे थे डी सी एम ने जोरदार मारा ठोकर जिससे रिक्से पर सवार एक की मौके पर मौत हो गई। 4 अन्य गम्भीर रूप से घायल है घायलों को सी एच सी तुलसीपुर इलाज के लिए भेजा गया है। ग्राम उदईपुर निवासी अली बहादुर पुत्र मोहम्मद सई उम्र 60 वर्ष की मौके पर मौत हो गई ,शरून्निसा पत्नी अली बहादुर उम्र 62 वर्ष, शांती देवी पत्नी अनुरुद्ध उम्र 45 वर्ष, नंदनी पत्नी अयोध्या प्रसाद उम्र 30 वर्ष, समीर पुत्र कल्लू उम्र 18 वर्ष, गम्भीर रूप से घायल है स्थानीय लोगो के मदद से सी एच सी तुलसीपुर पहुँचाया गया है।

### ग्राम बनगवा में स्वच्छता अभियान को बढ़ावा, खंड विकास अधिकारी ने किया कूड़ा गाड़ी का शुभारंभ



**श्रीदत्तगंज (बलरामपुर)।** विकास खंड श्रीदत्तगंज के अंतर्गत ग्राम बनगवा में स्वच्छता अभियान को नई दिशा देते हुए कूड़ा निपटान केंद्र का संचालन आरंभ किया गया है। खंड विकास अधिकारी मोहित कुमार दूबे ने कूड़ा गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर गांव के प्रत्येक घर से कचरा एकत्र करने और उसे व्यवस्थित तरीके से निपटाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान की शुरुआत भी की गई। गांव में बने कूड़ा निपटान केंद्र के लिए विशेष रूप से कूड़ा गाड़ी की व्यवस्था की गई है। यह गाड़ी ग्रामीणों के घर–घर जाकर कचरा इकट्ठा करेगी। इस प्रक्रिया को आसान और प्रभावी बनाने के लिए गाड़ी पर लाउडस्पीकर लगाया गया है, जो गाड़ी वाला आया है, कचरा निकाल जैसे उद्घोष के माध्यम से लोगों को जागरूक करेगा। खंड विकास अधिकारी मोहित कुमार दूबे ने कहा, गांव को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना प्राथमिकता है। कूड़ा निपटान केंद्र में एकत्रित कचरे का सही तरीके से निस्तारण किया जाएगा। इसके तहत कचरे की रिसाइक्लिंग कर उससे देशी खाद तैयार की जाएगी। इस खाद को बेचकर ग्राम सभा की आय में बढ़ोतरी होगी। स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों को इस पहल में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। गांववासियों को नियमित रूप से कचरा पृथक करने और निर्धारित स्थानों पर जमा करने की जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर कंसल्टिंग इंजीनियर रवि वर्मा, कार्यक्रम अधिकारी विकास कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी महेंद्र यादव, और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सद्दाम हुसैन मौजूद रहे।

# 15 दिन में खाद की किल्लत खत्म न हुई तो किसान करेंगे आंदोलन, कलेक्ट्रेट पहुंकर दी चेतावनी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



खाद की किल्लत से परेशान होकर भारतीय किसान यूनियन (भानू) के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी के नाम एक मांग पत्र सौंपा। यूनियन के पदाधिकारी ने जिला प्रशासन को चेताते हुए 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। यदि इन 15 दिनों के अंदर उनकी मांगों को पूरा नही किया जाता तो एक बड़ा आंदोलन जिलाधिकारी कार्यालय के सामने किया जाएगा।

कलेक्ट्रेट का घेराव करने की चेतावनी

यूनियन के मंडल प्रभारी आकाश मिश्रा ने कहा कि आज जिले और प्रदेश की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने सभी समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा है और चेतावनी दी है कि यदि अगले 15 दिनों में समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे मजबूरन कलक्ट्रेट का घेराव करेंगे।

**वन माफियाओं के हौसले बुलंदः** आकाश मिश्रा ने आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में अवैध खनन लगातार हो रहा है, वन माफियाओं के हौसले बुलंद हो गए हैं और किसान खाद के लिए सुबह-सुबह लाइन में खड़े होते हैं। इसके अलावा, पानी की आपूर्ति से संबंधित समस्याओं का समाधान भी शीघ्र किया जाना चाहिए। जिलाध्यक्ष शंकर रावत ने यह भी मांग की कि किसानों का कर्जा पूरी तरह माफ किया जाए। ज्ञापन लेने वाले सिटी मजिस्ट्रेट धीरेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि किसानों की मांगों को स्वीकार कर लिया गया है और जिला प्रशासन इन्हें हल करने की कोशिश करेगा।

# अवैध अधिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

- पुरानी परती, बंजर जमीन को कराया कब्जामुक्त

**शिवगढ़,रायबरेली**



नगर पंचायत के अजीत खेड़ा वार्ड नम्बर 2 में गुरुवार को प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर पुरानी परती व बंजर जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया है। गौरतलब हो कि नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 2 अजीत खेड़ा से नवनिर्वाचित सभासद निर्मला देवी ने 7 नवम्बर 2024 को नगर पंचायत कार्यालय में अवगत कराया था कि अहलादगढ़ स्थित भूमिगत संख्या 1381 व 1382 को तहसील प्रशासन द्वारा 2 वर्ष पूर्व अतिक्रमण मुक्त कराया गया था। किंतु अभी तक उसका चिन्हांकन करके बेरीकटिंग नहीं कराई गई है जिससे कुछ लोगों द्वारा पुन अतिक्रमण किया जा रहा है, जिसे अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। उप जिलाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार अमृतलाल, कानून-गो शिव प्रसाद द्विवेदी, हल्का लेखपाल अनिल चौधरी, लेखपाल तुषार साहू ने जेसीबी से अवैध अधिक्रमण हटवाकर जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया है। हल्का लेखपाल अनिल चौधरी ने बताया कि शिवगढ़ नगर पंचायत के अजीत खेड़ा वार्ड नम्बर 2 में पुरानी परती गाटा संख्या 1381 व बंजर भूमि गाटा संख्या 1382 पर कुछ लोगों का अवैध अतिक्रमण था। अतिक्रमण हटवाने के बाद चिन्हाकंन कर खाई बंधा दी गई है, साथ ही अवैध कब्जा करने वालों को सख्त हिदायत दी गई है।

# वृहद रोजगार मेला एमएलके पीजी कालेज में आयोजित



**बलरामपुर।** शासन द्वारा दिए गए निर्देश एवं जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा जनपद का पहला वृहद रोजगार मेला एमएल केपी कालेज बलरामपुर में आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन विधायक बलरामपुर पल्टूराम द्वारा किया गया। इस रोजगार मेले में अंतिम रूप से 16 कंम्पनियों द्वारा 1800 रिक्तियों के लिए चयन की प्रकिया सम्पन्न की गई। इसके साथ ही सेना भर्ती कार्यालय बरेली द्वारा तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय द्वारा मिशन शक्ति के स्टॉल भी लगाये गये जिससे युवाओं को विभिन्न पक्षों के प्रति जागरूक किया जा सके। मुख्य अतिथि माननीय विधायक बलरामपुर द्वारा अपने उद्बोधन में उपस्थित अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अधिक से अधिक कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने की सलाह दी गई। मेले में बड़ी संख्या में तकनीकी क्षेत्र की रिक्तियों की मांग दिखी। अधिकतर कम्पनियां आईटीआई व डिप्लोमाधारक अभ्यर्थियों के लिए भर्ती करने की इच्छुक थी। आज के इस वृहद रोजगार मेले में लगभग 42 अभ्यर्थियों द्वारा पंजीयन कराया गया जिसमें 793 को कम्पनियों द्वारा प्रारंम्भिक रूप से चयनित किया गया।

# जिले के सभी किसानों तक नहरों से पहुंचाएं पानीः मंडलायुक्त

- मंडलायुक्त की अध्यक्षता में सिंचाई विभाग एवं सिंचाई से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक संपन्न

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद के भ्रमण के दौरान दिए गए निर्देश के क्रम में मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल श्री शशिभूषण लाल सुशील की अध्यक्षता में फसल बुवाई के दौरान नहरों के माध्यम से खेतों तक पानी पहुंचाए जाना सुनिश्चित किए जाने को सिंचाई विभाग एवं सिंचाई से संबंधित विभागों की बैठक संपन्न हुई।

मंडलायुक्त ने कहा कि जनपद में चार विकास खंड पचपेड़वा , हरैया सतघरवा, तुलसीपुर, गैसड़ी हार्ड एरिया ब्लॉक हैं, इन क्षेत्रों में बोरिंग सफल न होने से फसलों की सिंचाई हेतु कृषकों को परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए सिंचाई विभाग द्वारा नहरों में पूरी क्षमता के साथ खेतों तक पानी उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि नहरों के माध्यम में बड़े तालाबों को भरा जाए तथा सिंचाई के लिए इनका उपयोग किया जाए। उन्होंने बड़े जलाशयों जैसे चित्तौड़गढ़ बांध की भी सिल्ट सफाई की भी कार्ययोजना तैयार किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने सहायक अभियंता लघु सिंचाई एवं अभियंता हाइड्रोलॉजी को हार्ड एरिया ब्लॉक में सर्वे किए जाने का निर्देश दिया जिससे कि उन स्थानों को चिन्हित किया जा सके जहां बोरिंग सफल हो। उन्होंने जनपद के सिंचाई के लिए नए बैराज बनाए जाने के संबंध में भी कार्ययोजना तैयार किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्त, एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, मंडलीय अधिकार सिंचाई विभाग, नलकूप विभाग, विद्युत विभाग, उपनिदेशक कृषि व अन्य संबंधित अधिकारी/उपस्थित रहें।

# टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने को ग्राम प्रधानों का प्रशिक्षण संपन्न

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



बीडीओ पल्लवी सचान की अध्यक्षता में गुरुवार को ब्लॉक सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों, सचिवों और रोजगार सेवकों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में जानकारी दी गई।

बीडीओ पल्लवी सचान ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पंचायतों में टीबी के मामलों की पहचान और उपचार को प्रभावी रूप से करना है, ताकि ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त किया जा सके। प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में सीएचसी अधीक्षक डॉ. सीपी सिंह ने ग्राम प्रधानों और सचिवों को टीबी रोगियों की पहचान के तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को एक सप्ताह से अधिक खांसी आ रही हो या वजन घट रहा हो, तो उसे टीबी के लिए जांच करानी चाहिए और उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजना चाहिए। एसटीएस आशीष यादव, एसटीएलएस दिनेश भूषण तिवारी और डीपीसी अविनाश विक्रम सिंह ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के मानकों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में बताया गया कि एक पंचायत को टीबी मुक्त घोषित करने के लिए वहां की 1,000 की आबादी में से 30 लोगों की टीबी जांच की जाएगी। यदि एक भी टीबी का मामला पाया जाता है, तो उस पंचायत को टीबी मुक्त घोषित नहीं किया जाएगा।

सरकार द्वारा टीबी मरीजों के इलाज के लिए प्रतिमा निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत एक हजार रुपए की राशि उनके खाते में भेजी जाएगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान साजिद, मंजू देवी, अजय वर्मा, अफजाल अंसारी, मंशाराम यादव, कुर्बान अली, विजय पाल आदि मौजूद रहे। सभी ने संकल्प लिया कि वे अपनी पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

# सीएमओ ने किया सीएचसी सादुल्लानगर का निरीक्षण, सात अनुपस्थित कर्मियों का वेतन रोका



**बलरामपुर।** गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र इटईरामपुर,प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ओबरी डीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादुल्लानगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पीएचसी इटईरामपुर और ओबरी डीह में सभी कर्मी उपस्थित रहे।सीएचसी सादुल्लानगर में राम संजीवन चौकीदार,माया गुप्ता वार्ड आया, आनंद प्रकाश, राज कुमारी, शालनी श्रीवास्तव, रंजू देवी स्टाफ नर्स, महेश कुमार सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर अनुपस्थित पाए गए। सभी अनुपस्थित पाए गए कर्मियों का वेतन रोकने का आदेश मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर ने दिया। सीएमओ ने अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादुल्लाह नगर डॉ मंशा लाल को निर्देशित किया कि चिकित्सालय भवन और परिसर में साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।निरीक्षण के समय जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा और संबंधित सीएचसी के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जीवनदायिनी दवाओं का असर इसलिए हो रहा बेअसर

**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

यह बेहद चिंतनीय है कि आज जीवनदायिनी दवाएं तेजी से बेअसर होती जा रही है। इसका एक बड़ा कारण जहां एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक सेवन है तो दूसरा कारण दवाएं लेने के तौर-तरीके से अनभिज्ञ होना या फिर जानबूझकर लापरवाही बरतने के साथ ही खानपान से जुड़ी गलतियां भी हैं। डॉक्टरों की भाषा में बात करें तो एएमआर यानी कि एंटी माइक्रोबाइल रेजिस्टेंस का चिंतनीय खतरा हो गया है। देश-विदेश के चिकित्सक एएमआर को वैश्विक महामारी का नाम देने लगे हैं। देखा जाए तो आज सबसे अधिक मौत का कारण दवाओं का बेहसर होना है। कोरोना के बाद तो एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग बहुत अधिक बढ़ा है। दरअसल कोरोना के बाद जहां एक ओर आम व्यक्ति स्वास्थ्य के प्रति अत्यधिक सजग हुआ है तो एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग भी बढ़ा है। सर्दी, जुकाम, खांसी आदि वायरल बीमारियों में यदि भारत की बात की जाए तो 95 प्रतिशत तक एंटीबायोटिक दवाओं को इलाज में शामिल किया जा रहा है। यह 95 प्रतिशत का आंकड़ा अतिशयोक्ति पूर्ण भले ही हो सकता है पर इसमें कोई दोराय नहीं कि चिकित्सकों द्वारा एंटीबायोटिक दवाएं धड़ल्ले से लिखी जा रही हैं। यह तो तब है जब मेडिकल से जुड़े विभिन्न मंचों व शोध निष्कर्षों में यह खुलासा हो चुका है कि एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक उपयोग स्वास्थ्य को नुकसान ही पहुंचाने लगा है तो दूसरी और बैक्टीरिया में प्रतिरोधी क्षमता विकसित होने से दवाओं का असर कम होने लगा है। भारत सरकार बार-बार यह एडवाइजरी जारी करती जा रही है कि एंटीबायोटिक दवाएं अत्यधिक आवश्यकता में ही लिखी जाएं और एंटीबायोटिक दवाएं लिखते समय मरीज को कारण और उपयोग के तरीके से अवश्य बताया जाए। इसी से हालात की गंभीरता को समझा जा सकता है। जहां तक यूरोपीय देशों की बात है वहां सर्दी, जुकाम, खांसी आदि वायरल बीमारियों में एंटीबायोटिक का उपयोग ना के बराबर होता है। दवाओं के तेजी से बेअसर होने को लेकर देश-दुनिया के स्वास्थ्य विशेषज्ञ अत्यधिक चिंता में हैं। मेडिकल से जुड़े जर्नल द लैसेंट में इस संबंध में एक के बाद एक चेतावनी भरे लेख सामने आ रहे हैं। यहां तक कि एएमआर को मेडिकल इमरजेंसी के रूप में देखा जाने लगा है। दरअसल कोरोना के बाद लोग थोड़ा सा स्वास्थ्य खराब होते ही डॉक्टर की शरण में जाने को वरीयता देने लगे हैं। यह अच्छी बात भी है पर जिस तरह से कोरोना के दौरान और उसके बाद एंटीबायोटिक का उपयोग अधिक बढ़ा है वह चिंतनीय हो गया है।

# युवा महिलाओं के लिए अमृत काल बेमिसाल

**प्रियंका सौरभ**

पिछले एक दशक में युवा भारतीय महिलाओं की आकांक्षाओं में बड़ा बदलाव देखा गया है, जो उनकी बढ़ती स्वायत्तता, शिक्षा और कार्यबल में भागीदारी को दर्शाता है। यह विकास भारत के सामाजिक परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से पुनर्परिभाषित कर रहा है। उच्च शिक्षा और कौशल विकास में लड़कियों की अब लड़कों के बराबर शैक्षिक उपलब्धि है, जिसमें 50 फीसद से अधिक युवा महिलाएं कक्षा 12 पूरी कर रही हैं और 26 फीसद कॉलेज की डिग्री प्राप्त कर रही हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (2017-18) उच्च शिक्षा में महिलाओं के बढ़ते नामांकन पर प्रकाश डालता है, जिसमें महिला सकल नामांकन अनुपात 27.3 फीसद तक पहुंच गया है। युवतियां विभिन्न कैरियर पथों और डिजिटल कौशल प्लेटफार्म तक पहुंच से प्रभावित होकर पेशेवर महत्वाकांक्षाओं को तेजी से प्राथमिकता दे रही हैं। स्किल इंडिया मिशन और स्टेम फॉर गर्ल्स इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने तकनीकी क्षेत्रों में युवा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया है।

विवाह की औसत आयु 2005 में 18.3 वर्ष से बढ़कर 2021 में 22 वर्ष हो गई है, जिसमें अधिक युवा महिलाएं अनुकूलता के आधार पर साथी चुनती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 52 फीसदी महिलाओं ने साथी चयन में अपनी बात रखी, जो 2012 में 42 फीसद थी। कई युवा महिलाएं आर्थिक स्वतंत्रता के लिए प्रयास कर रही हैं, विशेष रूप से उद्यमिता के माध्यम से, क्योंकि सरकार महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए समर्थन दे रही है। उदाहरण के लिए नीति आयोग द्वारा महिला उद्यमिता मंच ने 10,000 से अधिक महिला उद्यमियों के नेटवर्क को बढ़ावा दिया है। युवा महिलाएं स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय शासन में बढ़ती भागीदारी के साथ राजनीतिक रूप से अधिक सक्रिय हैं।

ग्रामीण महिलाओं के बीच स्वयं सहायता समूह सदस्यता 2012 में 10 फीसद से बढ़कर 2022 में 18 फीसद हो गई। ये आकांक्षाएं पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं और मानदंडों को चुनौती दे रही हैं। जैसे-जैसे अधिक महिलाएं करियर बना रही हैं, घरों में पारंपरिक लैंगिक अपेक्षाएं बदल रही हैं। मनरेगा पुरुषों और महिलाओं के लिए समान वेतन प्रदान करता है, जो ग्रामीण घरेलू गतिशीलता को प्रभावित करता है।

ऊंची शिक्षा और आय के साथ, युवा महिलाओं का अब परिवार के वित्तीय और सामाजिक निर्णयों में अधिक प्रभाव है। स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण महिलाओं को सामूहिक रूप से घरेलू वित्त का प्रबंधन करने के लिए सशक्त बनाया है। बाद में विवाह करने और साथी चुनने में सक्रिय भागीदारी की ओर बदलाव ने अरेंज मैरिज की पारंपरिक संरचना को चुनौती दी है। बाल विवाह में कमी और बाद में विवाह करने को प्राथमिकता देने की रिपोर्ट करता है। बढ़ती स्वतंत्रता ने सामाजिक प्रतिबंधों को चुनौती देते हुए शिक्षा या काम के लिए महिलाओं की अकेले यात्रा को सामान्य बना दिया है। 2012 में 42 फीसद की तुलना में अब 54 फीसद महिलाए बस या ट्रेन से अकेले यात्रा करने में सहज महसूस करती हैं। युवा महिलाएं पेशेवर सेटिंग्स में लैंगिक समानता के बारे में तेजी से मुखर हो रही हैं, कानूनी और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा दे रही हैं। पोष अधिनियम (कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम), 2013 ने महिलाओं को कार्यस्थल के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सम्बोधित करने के लिए सशक्त बनाया है। स्वयं सहायता समूह और ग्राम सभाओं में युवा महिलाएं शासन में महिलाओं की भूमिका पर पारंपरिक विचारों को चुनौती दे रही हैं। केरल कुदुम्बश्री मिशन महिला-नेतृत्व वाले शासन को बढ़ावा देता है, जिसने राज्यों में इसी तरह के मॉडल को प्रेरित किया है।



**बाल विवाह में कमी और बाद में विवाह करने को प्राथमिकता देने की रिपोर्ट करता है। बढ़ती स्वतंत्रता ने सामाजिक प्रतिबंधों को चुनौती देते हुए शिक्षा या काम के लिए महिलाओं की अकेले यात्रा को सामान्य बना दिया है। 2012 में 42 फीसद की तुलना में अब 54 फीसद महिलाए बस या ट्रेन से अकेले यात्रा करने में सहज महसूस करती हैं। युवा महिलाएं पेशेवर सेटिंग्स में लैंगिक समानता के बारे में तेजी से मुखर हो रही हैं, कानूनी और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा दे रही हैं। पोष अधिनियम (कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम), 2013 ने महिलाओं को कार्यस्थल के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सम्बोधित करने के लिए सशक्त बनाया है। स्वयं सहायता समूह और ग्राम सभाओं में युवा महिलाएं शासन में महिलाओं की भूमिका पर पारंपरिक विचारों को चुनौती दे रही हैं। केरल कुदुम्बश्री मिशन महिला-नेतृत्व वाले शासन को बढ़ावा देता है, जिसने राज्यों में इसी तरह के मॉडल को प्रेरित किया है।**

भारतीय महिलाएं ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं। भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में, हमारे लिए महिलाएं न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रोशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से ही महिलाएं मानवता की प्रेरणा का स्रोत रही हैं। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक, महिलाओं ने बड़े पैमाने पर समाज में बदलाव के बड़े उदाहरण स्थापित किए हैं।

2030 तक पृथ्वी को मानवता के लिए स्वर्ग समान जगह बनाने के लिए भारत सतत विकास लक्ष्यों की ओर तेजी से बढ़ चला है। लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण करना सतत विकास लक्ष्यों में एक प्रमुखता है। वर्तमान में प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, समावेशी आर्थिक और सामाजिक विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान दिया गया है। महिलाओं में जन्मजात नेतृत्व गुण समाज के लिए संपत्ति हैं। प्रसिद्ध अमेरिकी धार्मिक नेता ब्रिघम यंग ने ठीक ही कहा है कि जब आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं, तो आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं। जब आप एक महिला को शिक्षित करते हैं तो आप एक पीढ़ी को शिक्षित करते हैं। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से महिलाएं न केवल खुद को सशक्त बना रही हैं बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती में को भी योगदान दे रही है। सरकार के निरन्तर लगातार आर्थिक सहयोग से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में उनकी भागीदारी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। पिछले 6-7 वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूहों का अभियान और तेज हुआ है। आज देश भर में 70 लाख स्वयं सहायता समूह हैं। महिलाओं के पराक्रम को समझने की जरूरत है, जो हमें महिमा की अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। आइए हम उन्हें आगे बढ़ने और फलने-फूलने में मदद करें। महिलाओं के सर्वांगीण सशक्तिकरण के लिए अमृत काल इन्हें समर्पित हो। युवा भारतीय महिलाओं की उभरती आकांक्षाएं भारत के सामाजिक ताने-बाने को उत्तरोत्तर रूप से परिभाषित कर रही हैं, एक ऐसे समाज को बढ़ावा दे रही हैं जहाँ लैंगिक समानता और महिलाओं की एजेंसी आदर्श बन गई है। सहायक नीतियों को सुनिश्चित करने से इस बदलाव में तेजी आ सकती है, जिससे समावेशी और सशक्त भविष्य का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

## विचार

# महाराष्ट्रः चुनाव जीतने भाजपा की छटपटाहट



महाराष्ट्र-झारखंड चुनावों में मोदी से ज्यादा अदानी का स्टेकहरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ कांग्रेस उत्साहित

महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव जीतने के लिये भारतीय जनता पार्टी की बेताबी का आलम मतदान के पहले के दो दिनों में देखने को मिला। सोमवार की रात चुनाव प्रचार करते हुए पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख पर बड़ा हमला हुआ जिसमें वे जख्मी हो गये, वहीं भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को मुम्बई के निकटस्थ एक उपनगर में नोट बांटते हुए पकड़ा गया। देशमुख राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के नेता हैं जिनके पुत्र सलिल काटोल विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं।

नरखेड़ में प्रचार कर अनिल देशमुख नागपुर लौट रहे थे तभी उनकी कार पर पत्थरों से हमला हुआ। उनके सिर पर चोटें आई। उन्हें पहले काटोल के शासकीय अस्पताल ले जाया गया तत्पश्चात उनकी चोटों को देखते हुए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। 4 अज्ञात लोगों के खिलाफएफआरआई दर्ज की गयी है, तो वहीं तावड़े के विरूद्ध चुनाव आयोग ने मामला दर्ज करने का आदेश दिया है। तावड़े महाराष्ट्र के शिक्षा मंत्री रह चुके हैं। बुधवार को प्रदेश की सभी 288 सीटों के लिये हुआ मतदान किस माहौल में सम्पन्न हुआ इसका अंदाजा तो लग ही गया, यह भी साफहै कि महाराष्ट्र की सत्ता किसी भी परिस्थिति में हाथ से न जाने देने के लिये भाजपा आमादा है। यहां भाजपा, शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित पवार गुट) नेशनल डेमोक्रेटिक एलांयस (एनडीए) के तहत मैदान में हैं। उसके खिलाफ महाविकास आघाड़ी के नाम से कांग्रेस, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना एवं एनसीपी का शरद पवार धड़ा मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। एनडीए के भीतर चल रहे मनमुटाव और मतभेदों के चलते वह कमजोर पिच पर खड़ी है तो दूसरी ओर महाविकास आधाड़ी (एमवीए) तमाम विपरीत परिस्थितियों तथा दुश्वारियों के बीच भी एकजुट है जिसके कारण सत्ता हाथ में होने के बाद भी एनडीए को चुनाव जीतने के लिये तमाम हथकण्डे अपनाने पड़ रहे हैं। देशमुख पर किये गये हमले के आरोपियों का अभी खुलासा नहीं हुआ है लेकिन देशमुख एवं उनकी पार्टी का विश्वास है कि पत्थर भाजपा के लोगों ने ही चलाये। उधर विनोद तावड़े का किस्सा भी दिलचस्प मोड़ ले रहा है। राजनीतिक गलियारों में बात फैल चुकी है कि उनके द्वारा ठाणे जिले के नालासोपारा स्थित विवांत होटल में नोट बांटने की गुप्त सूचना खुद भाजपाइयों ने विरोधी गुट को पहुंचाई। यह इलाका बाहुबली और चार मर्तबा विधायक रहे हितेन्द्र ठाकुर का है। इस बार उनका पुत्र क्षितिज बहुजन विकास आघाड़ी की टिकट पर लड़ रहा है। मतदान की पूर्व संध्या यानी मंगलवार की शाम को तावड़े द्वारा किये जा रहे धन वितरण के दौरान बीवीए के सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंच गये। उन्होंने वहां रखे काले बैग व नोट भरे लिफाफे दिखाये तथा बंडलों को मुट्ठियों में लहराते हुए फोटो खिंचवाए और तावड़े से सवाल-जवाब किये। पैसे बांटने का काम इतना पूर्व नियोजित था कि कुछ समय के लिये वहां का सीसीटीवी कैमरा बन्द करा दिया गया था। क्षितिज ने दावा किया है कि उनके हाथ में वह डायरी लग गयी है जिसमें तावड़े द्वारा बांटे जा रहे रुपयों का हिसाब है। हालांकि तावड़े अपने स्थानीय उम्मीदवार राजन नाईक के साथ सफाई देते रहे और चुनाव आयोग की ओर से निष्पक्ष जांच की मांग करते रहे लेकिन दोनों के खिलाफ मामले दर्ज हो ही गये। मंगलवार की रात भर में तावड़े के इस धन वितरण की क्लिप्स और विस्तृत वीडियो महाराष्ट्र भर में फैल गये। देखना यह है कि इसका असर मतदान पर क्या हुआ। 23 नवम्बर को ही पता चल पायेगा जब सभी नतीजे निकलेंगे। जो भी हो, इसके कारण विपक्ष को एक बड़ा मुद्दा मिल गया। राहुल गांधी ने इस सन्दर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की खिंचाई की। उन्होंने पूछा कि श्अदानी द्वारा टेंपो में भर-भरकर महाराष्ट्र में नोट भेजे जाने की पीएम कब जांच कराएंगे?्य कहा तो यहां तक जा रहा है कि महाराष्ट्र में वोटरों को लुभाने के लिये जमकर पैसा बंटा है। तावड़े से बरामद 5 करोड़ रुपये तो झलक मात्र है। राज्य में आम चर्चा है कि एक-एक वोट के लिये 10-10 हजार रुपये तक बांटे गये हैं। तावड़े द्वारा किये गये धन वितरण के मामले तथा देशमुख पर हुए हमले को लोग भाजपा की सत्ता की अकुलाहट से जोड़कर देख रहे हैं। भाजपा द्वारा अपनाये जा रहे हथकण्डों से यह आशंका भी गहरानी स्वाभाविक है कि यदि एनडीए को बहुमत नहीं मिलता और एमवीए अपनी सरकार बनाने में विलम्ब करती है तो केन्द्र राज्यपाल के जरिये यहां वैसा ही खेला कर सकती है जिस तरह तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोशियारी ने अपनी संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में सरकार बनवा दी थी। इसके लिये भाजपा ने शिवसेना तथा एनसीपी को तोड़ा था। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि 26 नवम्बर तक प्रदेश की नयी सरकार का गठन हो जाना चाहिये अन्यथा वहां राष्ट्रपति शासन लगाने में केन्द्र सरकार देर नहीं करेगी। यह भाजपा की राजनीतिक मोडस आपरेंडी रहेगी कि पहले सत्ता को केन्द्र अपने हाथों में ले तत्पश्चात वहां ऑपरेशन लोटस के जरिये खुद की सरकार बना ली जाये। बुधवार को जेल जा चुके पूर्व आईपीएस अधिकारी ने शरद पवार की पुत्री व सांसद सुप्रिया सुले और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले पर क्रिप्टोकरेंसी में 235 करोड़ रुपये मूल्य के बिटकाइन की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। माना जा रहा है कि इसके पीछे भाजपा का ही हाथ है। पाटिल के अनुसार इस राशि का उपयोग इस चुनाव में किया गया है। हालांकि इसका खंडन खुद शरद पवार ने यह कहकर किया है कि सत्ता के लिये भाजपा किसी भी हद तक गिर सकती है। अब सच्चाई तो जांच के बाद सामने आएगी, लेकिन चुनाव से पहले इस तरह के आरोप और खुलासे भाजपा की छटपटाहट को दर्शा रहे हैं।

**विनोद तावड़े का किस्सा भी दिलचस्प मोड़ ले रहा है। राजनीतिक गलियारों में बात फैल चुकी है कि उनके द्वारा ठाणे जिले के नालासोपारा स्थित विवांत होटल में नोट बांटने की गुप्त सूचना खुद भाजपाइयों ने विरोधी गुट को पहुंचाई। यह इलाका बाहुबली और चार मर्तबा विधायक रहे हितेन्द्र ठाकुर का है। इस बार उनका पुत्र क्षितिज बहुजन विकास आघाड़ी की टिकट पर लड़ रहा है। मतदान की पूर्व संध्या यानी मंगलवार की शाम को तावड़े द्वारा किये जा रहे धन वितरण के दौरान बीवीए के सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंच गये। उन्होंने वहां रखे काले बैग व नोट भरे लिफाफे दिखाये तथा बंडलों को मुट्ठियों में लहराते हुए फोटो खिंचवाए और तावड़े से सवाल-जवाब किये। पैसे बांटने का काम इतना पूर्व नियोजित था कि कुछ समय के लिये वहां का सीसीटीवी कैमरा बन्द करा दिया गया था। क्षितिज ने दावा किया है कि उनके हाथ में वह डायरी लग गयी है जिसमें तावड़े द्वारा बांटे जा रहे रुपयों का हिसाब है।**

# विचाराधीन कैदियों का संत्रास

यह तथ्य चिंताजनक है कि भारतीय जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों को रखा जा रहा है। इन कैदियों में 75 प्रतिशत उन कैदियों का है जो विचाराधीन हैं। ऐसे में केंद्रीय गृह मंत्री की वह घोषणा उम्मीद जगाती है जिसमें कहा गया है कि 26 नवंबर को संविधान दिवस तक अपनी अधिकतम सजा की एक तिहाई अवधि काट चुके कैदियों के लिये न्याय सुनिश्चित करने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। निस्संदेह, इस पहल का स्वागत किया जाना चाहिए, लेकिन यह न्याय सुनिश्चित करने के मार्ग में चुनौतियां बहुत अधिक हैं।

विडंबना यह है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 479 जैसे हालिया विधायी सुधारों के बावजूद प्रणालीगत विसंगतियां बनी हुई हैं। विचाराधीन कैदियों की रिहाई में तेजी लाने के सुप्रीम कोर्ट के रुख ने एक जटिल समस्या के निराकरण की जरूरत को बताया है। दरअसल, नौकरशाही की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते जेल में बंद विचाराधीन कैदियों की रिहाई में देरी होती रही है। यही वजह है कि गरीब कैदियों के लिये वित्तीय सहायता के प्रावधान जैसी सहायक योजनाओं के बावजूद क्रियान्वयन असंगत बना हुआ है। जिसके चलते बड़ी संख्या में विचाराधीन कैदी जेलों में बंद हैं। दरअसल, समस्या की जड़ आपराधिक न्याय प्रणाली में निहित रही है। जो सुधारात्मक और पुनर्वास की प्राथमिकताओं वाले न्याय की बजाय दंडात्मक उपायों को प्राथमिकता देती है। वहीं जमानत की शर्तों को उदार बनाने में न्यायिक हिचकिचाहट, पात्र कैदियों की पहचान करने में प्रणालीगत देरी के चलते इस मुद्दे को जटिलता में उलझा देती है। वहीं दूसरी ओर कानूनी सेवा प्राधिकरणों के बजाय जिला कलेक्टरों पर इस योजना की निर्भरता ने इस प्राथमिकता को गौण बना दिया है। दरअसल, जेलों में कैदियों की भीड़ कम करने के लिये देश को प्रतीकात्मक समय सीमा से आगे जाने की जरूरत है। न्याय सुनिश्चित करने के लिये हमें समीक्षा समितियों के माध्यम से पहचान और रिहाई की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना होगा, वहीं सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी इस पहल में शामिल करना आवश्यक है। यद्यपि प्रौद्योगिकी एकीकरण और सुधारों के गृहमंत्री अमित शाह के आश्वासन उम्मीद जगाते हैं, लेकिन क्रियान्वयन में तेजी लाने की जरूरत है। निस्संदेह, प्रणालीगत बाधाओं को दूर करने के लिये न्यायपालिका, कानून प्रवर्तन एजेंसियों तथा नागरिक समाज के प्रतिनिधियों को मिलकर कार्य करना चाहिये। हमें याद रखना जरूरी है कि न्याय मिलने में देरी का होना न केवल कैदियों को न्याय से वंचित करना है बल्कि यह संविधान में निहित व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का भी अतिक्रमण है।



# राशिफल

**मेषः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**बृषभः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में जाया न करें। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें और परिवार के अनुकूल चलें।

**कर्कः-** नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहां की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**सिंहः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**कन्याः-** जीवनसाथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। संबंधियों के सहयोग से कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः-** भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**वृश्चिकः-** रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**धनुः-** अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**मकरः-** बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। अतरू इसे सुधारें।

**कुंभः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया अपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

**मीनः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह के प्रति मन चिंतित होगा।

# धधक रहा है मणिपुर... बुझाए कौन?

**राधा रमण**



मणिपुर में हिसा की मौजूदा घटना कोई नया नहीं है। पिछले डेढ़ साल (566 दिन) से यह प्रदेश हिंसा की लपटों में धधक रहा है और केंद्र तथा राज्य की सरकार मौन ओढ़े हुए हैं। सरकारी आँकड़ों पर भरोसा करें तो छोटे से उस राज्य में हिंसा की घटनाओं में अब तक 220 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। कई महिलाओं की आबरू लूटी गई और हजारों करोड़ की संपत्ति आग के हवाले कर दी गई। बता देना जरूरी है कि मणिपुर में भाजपा की चुनी हुई सरकार है लेकिन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सरकार असहाय दिखाई देती है। आम लोगों की कौन कहे मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के सरकारी आवास और पैतृक घर पर दो बार हमला और आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं। आबादी के लिहाज से देखें तो मणिपुर में मैतेई, कुकी और नगा का वर्चस्व है। राज्य में सर्वाधिक आबादी मैतेई समुदाय की है। उनकी संख्या लगभग 65 फीसदी है, जबकि कुकी और नगा मिलाकर कुल आबादी का 35 फीसदी हैं। समुदायों के बीच टकराव मणिपुर के लिए नया नहीं है। 90 के दशक में मणिपुर में कुकी और नगा समुदाय के बीच संघर्ष हुआ था। तब सैकड़ों लोगों की जान गई थी। बड़ी मुश्किल से तब हिंसा की आग बुझाई जा सकी थी। वर्तमान में मैतेई और कुकी के बीच संघर्ष छिड़ा है। इसका कारण मैतेई समुदाय की आरक्षण की मांग है। मैतेई काफी दिनों से इसकी मांग कर रहे हैं। चूंकि मणिपुर की पहाड़ियों पर बसने वाले कुकी और नगा समुदाय के लोग अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल हैं और उन्हें इसका लाभ भी मिलता रहा है लेकिन मैतेई इस लाभ से वंचित हैं। यही वजह है कि मैतेई समुदाय के लोगों ने आरक्षण की मांग को तूल दिया। जबकि कुकी और नगा समुदाय के लोगों का कहना है कि मैतेई समुदाय के लोगों की पहले से विकास योजनाओं में अधिक भागीदारी रही है और उन्हें इसका लाभ मिलता रहा है। इसलिए उनके लिए अलग से आरक्षण की मांग बेमानी है। अगर मैतेई समुदाय को आरक्षण का लाभ मिला तो वे राज्य के संसाधनों के साथ-साथ सरकारी नौकरियों पर भी काबिज हो जाएंगे। ऐसे में कुकी समुदाय के लोगों के समक्ष भुखमरी की स्थिति हो जाएगी।

इस विवाद ने तूल उस समय पकड़ लिया जब मणिपुर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को यह निर्देश दिया कि वह मैतेई समुदाय को आरक्षण के दायरे में लाने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजे। इससे पहले कि राज्य सरकार केंद्र को मैतेई समुदाय को आरक्षण के दायरे में लाने का प्रस्ताव भेजती कुकी समुदाय के लोग सड़कों पर उतर गए। मैतेई समुदाय के लोगों ने जब इसका विरोध किया तो सड़कों पर हिंसा का रौरव तांडव शुरू हो गया। इसके अलावा मणिपुर में हिंसा की दूसरी वजह का वह कानून है जिसमें कहा गया है कि मैतेई समुदाय के वह लोग जो घाटी में बसे हैं वह पहाड़ी इलाकों में न तो घर बना सकते हैं और न ही जमीन खरीद सकते हैं। इसके उलट कुकी और नगा समुदाय के लोग घाटी में जमीन खरीद सकते हैं और घर बनाकर बस भी सकते हैं। मैतेई समुदाय के लोग इसका पहले से विरोध करते रहे हैं। वह एक राज्य एक कानून के तहत पहाड़ियों पर जमीन की खरीद का अधिकार चाहते रहे हैं। मणिपुर की उस जघन्य घटना से पूरा देश मर्माहत और शर्मसार है जिसे पिछले साल 4 मई को अंजाम दिया गया था। उस घटना में दो महिलाओं को कपड़े उतारकर सड़कों पर घुमाया गया, सरेआम पीटा गया और गैंगरेप किया गया था। हैरत की बात यह कि इंसानियत को शर्मसार करने वाले उस घटना के दरिंदों पर कार्रवाई करने, पीड़ितों को इंसाफ दिलाने की बजाय सरकारी मशीनरी ने उस घटना को ही छुपा लिया। तब से लेकर आज तक मणिपुर लगातार सुलगता रहा है। बीच-बीच में हिंसक झड़पों की रिपोर्ट आती रहती है। राज्य सरकार मूक दर्शक बनी हुई है। बल्कि यह कहने में गुरेज नहीं होना चाहिए कि मणिपुर के हालात पर पर्दा डाला जाता रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद के भीतर और बाहर कई दफा प्रधानमंत्री से मणिपुर मामले में हस्तक्षेप करने और वक्तव्य देने की मांग की। राहुल मणिपुर के शरणार्थी कैंप भी गए और उसमें रह रहे लोगों से बातचीत की। मणिपुर में हिंसा की ताजा वारदात 11 नवंबर को सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में 10 बंदूकधारी उग्रवादियों के मारे जाने के बाद हुई। कुकी समुदाय ने मारे गए लोगों को विलेज गार्ड बताया और मुठभेड़ के जिम्मेदार सुरक्षाबलों पर कार्रवाई की मांग की।

**आबादी के लिहाज से देखें तो मणिपुर में मैतेई, कुकी और नगा का वर्चस्व है। राज्य में सर्वाधिक आबादी मैतेई समुदाय की है। उनकी संख्या लगभग 65 फीसदी है, जबकि कुकी और नगा मिलाकर कुल आबादी का 35 फीसदी हैं। समुदायों के बीच टकराव मणिपुर के लिए नया नहीं है। 90 के दशक में मणिपुर में कुकी और नगा समुदाय के बीच संघर्ष हुआ था। तब सैकड़ों लोगों की जान गई थी। बड़ी मुश्किल से तब हिंसा की आग बुझाई जा सकी थी। वर्तमान में मैतेई और कुकी के बीच संघर्ष छिड़ा है। इसका कारण मैतेई समुदाय की आरक्षण की मांग है। मैतेई काफी दिनों से इसकी मांग कर रहे हैं। चूंकि मणिपुर की पहाड़ियों पर बसने वाले कुकी और नगा समुदाय के लोग अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल हैं और उन्हें इसका लाभ भी मिलता रहा है लेकिन मैतेई इस लाभ से वंचित हैं। यही वजह है कि मैतेई समुदाय के लोगों ने आरक्षण की मांग को तूल दिया। जबकि कुकी और नगा समुदाय के लोगों का कहना है कि मैतेई समुदाय के लोगों की पहले से विकास योजनाओं में अधिक भागीदारी रही है और उन्हें इसका लाभ मिलता रहा है। इसलिए उनके लिए अलग से आरक्षण की मांग बेमानी है। अगर मैतेई समुदाय को आरक्षण का लाभ मिला तो वे राज्य के संसाधनों के साथ-साथ सरकारी नौकरियों पर भी काबिज हो जाएंगे।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के बच्चों ने मचाया धमाल

## मंत्री, गवर्नर सहित उच्चाधिकारियों के समक्ष बाल विवाह, बालश्रम की समस्याओं को उठाया

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस पर देश की ख्याति प्राप्त संस्था सेफ सोसाइटी द्वारा लखनऊ के ताज होटल में आयोजित समागम कार्यक्रम में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल ग्राम छन्दवल के छात्र छात्राओं ने बालश्रम, बाल विवाह की एकांकी मंचन कर सभी के समक्ष बच्चों की समस्याओं का जीवंत चित्रण किया। बच्चों के कार्यक्रम को प्रदेश की ग्रामीण विकास राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, आसाम के गवर्नर एवं हिमाचल प्रदेश के गवर्नर, लखनऊ के पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार एवं संरक्षण आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा सहित देश व प्रदेश के तमाम बाल अधिकार एक्टिविस्ट व समाजसेवियों ने बच्चों का हौसला बढ़ाया। सेफ सोसाइटी के निदेशक, विश्व वैभव शर्मा, प्रोग्राम समन्वयक अभिषेक पाठक, पूर्व डीजीपी सुतापा सान्याल, सहित कई बाल कल्याण समिति/न्यायपीठ सदस्यों सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोगों ने बच्चों से बातें किया और बच्चों के संरक्षण उनकी भागीदारी और उनके अधिकारों को लेकर सुझाव दिए गए। बच्चों ने पांच सितारा होटल के साथ ही डॉ अंबेडकर पार्क का भ्रमण किया। चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के प्रबंधक, समाजसेवी रत्नेश कुमार ने बच्चों का मार्गदर्शन एवं एक्सपोजर कराया, स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, शिक्षिका पूनम रत्नाकर, शारदा रावत, वन्दना वर्मा ने बच्चों को गाइड किया। छात्र आदर्श, अनमोल, अरुण, प्रिंस, आसुतोष, छात्राएं सौम्या, राधा, सारिका, शालू एवं आराध्या ने कार्यक्रमों में भाग लिया।

## ढाबा पर चाय पी रहे सहकारी समिति के आंकिक का बैग चोरी

**जालौन, उरई।** छिरिया सलेमपुर के पास निकले बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के कट के पास स्थित ढाबा के पास चाय पीते समय साधन सहकारी समिति के आंकिक का बैग अज्ञात चोर ने उड़ाया। साधन सहकारी समिति सिकरीराजा में तैनात आंकिक लाखन निवासी निवासी शेरपुरा ने पुलिस को बताया कि वह किसी काम के चलते जालौन आए थे। शाम को वह जालौन से वापस अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में छिरिया सलेमपुर के पास से निकले बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे कट के समीप ढाबा पर वह बाइक खड़ी कर चाय पीने के लिए रूक गए। उनके साथ एक बैग भी थी जिसमें खाद बिक्री के लिए रखी ईपॉस मशीन, 23 हजार रुपये नकद और अन्य जरूरी कागजात थे। चाय पीते समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनका बैग चोरी कर लिया।

# डीएम ने की उर्वरकों के उपलब्धता वितरण की समीक्षा

**▶ अधिकारियों को भ्रमण सील रहकर किसी भी दशा में उर्वरकों की अधिक दर पर बिक्री न होने के दिए निर्देश**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में उर्वरकों की उपलब्धता, वितरण की समीक्षा बैठक की गयी, जिसमें कृषि, सहकारिता, पीसीएफ, इफको के अधिकारियों के साथ-साथ जनपद के समस्त थोक उर्वरक विक्रेता उपस्थित रहें।

बैठक में जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में वर्तमान 3137 मी.टन डीएपी तथा 7907 मी0टन एनपीके उपलब्ध है। विगत 02 दिनों में जनपद में प्राप्त पीपीएल एवं कोरोमण्डल कम्पनी की डीएपी की रैंक से पीसीएफ के माध्यम से प्राप्त स्टाक का 30 प्रतिशत समितियों पर प्रेषित कराया जा रहा है तथा शेष स्टाक निजी क्षेत्र के बिक्री केन्द्रों पर आपूर्ति किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त आज जनपद में एनएफएल कम्पनी की टीएसपी के रैक प्राप्त हुई है. जिसमें से पीसीएफ को 30 प्रतिशत तथा शेष स्टाक निजी बिक्री केन्द्रों पर आपूर्ति कराया जा रहा है। शुक्रवार को आईपीएल कम्पनी की डीएपी मात्रा 654 मीटन तथा टीएसपी 641 मी0टन की प्राप्त हो रही है, साथ ही इफको की डीएपी/एनकेपीएस की एक रैक प्राप्त हो जायेगी तथा आगामी 02 से 03 दिनों में कृभको एनपी के0 12:32:16 की रैंक प्राप्त हो जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा जनपद के थोक उर्वरक विक्रेताओं के गोदाम में उपलब्ध फास्फेटिक उर्वरकों की समीक्षा की गयी तथा कड़े निर्देश दिया गया कि किसी भी दशा में गोदामों में उर्वरकों का अनावश्यक भण्डारण न किया जाए तथा जो भी उर्वरक उपलब्ध हो वह तत्काल फुटकर विक्रेताओं को आपूर्ति किया गया ताकि कृषकों को सुगमतापूर्वक सभी उर्वरक प्राप्त हो सकें।

साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि जनपद में प्राप्त होने वाली रैकों से तत्काल फुटकर उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर आपूर्ति कराते हुए तत्काल एक्नॉलेजमेन्ट सुनिश्चित करायें ताकि वितरण में किसी प्रकार की समस्या न आने पाये। किसी भी दशा में निर्धारित दर से अधिक दर पर उर्वरकों की बिक्री न हो तथा कृषकों को उनकी जोत एवं फसल संस्तुति के अनुसार उर्वरक पीओएस मशीन से ही उपलब्ध करायी जाए। कृषि विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि आवंटित क्षेत्रों में लगातार भ्रमण सील रहकर यह सुनिश्चित करायें कि किसी भी दशा में उर्वरकों की अधिक दर पर बिक्री न होने पाये।

तथा जांच के दौरान यह भी देखा जाए कि जिन विक्रेताओं द्वारा कृषकों को अधिक अधिक मात्रा में उर्वरक बिक्री की गयी हो उन कृषकों से फीडबैक भी प्राप्त करें कि वास्तव में उनके द्वारा उर्वरक प्राप्त किया गया है अथवा नहीं, यदि कोई विक्रेता इसमें दोषी पाया जाए अथवा अधिक दर पर बिक्री करते हुए पाया जाये तो तत्काल उसके विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कृषकों से अपील की गयी कि जनपद के सभी समितियों तथा निजी बिक्री केन्द्रों पर उर्वरकों की उपरोक्तानुसार आपूर्ति करायी जा रही है कृषक भाई अपनी जोत/ अभिलेखों के अनुसार फसल की संस्तुत मात्रा में उर्वरक पीओएस मशीन से निर्धारित दर पर प्राप्त करें तथा पीओएस मशीन की रसीद विक्रेता से अवश्य प्राप्त करें।



## परिषदीय विद्यालयों की हुई पीटीएम

**बेलहरा, बाराबंकी।** शिक्षा क्षेत्र फतेहपुर अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मीरनगर में एक पी टी एम का आयोजन नैट परीक्षा को ध्यान में रख कर किया गया। जिसमें एआरपी कमलेश कुमार ने शत प्रतिशत उपस्थिति करने हेतु अभिभावकों से अपने बच्चों को विद्यालय भेजने हेतु अनुरोध किया।एआर पी ने उपस्थित लोगों को बेसिक शिक्षा परिषद की किताबों में दिए गए क्यू आर कोड के माध्यम से अपने बच्चों को पढ़ाने हेतु प्रेरित किया और डेमो देकर समझाया और लोगों से चलवाकर दिखाया। इसके अलावा निपुण लक्ष्य ऐप रीड अलांग ऐप पर विद्यालय के बच्चों से पढ़ाकर लोगों के सामने प्रदर्शन किया। अंत में उपस्थित लोगों को शिक्षा शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जितेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार मुन्नी देवी, प्रिया वर्मा, सुमन देवी, रेशमा देवी सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।

# उड़ान कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को बताए गए आत्मरक्षा के गुर

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज**




क्षेत्र के सीता देवी महाविद्यालय पारिजात धाम बरोलिया में महिला चिकित्सक द्वारा छात्राओं को उड़ान कार्यक्रम अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण , स्वास्थ्य,स्वच्छता एंव आत्म रक्षा के गुर बताए।

**▶ डाक्टर रश्मि सिंह ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की दी सलाह**

गुरुवार को क्षेत्र के सीतादेवी महाविद्यालय पारिजात धाम बरोलिया में महिला चिकित्सक डाक्टर रश्मि सिंह ने छात्राओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता और आत्मरक्षा के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं की स्वास्थ्य सम्बंधित समस्याओं जैसे मासिक धर्म स्वास्थ्य पोषण और मानसिक स्वास्थ्य पर विस्तार पूर्वक चर्चा की और छात्राओं को सही जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। डाक्टर रश्मि सिंह ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि शिक्षा और स्वास्थ्य का सही संतुलन एक महिला को समाज में अपनी पहचान बनाने मे सहायक होता है।इस मौके पर महाविद्यालय की महिला प्राध्यापक छात्राये मौजूद रहीं।

## मेदांता अस्पताल लखनऊ ने अयोध्या में शुरू की मेदांता एम्बुलेंस सेवा

**अयोध्या।** मेदांता अस्पताल लखनऊ ने अयोध्या में मेदांता एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत की है। यह नई सुविधा सुनिश्चित करेगी कि आपातकालीन स्थिति में मरीज बिना समय गवाए त्वरित और सुरक्षित रूप से मेदांता अस्पताल पहुंच सकें। इस अवसर पर मेदांता अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. राकेश कपूर ने कहा कि हमारा उद्देश्य हमेशा गुणवत्तापूर्ण और समय पर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। अयोध्या में एम्बुलेंस सेवा शुरू करना उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सेवा जीवन रक्षक साबित होगी, खासकर उन मरीजों के लिए जिन्हें समय पर आपातकालीन इलाज की आवश्यकता होती है। यह पहल मेदांता अस्पताल के व्यापक उद्देश्य को दर्शाती है, जिसमें मरीजों को उनकी जरूरत के समय सर्वोत्तम चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना प्राथमिकता है। अयोध्या में एम्बुलेंस सेवा शुरू होने से पूरे क्षेत्र के मरीजों को बेहतर आपातकालीन सेवाओं का लाभ मिलेगा। मेदांता अस्पताल के बारे में लखनऊ मेदांता अस्पताल, लखनऊ उत्तरी भारत के अग्रणी मल्टी स्पेशलिटी अस्पतालों में से एक है,जो अत्याधुनिक तकनीक और अनुभवी चिकित्सकों के साथ उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता है।

# आला कत्ल के साथ दो हत्यारोपी गिरफ्तार

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**



बीती रात्रि ग्राम सैदनगर में शराब पार्टी के दौरान ग्रामीण की हत्या कर शव को खंडहरनुमा मकान में फेंकने का पुलिस ने चौबीस घंटे में न केवल खुलासा किया बल्कि दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर आलाकत्ल भी बरामद कर लिया।

ग्रामीण की हत्या का खुलासा करते हुये पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने बताया कि ग्राम सैदनगर निवासी वादी तौफीक पुत्र मुन्ना उर्फ साबिर ने कोटरा थाना पुलिस को सूचना दी थी कि मेरे पिता मुन्ना उर्फ साबिर पुत्र नासिर को गांव के ही राजपूत धीमर व मिंटू धीमर अपने साथ ले गये थे बाद में बीती रात्रि मेरे पिता मिंटू धीमर के घर के सामने खंडहर में मृत अवस्था में पड़े मिले थे। वादी की तहरीर पर कोटरा पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 73/2024 धारा 103 (1), 238 (ए) बीएनएस बनाम राजपूत धीमर पुत्र बलराम व मिंटू पुत्र मूलचंद्र धीमर निवासी ग्राम सैदनगर के विरुद्ध दर्ज कर ली थी। इसके बाद पुलिस हत्यारोपियों सरगर्मी से तलाश में जुट गयी और करथरा तिराहे के पास मंदिर के चबूतरे से राजपूत धीमर व मिंटू को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर आलाकत्ल बरामद डंडा बरामद किया। बाद में जब पुलिस ने दोनों से पूंछतांछ की तो उन्होंने बताया कि हम लोग मुन्ना उर्फ साबिर को मछली खाने के लिये अपने घर पर बुलाया था जहां हम तीनों शराब पी रहे थे तभी मुन्ना उर्फ साबिर अचानक राजपूत धीमर को गालियां देने लगा तभी उसने मुन्ना को दो थप्पड़ मार दिया जिससे दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गयी तभी मैंने व मिंटू ने साबिर के दोनों पैरों को पकड़ लिया और चूल्हे के पास रखे डंडे से साबिर के सिर पर मार दिया जिससे उसकी मौत हो गयी।

# अतिक्रमण रूपी बीमारी को मिटाने के लिये प्रशासनिक अमला सड़कों पर

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**




नगर में जाम की समस्या से लोग परेशान हैं। जाम का प्रमुख कारण नगर की सड़कों पर अतिक्रमण है। इस अतिक्रण को हटवाने के लिए और नगर की जनता को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए नगर में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। नगर की जनता को जाम की समस्या से काफी समय से निजात नहीं मिल पा रही है। जाम की समस्या का प्रमुख कारण दुकानदारों और ठेले ठिलिए वालों का सड़क तक किए जाने वाला अतिक्रमण है। झंडा चौराहे के चारों ओर, पत्थर वाली गली, सब्जी मंडी, पानी की टंकी के पास अतिक्रमण की सबसे अधिक समस्या है। यहीं पर अक्सर जाम की भी स्थिति बनती है। नगर की सड़कों पर जाम से मुक्ति दिलाने के लिए एसडीएम विनय मौर्य के नेतृत्व में नगर पालिका ईओ सुशील कुमार व कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र पटेल द्वारा टीम के साथ नगर पालिका परिषद के सामने, झंडा चौराहा के चारों ओर, पत्थर वाली गली और सब्जी मंडी में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया।

## खेत में पाइप लाइन डालने से मना करने पर दबंगों ने कर दी मारपीट

**जालौन,उरई।** खेत में पानी के पाइप डालने से मना करने पर विपक्षियों ने मिलकर किसान के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरकौती निवासी किसान बृजमोहन मिश्रा ने पुलिस को बताया कि गुरूवार की सुबह लगभग आठ बजे वह अपने खेत पर फसल देखने के लिए गए थे। जब वह खेत पर पहुंचे तो देखा कि उनके पड़ोसी किसान उनके खेत में पानी के पाइप डालकर अपने खेत में पानी लगा रहे हैं। खेत में पाइप लाइन पड़ी होने की वजह से उनके खेत की फसल खराब हो रही थी। यह देखकर उन्होंने पड़ोसी किसानों को उनके खेत से पाइप हटा लेने के लिए कहा। पाइप हटाने की बात कहने पर वह उत्तेजित हो गए और गाली, गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट करने लगे। जब वह बचने के लिए दौड़ा तो उन्होंने पीछा करते हुए धक्का देकर उसे जमीन पर गिरा दिखा। उसे पिटता देख जब आसपास के खेत के किसान बीच बचाव के लिए आए तो वह जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में छात्राओं का गोल्ड मेडल पर कब्जा



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

अर्चना मेमोरियल ज्ञान मंदिर, इटावा की छात्राओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए रॉयल चैलेंजर कप के 8वें चैंपियनशिप में 2 स्वर्ण पदक 1 रजत पदक 1कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है।

यह प्रतियोगिता जीएलए विश्वविद्यालय के प्रांगण में कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता जो कि मथुरा में आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर से सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। शानदार प्रदर्शन के साथ मिली जीत अर्चना मेमोरियल की छात्राओं कैटागिरी 13 दीया मिश्रा गोल्ड मेडल कैटिगरी 15 मान्यता प्रजापति गोल्ड मेडल कैटिगरी 12 सौम्या सिंह सिल्वर मेडल कैटिगरी 13 रीत सिंह ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया अपने कुशल प्रदर्शन और मजबूत हौसले के साथ विपक्षियों को मात दी। उनके तेज-तर्रार मूव्स और आत्मविश्वास ने निर्णायकों को प्रभावित किया। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक हासिल किया। स्कूल और क्षेत्र में खुशी की लहर गोल्ड मेडल की इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रधानाचार्या, शिक्षकों और अभिभावकों ने छात्राओं को बधाई दी। प्रधानाचार्या असरा अहमद ने कहा, यह उपलब्धि हमारी छात्राओं की कड़ी मेहनत और उनके प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। यह न केवल स्कूल बल्कि पूरे इटावा जिले के लिए गर्व का क्षण है।

# अवैध तरीके से संचालित होटलो का मामला पहुंचा न्यायालय

## सेक्टर 22 के ट्रांसपोर्ट नगर मेंहोटल उड़ा रहे है मानक की धज्जियां, अब गीडा न्यायालय करेगी होटलो पर कार्यवाही: एसीओ

**सहजनवां गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**



औद्योगिक विकास प्राधिकरण गीडा के सेक्टर 22 मे होटल कारोबारियों द्वारा पूरी तरह से मानक की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं वही जिम्मेदार पूरी तरह से मूकदर्शक बने हुए हैं सेक्टर 22 में लगभग दर्जनों होटल होते है संचालित होटलो के लगे बोर्डो पर नही लिखा रहता है प्लाट नम्बर वही होटल कारोबारियों के द्वारा खुलेआम मानक की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं।

वही जब इस पूरे मामले को प्रमुखता से प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक चैनलों पर खबर प्रसारित किया गया तब जाकर जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद से जागे और अवैध तरीके से संचालित हो रहे होटल पर कार्रवाई करने के लिए कमर कस लिए वही अवैध तरह से हो रहे संचालित होटल पर बड़ी कार्रवाई करने का जिम्मेदारों द्वारा निर्णय लिया गया वही सेक्टर 22 में संचालित हो रहे अवैध होटल पर भूम का आवंटन के साथ-साथ नक्शा का जांच भी शुरू कर दी गई वही गीडा एसीओ का कहना था की सभी होटलों की जांच कराई जा रही है। और सभी होटलो को नोटिस जारी किया गया है और पन्द्रह दिनों के अंदर होटल कारोबारियों से जबाब मांगा गया है और नोटिस का समय सीमा पूरा होने के बाद कार्यवाही करना सुरु कर दिया जायेगा। जो भी होटल मानक के विपरीत होगा इन होटल पर कार्रवाई करते हुए सील भी किया जाएगा और इस तरह से जो भी होटल द्वारा बिना नक्शा पास कराए संचालन कर रहे हैं उन होटलों पर भी कार्यवाही की जाएगी।

अब देखना यह है की जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारियां को किस कदर निभाते हैं वही होटल कारोबारी द्वारा अनैतिक गोरख धंधे को जमकर बढ़ावा दिया जा रहा है। और होटल में अनैतिक गोरखधंधे भी कराई जा रहे हैं जिस पर पुलिस प्रशासन व तहसील के जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए हैं। और होटल कारोबारियों मे खलबली मची हुई है वही होटल कारोबारी पुलिस प्रशासन पर गम्भीर आरोप भी लगाते दिख रहे हैं। वही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गीडा प्रशासन द्वारा होटल कारोबारियों को नोटिस जारी कर कार्यवाही करने की बात कही गई थी लेकिन वही नोटिस जारी होने के बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं किया गया वही नोटिस जारी होने के बाद होटल कारोबारियों द्वारा धड़ल्ले से अवैध कारोबार को संचालित किया जा रहा है वही एसीओ गीडा का कहना था कि नोटिस भेजा गया है वही पूरा मामला न्यायालय गीडा मे चल रहा है कार्यवाही में अभी दस से पन्द्रह दिन लगेगे वही इस पूरे मामले में अब कार्यवाही जल्दी होंने के आसार दिख रहा है वही एसीओ गीडा का कहना है कि सभी होटलों कि कार्यवाही को लेकर गीडा न्यायालय में मुकदमा चल रहा है जल्द आदेश होने वाला है जल्द कार्यवाही किया जायेगा।

# पुलिस लाइन सभागार में हुई व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



आज पुलिस लाइन सभागार में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की मासिक बैठक का आयोजन सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी,बैठक मे प्रमुख रूप से शहर मे जाम का मुद्दा उठाया गया, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित नें कहा कि शहर में रेहड़ी पटरी पर व्यापार कर रहे व्यापारियों के लिए अलग वैंडिंग जोन बनाया जाये तभी जाम से मुक्ति संभव है, जिले के ज्यादातर मुख्य बाजार आजादी के समय के बनें हुये हैं, तब से जिले की आबादी और वाहन कयी गुना बड़ गये हैं, कोई भी दुकनदार अतिक्रमण नहीं करना चाहता, बाजारों मे जाम लगनें से व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ता है, परंतु सड़क किनारे लगी दुकानों की वजह से व्यापारियों को मजबूरन सामान आगे बड़ाना पड़ता है।

उद्योग मंच के जिलाध्यक्ष भारतेन्द्र नाथ भारद्वाज नें कहा कि एक तरफ प्रशासन अतिक्रमण हटानें की बात करता है और दूसरी तरफ सरकारी जमीनों पर बाकयदा परमीशन देकर तिब्बती और अन्य बाजार सड़क के किनारे लगाये गये हैं, शास्त्री चौराहे के पास सरकारी जमीन पर अवैध टैक्सी स्टैंड बना है जिस पर कोई ध्यान नहीं देता केवल टैक्सपेयर स्थायी दुकनदारों को टारगेट किया जाता है बुनकर नेता शमशुद्दीन अंसारी नें कहा कि बिजली विभाग लगातार बुनकरों को धमकी दे रहा है ये बंद होना चाहिए। इस अवसर पर एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव, सिओ सिटी अमित कुमार सिंह, सिओ यातायात द्रविड़ कुमार सिंह,एसडीओ बिजली विभाग आनंद पाल,जलकल अभियंता दुष्यंत वत्स सहित व्यापार मंडल के संरक्षक हाजी शंहशाह वारसी, मुशतकीम राईन,,धर्मेंद्र यादव सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्य अभियंता के नेतृत्व में चला चेकिंग अभियान 32 के काटे कनेक्शन

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

**आठ लाख का राजस्व वसूल कराया जमा**

झांसी से आए बिजली विभाग के मुख्य अभियंता के नेतृत्व में नगर में बिजली विभाग के बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए। इस दौरान 32 कनेक्शन काटे गए और आठ लाख रुपये की वसूली भी की गई। झांसी से आए बिजली विभाग के मुख्य अभियंता महेंद्र सिंह के नेतृत्व में अधिशासी अभियंता प्रथम जितेंद्रनाथ, द्वितीय महेंद्रनाथ भारती, एसडीओ रामसुधार, प्रवर्तन दल प्रभारी सीपी यादव, जेई नवीन कंजोलिया, टीजीटू नरेंद्र सोलंकी की टीम ने नगर में बकाएदारों के खिलाफ अभियान चलाया। नगर में बाजार बैठगंज, चौधरयाना, भवानीराम, बालमभट्ट आदि मोहल्लें में चलाए गए अभियान में बिजली विभाग के बड़े बकाएदार 32 लोगों के कनेक्शन बिल जमा न होने पर काट दिए गए। इन पर लगभग 35 लाख रुपये की बकाएदारी थी। टीम द्वारा बिल जमा करने की बात कहने पर भी जब उनके द्वारा बिल का भुगतान नहीं किया गया तो टीम ने उनके कनेक्शन काट दिए। इसके अलावाउ उन्हें चेतावनी दी गई कि बिना बिल का भुगतान किए यदि वह चोरी से बिजली का कनेक्शन जोड़ते हैं तो उनके खिलाफविधिक कार्रवाई की जाएगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत गुगौरा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

### निर्माण आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना 2024-25 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 21.11.2024 से 27.11.2024 तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित निविदायें खोली जायेगी। निविदा शुल्क निशुल्क

| क्र. सं. | योजना | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | गुगौरा | बारात घर के पास खेला मैदान निर्माण | 6.89 लाख | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी, सरिया आदि | - | 6 माह |

शर्ते- 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टैम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

सचिव — ग्राम प्रधान



## कार्यालय ग्राम पंचायत कोहनियॉ वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

### निर्माण आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

15वां/ 5वां वित्त योजना 2024-25 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 21.11.2024 से 27.11.2024 तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित निविदायें खोली जायेगी। निविदा शुल्क निशुल्क

| क्र. सं. | योजना | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 15वां/ 5वां वित्त | कोहनियॉ | रमेश नायक के घर से वीरेन्द्र के घर तक नाली निर्माण | 3.02 लाख | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी, सरिया आदि | - | 6 माह |
| 2. | 15वां/ 5वां वित्त | कोहनियॉ | पंचायत भवन की छत मरम्मत व पुताई कार्य | 2.62 लाख | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी, सरिया आदि | - | 6 माह |
| 3. | 15वां/ 5वां वित्त | कोहनियॉ | शौचालय मरम्मत व रेनवाटर हार्वेस्टिंग निर्माण | 1.77 लाख | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी, सरिया आदि | - | 6 माह |

शर्ते- 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टैम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

सचिव — ग्राम प्रधान

# मंडलायुक्त ने नए मतदाताओं की संख्या बढ़ाने पर दिया जोर

- व्यापक प्रचार- प्रसार कर विशेष तिथियां को अधिक से अधिक फार्म भरवाएं जाएं
- गांधी सभागार में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक


बैठक करते मण्डलायुक्त कानपुर मंडल व जिलाधिकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

मण्डलायुक्त कानपुर मंडल/ रोल प्रेक्षक अमित गुप्ता ने निर्वाचक नामावलियां विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के तहत कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में कहा कि निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के अन्तर्गत फार्म 6,7,8 के कुल 15582 फार्म प्राप्त हुये है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में और प्रयास करें। नए मतदाताओं की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जाये। व्यापक प्रचार- प्रसार कर विशेष तिथियां 23, 24 नवम्बर 2024 को अधिक से अधिक फार्म भरवाये जाये। कहा कि बीएलओ द्वारा अगर किसी प्रकार की लापरवाही की जाती है। तो संबंधित की जिम्मेदारी तय की जाये। मतदाता सूची अपडेटेड होनी चाहिए तथा सभी मतदाताओं के नाम सूची में अंकित हो। सुपर चेकिंग के तहत फार्मो का सत्यापन किया जाये। उन्होंने ईपी रेशियो, जेंडर रेशियो, नाम जोड़ने-काटने एवं संशोधन के लिए फार्म 6, 7, 8 की जानकारी दी। साथ ही मोबाईल एप से काम करने की कार्यप्रणाली को बताया और कहा कि शुद्ध निर्वाचक नामावली तैयार करने में बीएलए का सहयोग भी आवश्यक है। कहा कि डुप्लीकेट्स मतदाता व मृत व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से अलग करें। इसके लिये 23 और 24 नवम्बर को मतदाता सूची में नाम जोड़ने-काटने एवं संशोधन के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा। जिसमें राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बीएलए का सहयोग अपेक्षित है। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि दावे/आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसम्बर को किया जायेगा। तथा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को होगा।

## 72 रोगियों को स्वास्थ्य शिविर में मिला उपचार

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर स्वास्थ्य विभाग ने कैंप लगाकर मरीजों का परीक्षण कर दवा वितरित की। जिसमें 72 मरीजों का उपचार मिला। गुरुवार को सीएचसी तालग्राम प्रभारी डॉ. कुमारिल मैत्रेय के निर्देश पर स्वास्थ्य टीम ने ग्राम ताहपुर में स्वास्थ्य शिविर लगाया। जिसमें बुखार और संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य टीम में डॉ. प्रेमचन्द्र ने 72 मरीजों को परामर्श देकर दवा दी। शिविर में सबसे अधिक बुखार पीड़ित मरीज पहुंचे। 10 मरीजों की लैब टेक्नीशियन वीरसिंह ने खून की जांच की। जिसमें सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई। अधिततर जांचों में मरीजों को वायरल बुखार के लक्षण पाए गए। इस दौरान फार्मासिस्ट कन्हैया, और ग्राम प्रधान तोताराम शर्मा मौजूद रहे।

# ट्रक की टक्कर से यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी घायल

- एक्सप्रेस-वे के 228किलोमीटर पर गुरूवार की सुबह हुआ हादसा
- सुरक्षा कर्मियों ने घायल सुरक्षा अधिकारी को मेडिकल कॉलेज में कराया भर्ती


मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती घायल सुरक्षा अधिकारी

**तिर्वा, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के 228किलोमीटर पर अपनी कार से उतरकर सड़क पर खड़े यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी को एक अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। सुरक्षा कर्मियों ने उन्हे उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां इमरजेंसी वार्ड में उनका उपचार चल रहा है।

एटा जनपद के गंजडुण्डवारा के बस्तीपुर निवासी कृपाल सिंह यूपीडा में सुरक्षा अधिकारी है। गुरूवार की सुबह वह एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण करने निकले थे। जिले की सीमा के पास 228 किलोमीटर पर उन्होने साइड में अपनी कार खड़ी की। इसके बाद वह कार से उतरकर सड़क पर खड़े हो गए। इसी दौरान एक अज्ञात ट्रक ने उन्हे टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। हादसे को देख सुरक्षा कर्मी उनको मेडिकल कॉलेज ले आए।

# फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो अपलोड करने पर भेजा जेल

- गरूढ़ अभियान के दौरान थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने युवक को किया गिरफ्तार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में महिला सुरक्षा, सशक्तीकरण के अनुक्रम में चलाएं जा रहे गरूढ़ अभियान तहत थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा मुकदमा बीएनएस व 67 आईटी एक्ट थाना सौरिख से सम्बंधित अभियुक्त मुकेश यादव उर्फ आदित्य पुत्र मन्नाराम



यादव निवासी ग्राम कीरारोड थाना प्रागपुरा जिला कोटपुतली (जयपुर) हाल पता गड़गौर पैलेस गोविन्दपुरा कलवार रोड थाना करधनी जिला जयपुर, राजस्थान को नियमानुसार गिरफ्तार किया। अभियुक्त द्वारा फर्जी नाम से इंस्टाग्राम आईडी बनाकर वादी की पुत्री व उसकी सहेलियों के फोटो, वीडियो अभद्र और अश्लील गानों एवं टिप्पणियों के साथ निरन्तर अपलोड किया जा रहा था। जिसके विरुद्ध साइबर क्राइम थाना कन्नौज पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# लेखपालों व वकीलों का चौथे दिन जारी रहा प्रदर्शन

- एडीएम व एएसपी जायजा लेने पहुंचे तिर्वा तहसील
- वकीलों ने पूरे कैम्पस में घूम-घूम कर की नारेबाजी

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**


एसडीएम कोर्ट के सामने नारेबाजी करते अधिवक्ता

वकीलों व लेखपालों का धरना प्रदर्शन गुरूवार को चैथे दिन भी जारी रहा। वकीलों ने एकजुट होकर पूरे तहसील कैम्पस में घूम-घूमकर नारेबाजी की। मामले का जायजा लेने के लिए अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक भी तहसील पहुंचे। वकीलों की नारेबाजी के कारण दोनो अफसर कुछ देर तहसील में रूककर वापस लौट गए। बाद में वकीलों के उग्र तेवरों के चलते अफसरों के जाते ही लेखपाल भी धरने से उठकर सभागार में चले गए।

वकीलों व लेखपालों के बीच चल रहे विवाद को लेकर सुबह 10 बजे से ही तहसील परिसर में भारी पुलिस बल पहुंच गया। पुलिस बल के आने पर लेखपाल संघ ने अपना धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। लेखपालों के धरने पर बैठते ही तहसील के वकीलों ने भी एकजुट होकर नारेबाजी शुरू कर दी। वकील घूम-घूमकर नारेबाजी करते रहे। वकीलों की मांग थी कि उनकी तहरीर पर लेखपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाए। उधर लेखपाल संघ आरोपी लेखपाल की गिरफ्तारी की मांग कर रहा था। अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह व एएसपी अजय कुमार के तहसील पहुंचने पर लेखपालों ने कुछ राहत की सांस ली। दोनो अफसरों ने एसडीएम अशोक कुमार से पूरे प्रकरण की जानकारी ली। इसी दौरान वकील भी एकजुट होकर एसडीएम कार्यालय के सामने नारेबाजी करने लगे। वकीलों की नारेबाजी को देख दोनो अफसर जिला मुख्यालय लौट आए। उधर दोनो अफसरों के जाते ही लेखपाल अपने को असुरक्षित महसूस कर वापस तहसील सभागार में चले गए। लेखपालों के जाते ही वकीलों की नारेबाजी और उग्र हो गई। करीब एक घण्टे तक नारेबाजी के बाद सभी वकील अपने चेम्बरो में लौट गए।



## कानपुर पब्लिक स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में यातायात प्रभारी आफाक खां द्वारा शहर के कानपुर पब्लिक स्कूल पुलिस लाइन रोड पर छात्र एवं छात्राओं को यातायात माह को दृष्टिगत रखते हुए महत्वपूर्ण यातायात नियमों की जानकारी दी गई। तथा सीट बेल्ट, हेलमेट लगाने व मोबाइल फोन से बात करते हुए ड्राइविंग न करने के बारे में बताया। साथ ही गोल्डन आवर घायलों की मदद करने पर राज्य सरकार द्वारा इनाम की धनराशि, आदि के बारे में विस्तार से बताया। हेलमेट का बेल्ट स्ट्रिप लॉक न करने पर बिना हेलमेट ही समझा जाता है। आदि की महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए प्रभारी द्वारा छात्र एवं छात्राओं से प्रश्न किए गए। सही जवाब देने वाले तीन छात्रों को यातायात प्रभारी द्वारा पुरस्कार के रूप में उपहार देकर उत्साहवर्धन किया।

## खबरें एक नजर में

### मजदूरी मांगने पर मारपीट का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मजदूरी करने के बाद जब मजदूर ने अपनी मजदूरी का पैसा मांगा। तो युवक ने पीड़ित से अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना छिबरामऊ के ग्राम चंदरपुर निवासी अनिल कुमार पुत्र भगवानदीन ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि 21 नवंबर की शाम करीब 03 बजे वह गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिलंदपुर निवासी युवक के यहा मजदूरी का कार्य कर रहा था। जब उसने मजदूरी का पैसा मांगा तो आरोपित युवक ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित के तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### लापता छात्र का छह दिनों से नहीं सुराग

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर से गया छात्र जब वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन आसपास के क्षेत्र सहित रिश्तेदारी में की। पता न लगने पर पीड़ित पिता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। तालग्राम के मोहल्ला नक्कालान निवासी राजीव कुमार शर्मा पुत्र हरीराम शर्मा ने दर्ज कराई गुमशुदगी में बताया कि उसका पुत्र राजप्रताप शर्मा (15) बिना बताएं घर से 15 नवंबर की सुबह कहीं चला गया। देर रात तक घर न लौटने पर उसकी रिश्तेदारी व आसपास के क्षेत्र में काफी तलाश की गई। लेकिन उसका पता नहीं लग सका। थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया ने बताया किशोर की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है।

### तुम भगवान् के भक्त बनकर तो देखो वह सदैव तुम्हारे हितार्थ तत्पर रहेंगे



**जालौन (उरई)।** ''राम नाम अति मीठा, कोई गा के देख ले। आ जाते हैं राम, कोई गा के देख ले।।'' उक्त पंक्तियां श्रीबीर बालाजी हनुमान मंदिर पर आयोजित साप्ताहिक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के चाथे दिन आचार्य पंडित आशू पाठक ने उपस्थित भगवद् प्रेमियों के समक्ष कही। उरई रोड स्थित श्रीबीर बालाजी हनुमान मंदिर पर आयोजित सप्ताहिक श्रीमद्भगवद् ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन भगवताचार्य पंडित आशू पाठक ने उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ईश्वर से प्रेम करने वाले भक्तों को भगवान बिन मांगे ही वह सब कुछ दे देता है, जिसकी वह कल्पना भी नहीं कर सकता। तुम भगवान् के भक्त बनकर तो देखो वह सदैव तुम्हारे हितार्थ तत्पर रहेंगे। प्रभु राम की संगति में पशु भी अपना पशुवत व्यवहार छोड़ देता है, वहीं रावण की संगति में मानव भी पशुवत् व्यवहार अपना लेता है। राम-रावण, कृष्ण-कंस तथा द्रोपदी-दुर्योधन की राशि एक होने के बाद भी उनके कर्म अलग-अलग होने से उनके चरित्रों में काफी असमानताएं रहीं। व्यक्ति जैसे कर्म करता है, वैसा ही फल उसे प्राप्त होता है।

# नाबालिग भगाने के मामले में युवक को पांच वर्ष की सजा

- अभियुक्त को पांच वर्ष का कठोर कारावास व आठ हजार रुपये के अर्थदण्ड से किया दण्डित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

थाना गुरसहायगंज में मुकदमा पोक्सो एक्ट के तहत पंजीकृत अभियोग में न्यायालय द्वारा अभियुक्त को धारा 363, 366 में दोषी पाते हुए 05 वर्ष का कठोर कारावास व 8,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

अभियुक्त द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में थाना गुरसहायगंज पर पोक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ था। जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। गुरसहायगंज पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुए न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट), अपर शत्र न्यायाधीश द्वारा अभियुक्त रवि कठेरिया पुत्र सुरेश निवासी ग्राम बझेरा थाना अलीगंज जनपद एटा को 05 वर्ष का कठोर कारावास व 8,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# खाद कारोबारियों ने किसानों की आपदा को अवसर में बदला

## उर्वरक विक्रेताओं ने ट्रिपल सुपर फास्फेट को डीएपी खाद के विकल्प के रूप में बेंचना शुरू किया

**कालपी, जालौन समृद्धि न्यूज़।**

डीएपी खाद की कमी से किसानों के खेतों की बुवाई में देरी हो रही है जिससे वह परेशान है लेकिन खाद कारोबारियों ने उनकी आपदा को अवसर मान लिया है और उन्होंने ट्रिपल सुपर फास्फेट को डीएपी खाद के विकल्प के रूप में बेंचना शुरू कर दिया है जबकि यह खाद गेहूं के लिए उपयुक्त नहीं होती हैं।

शासन किसानों की आय दोगुनी करने की कवायद में लगा है जिसके लिए फसलो की एमएसपी बढ़ाने के साथ किसानों को पशुपालन एवं उन्नति किस्म के बीज छूट पर उपलब्ध करा रहा है लेकिन खाद की कमी शासन की इस मंशा पर पानी फेर रहा है आलम यह है कि गेहूं की बुवाई का समय चल रहा है लेकिन सहकारी समितियों के साथ बाजार से भी डीएपी गायब हो गई है।

किसान एक एक बोरी पाने के लिए जद्दोजहद कर रहा है जिससे उनके खेतों में गेहूं की बुवाई का समय निकल रहा है जिससे किसानों को नींद नहीं आ रही है लेकिन खाद कारोबारियों ने किसानों की इस परेशानी को अवसर में बदल लिया है और उन्होंने किसानों की मजबूरी का फायदा उठाना शुरू कर दिया है इसके लिए उन्होंने डीएपी के विकल्प के रूप में टीएसपी नामक खाद को बाजार में उतार दिया है। जानकारों की माने तो इस खाद सिंगल सुपर फास्फेट का दूसरा रूप है जिसमें उससे तीन गुणा फास्फोरस होता है जो चना की बुवाई के काम आती है लेकिन जिले के खाद माफिया ने इसकी खपत के लिए इसे ऐसे समय में बाजार में उतारा है जब डीएपी बाजार से गायब है और आलम यह है कि जानकारी के अभाव में किसान उसे खरीदने में लगा है। कृषि के जानकारों की माने तो गेहूं की बुवाई के लिए फास्फोरस के साथ नाइट्रोजन की भी जरूरत होती है जो इसमें नहीं है। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि उन्होंने बुवाई के लिए दो बोरी टीएसपी में एक बोरी यूरिया मिलानी पड़ेगी अन्यथा की स्थित में उनकी फसल खराब हो सकती है।

### डीएपी की कीमत पर बिक रही टीएसपी खाद

**कालपी।** विदित हो कि पहली बार टीएसपी के नाम से आया खाद का यह नया ब्राण्ड 1300 रुपये में बिक रहा है जबकि डीएपी खाद की कीमत भी 1350 रुपये है इतना ही नही खाद बिक्रेता इस बोरी के साथ खरपतवार नाशक दवा भी लगा रहे हैं जिससे उसकी कीमत और ज्यादा हो जा रही है जबकि वह डीएपी के आगे कुछ भी नहीं है क्योंकि डीएपी फास्फोरस 46 प्रतिशत होती है और नाइट्रोजन भी 16 प्रतिशत होता है लेकिन इसकी कीमत बराबर होने के बाद भी मिश्रण में काफी कमजोर है लेकिन किसान मजबूरी में उसे खरीद रहे हैं।

# खेल की भावना से विकासखंड का नाम रोशन कर प्रतिभा का करें प्रदर्शन : डीएम

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।**


झंडा फहराकर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते जिलाधिकारी।

39 वीं जनपद स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

गुरुवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार और मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास की गरिमामयी उपस्थिति में 39वीं जनपदस्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन इंदिरा स्टेडियम में हुआ।

इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी विद्यालय की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसने सभी उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता की शुरुआत जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा रेस को हरी झंडी दिखाकर की गई। इसके बाद उन्होंने खेल मैदान में जाकर बच्चों के साथ विभिन्न खेलों का निरीक्षण किया और उन्हें उत्साहवर्धन किया। जिलाधिकारी ने बच्चों से कहा कि वे खेल की भावना से अपने विकासखंड का नाम रोशन करें और अपनी प्रतिभा का सर्वोत्तम प्रदर्शन करें। उन्होंने जीवन में खेल की महत्वता पर भी जोर दिया और इसे शारीरिक व मानसिक विकास के लिए आवश्यक बताया। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि इससे अनुशासन, टीमवर्क और मानसिक संतुलन विकसित होता है। उन्होंने बच्चों से खेलों में भाग लेकर जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की अपील की। मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास ने बच्चों को खेल की भावना से आगे बढ़कर अच्छे खिलाड़ी बनने और अपने करियर को दिशा देने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने बच्चों से खेलों के प्रति अपने समर्पण को मजबूत करने की अपील की, जिससे वे जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें। इस आयोजन का एक प्रमुख आकर्षण बच्चों का योग अभ्यास और पीटी प्रदर्शन रहा, जिसे देखकर सभी ने बच्चों के समर्पण और अनुशासन की सराहना की। प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें दौड़, कबड्डी, खो-खो, और अन्य पारंपरिक खेल शामिल थे।

कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तार अहमद, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी दीप निगम, जिला क्रीड़ा अधिकारी शैलेंद्र कुमार, बीईओ शैलेंद्र उत्तम, बीईओ बिरजू भारती, बीईओ ज्ञान प्रकाश अवस्थी, बीईओ मुक्तेश कुमार, और अन्य शैक्षिक संगठन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन 26 नवम्बर को

**उरई (जालौन)।** मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास ने बताया कि जनपद जालौन में 26 नवंबर दिन मंगलवार को समय प्रातः 11 बजे से विशिष्ट मण्डी, कालपी रोड उरई में 400 जोड़ों का मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, निकाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत 35 हजार रुपए कन्या के खाते में, 10 हजार का उपहार सामग्री तथा 6 हजार आयोजन में प्रति जोडा खर्च किया जाता है। एक जोड़े पर शासन द्वारा 51 हजार की धनराशि खर्च की जाती है।

# टीम ने आतिशबाजी गोदामों में अग्नि सुरक्षा उपकरणों की हकीकत देखी

- डाक्टरों की मौजूदगी में फायर सर्विस अफसर का निरीक्षण
- प्रभारी अग्निशमन अधिकारी कालपी एमपी बाजपेई के नेतृत्व में त्रिलोक सिंह, पंकज कुमार आदि कर्मचारियों की टीम पहुंची कालपी

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज़।**



आतिशबाजी गोदाम का निरीक्षण करते अग्निशमन अधिकारी।

झांसी मेडिकल कॉलेज में अग्निकांड की भीषण घटना होने के बाद अग्निशमन विभाग सतर्क हो गया है। गुरुवार को चिकित्सालय तथा आतिशबाजी के गोदामों में आग से बचाव करने के लिए स्थापित व्यवस्थाओं तथा उपकरणों की चेकिंग करने के लिए अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों के द्वारा अभियान चलाया गया है। विभागीय अधिकारियों की टीम के साथ प्रभारी अग्निशमन अधिकारी एम.पी बाजपेई के द्वारा सीएचसी कालपी में सुरक्षा उपकरणों का जायजा लिया है।

गुरुवार को प्रभारी अग्निशमन अधिकारी कालपी एमपी बाजपेई के नेतृत्व में त्रिलोक सिंह, पंकज कुमार आदि कर्मचारियों की टीम कालपी में पहुंची। डाक्टरों के साथ अग्निशमन विभाग की टीम के द्वारा चिकित्सालय परिसर में अग्नि सुरक्षा उपकरणों की चेकिंग की। टीम ने उपकरणों के अलावा फायर इलेक्ट्रिक वायर का भी निरीक्षण किया गया।

विभागीय अधिकारियों ने फायर अनापत्ति प्रमाण पत्र भी देखा। अग्निशमन अधिकारी ने इस दौरान आग से बचाव करने के लिए तमाम प्रकार के उपायों की जानकारी अस्पताल के कर्मचारियों को दी। इमरजेंसी के समय आग पर काबू पाने के लिए कई टिप्स भी दिए गए। अग्निशमन अधिकारी ने चिकित्सालय के कर्मचारियों को आगाह किया कि जो भी अग्नि रोधी व्यवस्थाएं स्थापित है उनको निरंतर चालू रखा जाए। टीम के द्वारा इससे पहले बबीना में एक तथा कदौरा में दो आतिशबाजी के गोदामों का औचक निरीक्षण किया गया टीम ने आतिशबाजी के लाइसेंस चेक किया भंडारण क्षमता का तथा फायर सुरक्षा उपायों की जानकारी ली। इस मौके पर आतिशबाजी के लाइसेंस धारक जगदीश पुरवार, संजय पुरवार तथा आशीष कुमार भी मौजूद रहे। अग्निशमन अधिकारी ने लाइसेंस धारकों को आवश्यक निर्देश दिये।

# नगर के हाथ कागज उद्योग को संजीवनी मिलने की बंधी उम्मीद

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज**

नगर के कागज उद्योग को संजीवनी मिल सकती है। मण्डलीय उद्योग बंधु की बैठक में मंडलायुक्त ने यह संकेत दिए हैं। इस दौरान उन्होंने सभी सरकारी विभागों इस कारोबार का सहयोग करने के भी निर्देश दिए हैं। विदित हो कि वुधवार को मंडलीय बैठक में उत्तर प्रदेश हाथ कागज निर्माता समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार तिवारी ने भागीदारी कर हाथ कागज के विकास के लिए महत्वपूर्ण बिंदु रखें थे जिसमें खास तौर से यहां के बने उत्पाद को बेचने हेतु शासन स्तर पर हैंडमेड पेपर का आरक्षण करने की मांग तथा विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण आपूर्ति में बाधा उत्पन्न होने की समस्याएं रखी। उक्त समस्याओं को आयुक्त ने गंभीरता से लेते हुए उपस्थित विभाग के अध्यक्षों को आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए हैं तथा बैठक में विद्युत विभाग की तरफ से चीफ इंजीनियर के ना आने पर उनके विरुद्ध भी नोटिस जारी करने के निर्देश जारी किए हैं। उनकी माने तो मंडलायुक्त के निर्देशों का पालन हुआ तो पतन की ओर जा रहे नगर के इस पुरातन कारोबार को पंख लग सकते हैं।

### नगर में हो सकती है उद्योग बंधु की अगली बैठक

**कालपी।** कागज उद्योग के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार तिवारी ने बैठक के दौरान मंडल आयुक्त को एक बैठक नगर में भी करने का आग्रह किया था जिसे आयुक्त ने स्वीकार करते हुए संयुक्त निदेशक उद्योग को निर्देश दिए हैं की अगली बैठक कालपी में ही की जाये जिससे वहां की समस्याओं का तत्काल निराकरण हो सके। अगर ऐसा हुआ तो नगर के कागज उद्धमियों को सहूलियत मिल सकती है।

# सड़क हादसे में दो की मौत, एक गंभीर

- सूचना मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव खुदागंज निवासी शिवा तथा सातनपुर मंडी भोपतपट्टी निवासी अभिषेक, सबलपुर निवासी आकाश सड़क हादसे में गम्भीर रुप से घायल हो गये। गम्भीर रुप से घायल अभिषेक व शिवा की मौत हो गयी। जबकि आकाश को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।



परिजनों को समझाती बुझाती पुलिस

जानकारी के अनुसार खुदागंज निवासी मृतक शिवा के पिता सर्वेश कुमार ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि मेरा बेटा शिवा गुरुवार सुबह सबलपुर गांव से रिश्तेदारी में आकाश पुत्र बाबूराम को बुलाकर वापस खुदागंज जा रहा था। उसके साथ में मेरी रिश्तेदारी का लड़का अभिषेक पुत्र मुकेश निवासी भोपतपट्टी थाना फतेहगढ़ जो कि कल हमारे यहां भाई हरिराम के पुत्र मनोज के तिलक समारोह में शामिल होने आया था, लेकिन आज सुबह शिवा तथा अभिषेक दोनों लोग आकाश को बुलाने सबलपुर गांव गए थे। तीनों लोग एक बाइक से वापस खुदागंज गांव आ रहे थे, तभी रास्ते में कतरौली पट्टी के पास गुरसहायगंज की ओर से आ रहे पिकअप लोडर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे शिवा उम्र लगभग 21 साल तथा अभिषेक उम्र लगभग 24 साल की मौके पर ही मौत हो गई और आकाश उम्र लगभग 22 साल गंभीर रूप से घायल हो गया। रास्ते में गुजर रहे राहगीरों की मदद से एंबुलेंस को बुलाया गया तथा सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां पर डॉक्टरों ने अभिषेक तथा शिवा को



घायल आकाश

मृत घोषित कर दिया तथा आकाश की हालत गंभीर होने के चलते उसका इलाज करके उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं घरवालों को सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। मृतक के परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोते बिलखते हुए नजर आए। वहीं घटनास्थल पर पहुंचे अंडरट्रेनिंग सीओ अजय वर्मा तथा थानाध्यक्ष अनुराग मिश्र ने निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष ने परिवारीजनों को समझाया। उसके बाद परिवारीजनों ने लोडर के खिलाफ तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने लोडर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मृतक शिवा अपने चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। वहीं पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेज दिया। वहीं घर परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### हेलमेट लगा होता, तो बच सकती थी जान

**कमालगंज।** मार्ग दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गयी और जांच पड़ताल की। दोनों मृतकों के सिर में ही चोट ज्यादा लगी थी। वहीं पुलिस का कहना था कि यदि मृतक हेलमेट लगाये हाते, तो शायद बच सकती थी। पुलिस का कहना था कि इसीलिए यातयात जागरुकता माह चलाया जाता है, ताकि लोग जागरुक हों और हेलमेट का प्रयोग करें।

# आधार कार्ड बनवाने के नाम पर की जा रही अवैध वसूली

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

आधार कार्ड बनवाने के नाम पर लोगों से जमकर अवैध वसूली की जा रही है। जिससे लोगों में रोष है।

जानकारी के अनुसार कायमगंज नगर के डाकखाने में आधार कार्ड बनाने व संशोधन का कार्य किया जा रहा है। जहां पर निर्धारित धन से अतिरिक्त वसूली की जा रही है। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला काजम खाँ निवासी हाजरा पत्नी आजाद अपनी बेटी महक के आधार में अंगूठे के निशान नहीं आने पर वह डाकखाने पहुंची। जहाँ पर उन्हें लगभग 1 महीने की तारीख देते हुए कहा कि 21.12.2024 को आना। अगर ज्यादा जल्दी है तो 500 रुपये लगेंगे अभी सही हो जायेगा। जिस पर उन्होंने 500 रुपये देने से मना कर दिया, तो उनसे कहा कि 21 दिसंबर



डाकखाना में बन रहे आधार कार्ड

को आना और दो सौ रुपये लगेंगे। वहीं साकरा पत्नी हासिम अपने बेटे फराद के आधार कार्ड में उम्र सही करवाने पहुँची, तो उनसे कहा जल्दी बनवाओगी तो 500 रुपये लगेंगे नहीं तो एक महीने बाद आना। अगर अभी चाहिए तो 500 रुपये लगेंगे। जिस पर उसने इतने रुपये देने से मना कर दिया। ऐसे बहुत से लोग हैं जो तुरन्त बनवाने के चक्कर में 500 रुपये दे देते हैं।

# निर्वाचक नामावलियों के दावे और आपत्तियों के संबंध में आयुक्त ने बैठककर दिये निर्देश

- 9/10 नवम्बर की बैठक में अनुपस्थित बूथ लेबिल अधिकारियों पर कार्यवाही करने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दावे और आपत्तियों के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित अमित गुप्ता आयुक्त कानपुर मंडल कानपुर रोल प्रेक्षक द्वारा गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपराह्न 2:00 बजे जनपद के समस्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ समीक्षा की गयी। आयुक्त द्वारा अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी फर्रुखाबाद को विशेष अभियान तिथि 09.11.2024 एवं 10.11.2024 पर अनुपस्थित रहे बूथ लेबिल अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करने एवं विशेष अभियान तिथि 23.11.2024, 24.11.2024 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक जनपद के समस्त मतदेय स्थलों एवं बूथ लेबिल अधिकारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिये। आयुक्त द्वारा समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों निर्देश दिये कि ऑनलाइन एवं ऑफ लाइन प्राप्त हो रहे फार्मों को स्वीकृत/अस्वीकृत किये जाने पर विशेष ध्यान दिया जाये एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में प्राप्त हो रहे फार्म को स्वीकृत/अस्वीकृत किया जाये। आयुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से बूथ लेबिल एजेन्ट बनाने एवं विशेष अभियान में सहयोग किये जाने हेतु प्रेरित किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह तथा अपर जिलाधिकारी सुभाषचंद्र प्रजापति मौजूद रहे।





बैठक लेते आयुक्त कानपुर मंडल कानपुर तथा मौजूद जिलाधिकारी आदि

# ए.आई. प्रणाली से होगी बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्रों की निगरानी

- स्ट्रांग रुम बोर्ड के राज्य स्तरीय कंट्रोल रुम से जुड़ेंगे
- प्रश्न पत्र तक पहुंचने की कोशिश पर ए.आई. हो जायेगा अलर्ट

**विनोद कुमार श्रीवास्तव**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यूपी बोर्ड ने वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इण्टर की परीक्षा के लिए प्रश्नपत्रों की सुरक्षा हेतु अब तक का सबसे बड़ा कदम उठाया है। प्रश्न पत्रों की सुरक्षा अब **आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस** से होगी। इस हेतु बोर्ड ने ले आउट प्लान फाइनल कर दिय है।



शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक जल्द ही उपरोक्त योजना को अमली जामा पहनाने हेतु ई-टेंडर आमंत्रित कर एजेंसी को फाइनल कर दिया जायेगा। परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रुम में रखे जाने वाले प्रश्न-पत्रों की निगरानी को यूपी बोर्ड मुख्यालय और शिविर कार्यालय लखनऊ में कंट्रोल रुम बनेगा। जिसे अत्याधुनिक तकनीक से डिजायन किया जायेगा। प्रश्न पत्र सुरक्षा की इस अत्याधुनिक तकनीक से गलत मंशा रखने वाले नकल माफियाओं का स्ट्रांग रुम तक पहुंचना आसान नहीं होगा। प्रश्न पत्र रखेजाने के बाद स्ट्रांग रुम को लॉक कर दिया जायेगा, वहां लगाये जाने वाले ए.आई. आधारित कैमरे पहले से इंस्टाल कर दिये जायेंगे। जिसे यू.पी. बोर्ड के मुख्यालय प्रयागराज एवं शिविर कार्यालय लखनऊ में बने राज्यस्तरीय कंट्रोल रुम से जोड़ दिया जायेगा। प्रश्न पत्रों से छेड़छाड़ पर कंट्रोल रुम की एल.ई.डी. बाल पर ब्रेकिंग न्यूज की तरह अलर्ट फ्लैश दिखने लगेगा। इससे समय रहते प्रश्न पत्र आउट किये जाने की घटना को रोका जा सकेगा। परीक्षा कराने हेतु बोर्ड सचिव ने प्रदेश भर में 7,657 केंद्र प्रस्तावित किये हैं।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्य समिति के सदस्य नरेंद्र पाल सिंह सोलंकी एवं राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका आदेश गंगवार ने बोर्ड द्वारा नकलविहीन परीक्षा कराने हेतु अपनायी जाने वाली तकनीक की सराहना की है। इससे नकल माफियाओं के मंसूबों पर पानी फिरना तय है।

# घर में घुसे आरोपी ने तमंचे की नोक पर किशोरी की जगह भाई को दबोचा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- चीख पुकार सुन आरोपी जानमाल की धमकी देकर मौके से फरार
- न्याय की आस में कई दिनों से थाने के चक्कर लगा रहा पीड़ित पिता

शमशाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी तथा नाबालिग भाई उम्र 15 वर्ष ने पिता के साथ शमशाबाद थाना क्षेत्र के ही गांव सुल्तानपुर निवासी हरदीप पुत्र स्वर्गीय खुशीराम के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा कि आरोपी द्वारा जबरन मकान की छत पर आकर अपने साथ फोटो खींच लिया गया। जब विरोध किया तो आरोपी ने कहा कि जिसे मैं चाहता हूँ उसे ऐसे ही ले जाता हूँ। पीड़ित किशोरी द्वारा फोटो डिलीट कर देने की बात पर दबंग आरोपी ने धमकी दी अगर उसने यह बात किसी को बताई तो जान से मार दिया जाएगा। शमशाबाद थाना पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार पीड़ित किशोरी के माता-पिता एक रिश्तेदारी में होने वाले वैवाहिक कार्यक्रम में भाग लेने गए थे। घर में नाबालिग बेटा, बेटी थे। 16 नवंबर की रात्रि 10.30 के करीब आरोपी छत के सहारे किशोरी के मकान की छत पर पहुंचा और जीने के सहारे घर में अंदर दाखिल हुआ। बताते हैं दोनों भाई-बहन अलग-अलग कमरों में सोए हुए थे। आरोपी ने सो रहे किशोर को किशोरी समझकर हाथ फेरा, तो किशोरी का भाई घबरा गया शोर मचाने लगा। उधर शोर मचाए जाने पर आरोपी घबरा गया तथा तमंचा लेकर भाग खड़ा हुआ। चीख पुकार सुनकर जब तक लोग एकत्रित हुए तब तक आरोपी अपने घर में घुस गया था। पीड़ित किशोरी के अनुसार आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई थी।

इसलिए राज को छुपाए रखा। भाई द्वारा माता-पिता को घटना की जानकारी दी गई। पूछने पर किशोरी ने आपबीती घटना की जानकारी माता-पिता को दी। इस घटना से आहत नाबालिग किशोरी तथा किशोर अपने पिता के साथ शमशाबाद थाने पहुंचा। जहां उसने दबंग आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# पिता व दो पुत्रों को आजीवन कारावास, 25 हजार जुर्माना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज विशेष दस्यु प्रभावित न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने हरगोविंद सिंह यादव पुत्र रामभरोसे, योगेश, देवेश पुत्रगण हरगोविंद निवासीगण मोहल्ला शास्त्री नगर कमालगंज को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया है तथा 25 हजार रुपया जुर्माना किया है।

वादी के मकान के पास हरगोविन्द सिंह यादव का मकान है। वादी के पुत्र अनिल कुमार गुप्ता से हरगोविन्द सिंह यादव की पुत्री मीनी उर्फ रेनू से काफी समय से प्रेम सम्बन्ध चल रहे थे। इन सम्बन्धों के विषय में हरगोविन्द सिंह एवं उनके परिवार वाले व मोहल्ले वालों को काफी समय जानकारी थी। वादी ने अपने पुत्र की शादी करने के कई प्रयास किये। किन्तु वादी का पुत्र कहीं अन्य जगह शादी करने के लिए तैयार नहीं था। हरगोविन्द सिंह एवं उनके लड़के भी मीनू उर्फ रेनू पर शादी हेतु लगातार दबाव डाल रहे थे,




जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

किन्तु वह अनिल के अतिरिक्त अन्य किसी से शादी करने को तैयार नहीं थी, परन्तु हरगोविन्द व उनके परिजन अनिल से संबंध न रखने का दबाव डाल रहे थे। जिसके चलते यह लोग कई बार मारपीट भी कर चुके थे। इस हर हरगोविन्द सिंह एवं उनके पुत्र वादी के पुत्र अनिल कुमार एवं अपनी पुत्री रेनू से काफी नाराज रहते थे और दोनों को समाप्त करने के प्रयास में थे। वादी का पुत्र अनिल कुमार वैष्णो देवी के दर्शन करने हेतु घर से निकला था। दिनांक 08.06.1998 को समय करीब 4 बजे सुबह वादी के पुत्र अनिल कुमार ने वापस आकर अपना दरवाजा खटखटाया। इसी बीच हरगोविन्द सिंह की पुत्री मीनू उर्फ रेनू अपनी छत पर आकर अनिल को बुलाने लगी। इस हरगोविन्द सिंह यादव एवं उसके पुत्र देवेश व योगेश मकान से बाहर निकले और निकलते ही हरगोविन्द ने कहा कि पकड़ लो साले को आज जिन्दा नहीं बचना चाहिए। इस पर तीनों ने अनिल को पकड़ लिया और घसीटते हुए मकान के अंदर ले गये। जानकरी होने पर वादी एवं उसके पुत्र शिव कुमार, विमल कुमार बाहर निकले और दौड़कर हरगोविन्द सिहं के मकान में पहुंचे, तो देखा कि हरगोविन्द, देवेश व योगेश अनिल कुमार को मारपीट रहे थे। हरगोविन्द ने जान से मारने की नियत से अनिल कुमार के ऊपर तमंचे से फायर किया। जो अनिल कुमार लगा और वह गिर गया।

इस बीच हरगोविन्द की पुत्री मीनी उर्फ रेनू भी चिल्लाती हुई आयी। जिस पर हरगोविन्द ने कहा कि इसे भी खत्म कर दो। इतना कहने पर योगेश ने चाकू निकालकर मीनू पर वार किया। जिससे वह भी गम्भीर रुप से घायल हो गयी। शोर शराबे पर पड़ोस के जयप्रकाश, सुनील, महेश आदि मौके पर पहुंच गये। जिन्होंने घटना देखी व इन लोगों को ललकारा। जिस पर उपरोक्त लोग धमकी देते हुए भाग गये। घायल मीनू को अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गयी। जबकि वादी पुत्र अनिल को लेकर थाने पहुंचा। जहां से पुलिस ने सीएचसी ले जाने की सलाह दी। जहां अनिल की हालत गंभीर होने पर लोहिया रेफर कर दिया गया। वादी ने थाने पर तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने हरगोविन्द से साज करके पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। उल्टे वादी के पुत्र अनिल कुमार के विरुद्ध झूठी रिपोर्ट धारा 302, 307, 309 आई.पी.सी.दर्ज करा दी थी। तब वादी ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने 307 आई.पी.सी. में रिपोर्ट दर्ज की थी। न्यायालय में बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता तेज सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने हत्या के मामले में अनिल गुप्ता को दोष मुक्त कर दिया और जानलेवा हमले के मामले में हरगोविंद, योगेश, देवेश को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया तथा 25 हजार रुपया जुर्माना लगाया है।

# गर्म ड्रेसेज के नाम पर जेबों पर डांका डाल रहे है प्राइवेट स्कूल संचालक



ब्लेजर के साथ एक प्राइवेट स्कूल के बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर के प्राइवेट स्कूल संचालक बच्चों से गर्म ब्लेजर, जैकेट आदि के नाम पर दोगुनी रकम वसूल रहे हैं। जिससे अभिभावकों में रोष है।

जानकारी के अनुसार नगर में तकरीबन एक सैकड़ा से अधिक प्राइवेट स्कूल संचालित हैं। सर्दी का मौसम शुरु होते ही कई स्कूल के संचालक बच्चों पर ब्लेजर तथा जैकेट आदि खरीदने के लिए दबाव बना रहे हैं। न पहनकर आने पर स्कूल में इंट्री न करने देने की भी धमकी दी जा रही है। जिससे अभिभावकों में रोष है। लोगों का कहना है कि पहले कापी किताबों के नाम पर प्राइवेट स्कूल संचालकों ने लूटमार की अब गर्म ड्रेसों के नाम पर। इसके अतिरिक्त कभी किसी के नाम पर, तो कभी किसी के नाम पर 100-200 रुपये की वसूली की जाती है। कुल मिलाकर मध्यवर्गीय परिवार के सामने काफी समस्या खड़ी हो जाती है। इसके अलावा हर वर्ष 10 से 20 प्रतिशत फीस में वृद्धि कर दी जाती है। कई बार लोगों ने आवाज भी उठायी, लेकिन उनकी आवाज नक्कारखाने में तूती की आवाज बनकर रह गयी।

### एसपी के आदेश पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** मोटरसाइकिल चालक ने शराब के नशे में वृद्ध महिला को टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गयी। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। तब पीड़िता ने एसपी को प्रार्थना पत्र दिया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है ।जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम खुदागंज निवासी विकास ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया पीड़ित की मां सत्यवती दिनांक नवम्बर को शाम 6:00 बजे रोड के किनारे से अपने घर जा रही थी, तभी फतेहगढ़ की तरफसे आ रही हीरो स्प्लेंडर प्लस के चालक ने शराब के नशे में लापरवाही से सत्यवती के जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे मेरी मां सत्यवती के गंभीर चोटें आई हैं। जिनका लोहिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। दुर्घटना के बाद चालक मोटर साइकिल छोड़कर भाग गया था। जो पीड़ित के पास खड़ी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# जनपद में तेजी से फलफूल रहा कच्ची शराब का कारोबार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में कच्ची शराब का कारोबार तेजी से फलफूल रहा है। इस पर लगाम लगती नजर नहीं आ रही है। जब भी छापेमारी की जाती है, तो पुलिस को भारी मात्रा में कच्ची शराब व लहन बरामत होती है। जिसे पुलिस नष्ट कर वापस चली आती है।

जानकारी के अनुसार नगर की लकूला बस्ती, रामलीला गड्डा, नेकपुर कला, महरुपुर सहजू आदि जगहों पर कच्ची शराब का कारोबार सबसे ज्यादा होता है।

बताते हैं कि इन शराब कारोबारियों ने अवैध कच्ची शराब बेचकर बिल्डिंगें खड़ी कर ली हैं। जब भी पुलिस छापेमारी करती है, तो भारी मात्रा में लहन व कच्ची शराब बरामद होती है, जिसे पुलिस नष्ट कर देती है। इसके बाद यह पुनः उपरोक्त अवैध कारोबार में लिप्त हो जाते हैं। शराब में यूरिया तथा अन्य कैमिकल



डिब्बों में भरी कच्ची शराब

डाले जाते हैं, जो मानव शरीर के लिए काफी हानिकारक होते हैं। यदि मनुष्य शराब का सेवन तीन चार कर ले, तो उसकी मौत हो जाती है। कई लोग कच्ची शराब पीकर अपनी जिंदगी गवां चुके हैं। इसके बाद भी इस अवैध कारोबार पर अभी तक लगाम नहीं लगी है। इसके लिए प्रशासन को ठोस प्रयास करने होंगे, तभी इस अवैध कारोबार पर लगाम लग सकती है।

### प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह 23 नवम्बर को विभागों की करेगें समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पर्यटन व सांस्कृति विभाग के मंत्री एवं जनपद प्रभारी जयवीर सिंह 23 नवम्बर शनिवार को जनपद दौरे पर आ रहे है। पर्यटन एवं सांस्कृति विभाग मंत्री के निजी सचिव मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह शनिवार को कार द्वारा आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे से होते हुए सुबह 9:30 बजे फर्रुखाबाद स्थित पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में पहुंचेगें। 9:45 से 11:45 तक कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक करेगें। दोपहर 12 बजे बद्री विशाल डिग्री कालेज में आयोजित जिला स्तरीय ताईक्वांडो मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में मुख्यअतिथि के रुप में शामिल होगें। 12:20 पर सांसद मुकेश राजपूत के निवास पर जायेगें। 1 बजे भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता के आवास पर पहुंचकर उनकी मां स्व0 सुषमा गुप्ता के निधनोपरान्त आयोजित त्रयोदशी संस्कार कार्यक्रम में भाग लेंगे। 1:45 पर सर्किट हाउस पहुंचेगें और 2:30 से 3:30 बजे तक औचक निरीक्षण करेगें। मंत्री के कार्यक्रम की जानकारी होते ही जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरु कर दी है।

# युवक ने अपनी गर्दन रेंतकर आत्महत्या का किया प्रयास



लोहिया के बाहर स्ट्रेचर पर घायल युवक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने ब्लेड से गर्दन काटकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जानकारी होने पर परिजन उसे लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे बाहर ले जाने की सलाह दी।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट क्षेत्र के ग्राम पुरानी घटिया निवासी ब्रह्मा उम्र 19 वर्ष शाम को गंगा घाट पर साफ-सफाई करके घर आया था। घर में हुई किसी बात से क्षुब्ध होकर युवक ने ब्लेड से गर्दन काट कर जाने देने का किया प्रयास। आनन-फानन में परिजन निजी वाहन से घायल को लेकर जिला अस्पताल लोहिया पहुंचे। जहां ड्यूटी पर तनात डॉ0 अभिषेक चतुर्वेदी ने बताया कि घायल युवक को प्राथमिक उपचार दिया गया है। घायल की गंभीर हालात को देखते हुए हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी गई है। वहीं परिजन घायल को शहर के ही एक निजी अस्पताल में लेकर चले गए।

# किसानों का बार एसो. अध्यक्ष ने किया सम्मान, हुआ समझौता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिनों 18 नवम्बर को कलेक्ट्रेट में भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट ब्लाक अध्यक्ष अनीस सिंह के साथ प्रधानपति व कुछ उनके साथी अधिवक्ताओं द्वारा अभद्रता को लेकर किसान नेता मुकदमा लिखवाने को लेकर अड़ गये और फतेहगढ़ कोतवाली पहुंचकर मुकदमा लिखवाने की मांग की थी।

दूसरे दिन कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना दिया गया। इस घटना को लेकर प्रशासन भी चिंतित था। फतेहगढ़ कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया गया था उसके बाद जांच करने की बात कहकर उन्हे वापस भेज दिया गया था। जिसके विरोध के चलते भारतीय किसान यूनियन के नेताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना दिया और एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। जिस पर आश्वासन दिया गया कि मुकदमा दर्ज कर लिया जायेगा।



मांगों को लेकर धरना देते किसान



समझौते के दौरान मौजूद अधिवक्ता व किसान नेता

कुछ अधिवक्ताओं ने हर गमछा पहनाकर भाकियू नेताओं का स्वागत किया। मौके पर नगर मजिस्ट्रेट व सीओ सिटी एवं बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार एवं सचिव नरेश सिंह यादव पहुंचे और मध्यस्था की बात कही।

जवाहर सिंह गंगवार ने कहा कि यह घटना किसानों के साथ हुई है यह दुर्भाग्य पूर्ण है। ऐसी घटना दोबारा न हो और खेद जताया। मौके पर अधिवक्ता सुधांशु पाठक से भी वार्ता की गई। भाकियू नेताओं की मौजूदगी में ब्लाक अध्यक्ष अनीस सिंह को जवाहर सिंह गंगवार ने गमछा पहनाया और कहा कि किसानों का सम्मान बरकरार रहेगा। साथ ही किसानों ने 14 सूत्रीय समस्याओं संबंधित नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर कानपुर बुंदेलखंड जोन के उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा, जिलाध्यक्ष अरविंद शाक्य, अजय कटियार, लक्ष्मी शंकर जोशी, अभय यादव, कृष्ण गोपाल मिश्रा, संजय यादव, शिवराम सिंह शाक्य, कुलदीप अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना को एनजीओ से कराया जाये: प्रधानाचार्य परिषद

▸ जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश महामंत्री डॉ. संदीप चतुर्वेदी व जिलाध्यक्ष अनिल सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में दर्शाया गया कि जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना को किसी एनजीओ के माध्यम से कराये जाने का प्रधानाचार्य परिषद ने अनुरोध किया। प्रदेश के कई जनपदों में एनजीओ द्वारा इस योजना को कुशलता पूर्वक संचालित किया जा रहा है। ऐसे में जनपद फर्रुखाबाद को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना को एनजीओ के माध्यम से संचालित कराये जाने की मांग की है। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री डॉ. संदीप चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, जिला महामंत्री डॉ. बृजभूषण सिंह, जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष योगेश चन्द्र तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।



डीएम को ज्ञापन सौंपते प्रधानाचार्य परिषद के पदाधिकारी

# छह दिसम्बर तेगबहादुर शहीद दिवस पर अवकाश घोषित करने की उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह के नेतृत्व में चार सूत्रीय समस्याओं को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा। प्रधानाचार्य परिषद ने ज्ञापन देकर जिला विद्यालय निरीक्षक से मांग की है कि छात्रवृत्ति में छात्रों के बायोमेट्रिक/फेशियल आयन्टिरेशन के लिए डिवाइस क्रय हेतु विद्यालय के किस मद से भुगतान होना है इस आदेश को निर्गत किया जाये।

परख कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रति छात्र 50 प्रतिशत प्रिंटआउट आदि में खर्च आ रहा है, किस मद से खर्च करना है बताया जाये। श्री गुरुदेव तेगबहादुर शहीदी दिवस 6 दिसम्बर को है, जबकि अवकाश तालिका में 24 दिसम्बर दर्शाया गया है। जो कि गुरुद्वारा कमेटी द्वारा 6 दिसम्बर को शहीद दिवस मनाया जा रहा है। 6 दिसम्बर को अवकाश घोषित करने की मांग की गई। प्रधानाचार्य परिषद द्वारा पूर्व में ज्ञापन दिया गया था जिसमें अभी तक कुछ समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है। गंगापार महात्मा गांधी इंटर कालेज के चार शिक्षकों का अवशेष भुगतान होना है। बिल डीआईओएस कार्यालय में दो वर्ष पूर्व भेजे जा चुके है आदि समस्याओं का निराकरण करने की मांग उठायी गई। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री डॉ. संदीप चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, जिला महामंत्री डॉ. बृजभूषण सिंह, जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष योगेश चन्द्र तिवारी, विनीत चौहान आदि लोग मौजूद रहे।



डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते प्रधानाचार्य

# गैस रिफलिंग के दौरान कार बनी आग का गोला

**धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग दुकानें बंद करके भागे**

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के रोहिला चौराहा स्थित एक स्थान में कार में एलपीजी गैस डालते समय अचानक कार में आग लग गई। जिससे कार धूं-धूंकर जलने लगी और विकराल रुप धारल कर दिया। जिससे अफरा-तफरी मच गयी।

कार में गैस डाल रहे व्यक्ति ने पास खड़ी बाइक व अन्य कारों को गैराज से हटाया और जिस घरेलू सिलेंडर से गैस रिफलिंग कर रहा था, उसे भी वहां से हटा दिया और वह गैराज में ताला डालकर भाग गया। आग की लपटे देखकर आसपास के दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद कर मौके से हट गये।

सूचना मिलने पर थाने पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गयी और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। लगभग एक घंटे बाद दमकल विभाग की गाड़ी पहुंची, तब तक कार जलकर राख हो चुकी थी। कार जलते समय चार बार तेज धमाके की आवाज कार के अंदर से हुई। जिससे कुछ समय के लिए यातायात रुक गया। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि पूरे मामले की जांच पड़ताल कर जब भी दोषी लोग है उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी। घरेलू गैस से गैस रिफलिंग करना कानूनन अपराध है। इससे कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है।



धूं-धूंकर जलती कार



जलती कार को देखती पुलिस

## घर से बाजार गयी युवती पांच दिनों से लापता



**जालौन, उरई।** पांच दिन पूर्व घर से बाजार गई युवती लापता हो गई है। पीड़ित भाई ने बहिन की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक भाई ने पुलिस को बताया कि उनकी 30 वर्षीय बहिन बीती 16 नवंबर को दोपहर करीब एक बजे घर से बाजार जाने की बात कहकर निकली थी। शाम तक जब वह बाजार से वापस नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू की। सभी नाते रिश्तेदारों और जान पहचान वालों के यहां पूछतांछ करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। बताया कि उसकी सहेलियों से भी जानकारी की लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। पीड़ित भाई ने बहिन की सकुशल बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है।

## खबरें एक नजर में

### पेंशनर्स एसोसिएशन का धरना आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेवा निवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन का जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन 22 नवम्बर को जिला मुख्यालय पर आयोजित होगा। यह जानकारी राजेश निराला ने दी है।

### बाबा नीम करोरी का सातवां स्थापना दिवस 23 नवम्बर को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाबा नीम करोरी महाराज का सातवां विग्रह व स्थापना समारोह बढ़पुर स्थित शीतला माता मंदिर में 23 नवम्बर को सम्पन्न होगा। हवन पूजन के साथ सुंदर काण्ड, देर शाम भजन संध्या व 24 नवम्बर को भण्डारे का आयोजन होगा। यह जानकारी अजीत वर्मा चन्द्रा चश्मा वालों ने दी है।

### समस्याओं को लेकर भाकियू आज एसडीएम को सौंपेगी ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन अखण्ड प्रदेश भानु गुट के पदाधिकारियों द्वारा किसानों एवं आम जनमानस की समस्याओं को लेकर आठ सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी अमृतपुर को 22 नवम्बर प्रातः 11 बजे सौंपा जायेगा। यह जानकारी राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव राजेश दीक्षित उर्फ बबलू ने दी है।

### मुलायम सिंह यादव की जयंती पर फल वितरण व भण्डारा आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 मुलायम सिंह यादव की जयंती 22 नवम्बर को आवास विकास स्थित पार्टी कार्यालय पर प्रातः 11 बजे मनायी जायेगी। जिसमें मरीजों को फल वितरण एवं भण्डारे का आयोजन होगा। यह जानकारी जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने दी है।

### अब तीन दिसम्बर को होगी बीएसजी ज्ञान परीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन 4 दिसम्बर को होना था। जिसे संशोधित कर तीन दिसम्बर को रख दिया गया है। समस्त प्रधानाध्यापक, राजकीय माध्यमिक व उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक विद्यालय के लोगों को सूचित किया गया है कि परीक्षा की तिथि में संशोधन किया गया है। 4 दिसम्बर को परख परीक्षा होने के कारण बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता को अब 3 दिसम्बर कर दिया गया है। यह जानकारी भारत स्काउट गाइड के जिला सचिव डॉ. महेश चन्द्र राजपूत ने दी है।

### समाजसेवियों ने मनायी क्रांतिकारी कोशगुप्त की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वैकल्पिक माध्यमिक शिक्षक संघ ने क्रांतिकारी कोशगुप्त का जन्मदिन मनाया। उनका जन्म भारत वर्ष के ढांका बांग्लादेश में हुआ था। 14 वर्ष की उम्र में उन्होंने हथियार कपड़ों में छुपाकर क्रांतिकारियों तक पहुंचाये और वह जेल गये। उन्होंने अंग्रेज भारत छोड़ों आंदोलन में भाग लिया। भारतीय समाज संगठन व जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा एवं वैकल्पिक माध्यमिक शिक्षक संघ स्वर्णसमाज के संयुक्त तत्वाधान में उनकी जयंती मनायी गई। इस मौके पर डॉ. मेहंदी हसन, सतेन्द्र मिश्रा, रामनारायन मिश्रा, अजीता मिश्रा, अवनेन्द्र मिश्रा, शिवानी कटियार, रजत दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

# पुत्रवधू के परिजनों ने घर में घुसकर की मारपीट

▸ दस लाख कीमत के गहने चोरी करने का आरोप, न्यायालय ने कोतवाल से मांगी आख्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुत्रवधू के परिजनों ने घर में घुसकर पुत्र के साथ मारपीट की और जानमाल की धमकी दी तथा घर की अलमारी में रखे 10 लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवरात निकाल ले गये। पीड़ित ने पुत्रवधू सहित पांच लोगों के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर की है। जिस पर सुनवाई करते हुए फतेहगढ़ कोतवाल को आख्या प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

कोतवाली फतेहगढ़ के भोलेपुर न्यू फौजी कालोनी निवासी रावेन्द्र पाल सिंह पुत्र स्व0 रामचन्द्र सिंह ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि पुत्र अभय सिंह की शादी अर्चना पुत्री गुरुबक्स सिंह निवासी अपर दुर्गा कालोनी फतेहगढ़ के साथ 23 अप्रैल 2024 को हुई थी। पुत्रवधू अर्चना का व्यवहार शादी के समय से ही पुत्र व घर वालों से अच्छा नहीं रहा तथा बराबर पुत्र व घर वालो को परेशान कर दहेज प्रताड़ना के मामले में झूठा फंसाने की धमकी देती रहती थी। पुत्रवधू अधिकांशता अपने मायके में रही तथा ससुराल में जब आई तब कोचिंग के नाम से पैसे की मांग करती रही। एक स्कूल में पढ़ाने के बहाने पुत्रवधू स्कूल जाती थी। मेरा पुत्र उसे छोड़ने जाता था। जानकारी हुई कि पुत्रवधू स्कूल न जाकर अपने प्रेमी के पास रुकती थी और दोपहर के समय घर चली आती थी। शक होने पर पुत्र ने फोन चेक किया तो जानकारी हुई कि उसका प्रेम प्रसंग शादी से पूर्व ही किसी एक लड़के था। जब इस कार्य से रोका तो उसने पुत्र पर नपुंसक होने का आरोप लगाकर पूरे घर को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। भैयादूज वाले दिन अपने भाई देवेश चौहान के साथ समस्त सोने के गहने व कपड़े लेकर अपने मायके अपर दुर्गा कालोनी चली गई। मेरी पत्नी भी अध्यापिका है वह स्कूल पढ़ाने गयी थी। घर में मैं व पुत्र तथा पुत्री ही थी। दोपहर 12 बजे पुत्रवधू का भाई देवेश सिंह चौहान पुत्र गुरुबक्स सिंह, उर्मिला पत्नी गुरुबक्स सिंह, पुत्रवधू अर्चना की बहन विनीता पत्नी अभिकान्त सिंह राठौर व उसका पति अभिकान्त सिंह राठौर पुत्र नामालूम निवासी व थाना राजा का रामपुर जिला एटा घर में जबरदस्ती घुस आये तथा मां बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे तथा पुत्र के साथ मारपीट कर जानमाल व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी।

विनीता ने अलमारी में रखे पत्नी के सोने-चांदी के जेवरात कीमत लगभग 10 चुरा ले गये। पुलिस को सूचना दी और गेट के बाहर आया तो आरोपियों ने जानमाल की धमकी दी। जिस पर सुनवाई करते हुए फतेहगढ़ कोतवाल को आख्या प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

### गाड़ी ठीक करा रहे बैंक कर्मचारी से रंगबाजी दिखाकर की मारपीट

**जालौन उरई समृद्धि न्यूज।** बैंड संचालक व उसका कर्मचारी बैंड की गाड़ी की मरम्मत करा रहा था। इसी दौरान कुछ युवक आये और रंगबाजी दिखाते हुए गाली, गलौज करने लगे मना करने पर मारपीट कर दी। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी नीलू ने पुलिस को बताया कि वह सोनू तोमर के बैंड के आफिस में बैठता है। बैंड की गाडी खराब होने पर वह मालिक सोनू तोमर के साथ उसकी रिपेयरिंग करवा रहा था। इसी दौरान रात करीब साढ़े 10 बजे आधा दर्जन युवक आ गए और रंगबाजी दिखाते हुए उनके लिए शराब लाने की मांग करने लगे। जब उसने बताया कि दुकानें बंद हो चुकी हैं। इस समय वह कहां से शराब ला सकता है। यह सुनकर उन्होंने जातिसूचक गालियां दी और सभी मिलकर उसके साथ मारपीट करने लगे। जब बैंड मालिक सोनू ने बचाने का प्रयास किया तो उनके साथ भी मारपीट की। जिसमें दोनों को चोटें आई हैं। मारपीट के बाद वह शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सूचना

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम त्रुटिवश मोहम्मद शाबान हुसैन व मेरे पिता का नाम फारुक हुसैन दर्ज हो गया है, जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम मो0 शाबान व मेरे पिता का नाम मो0 फारुक दर्ज है, जो सही है। मेरा व मेरे पिता का सही नाम मेरे ड्राइविंग लाइंस में दर्ज किया जाये।
**मो0 शाबान पुत्र मो0 फारुक निवासी शीशम बाग कैंट, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद।**

# एएसपी ने बाइक चालकों को गुलाब देकर हेलमेट पहनने के लिए किया प्रेरित



गुलाब देकर बाइक सवार को प्रेरित करते एएसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

यातायात माह के तहत लालगेट तिराहे पर विशेष अभियान चलाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह व कादरीगेट थानाध्यक्ष आमोद कुमार सिंह एवं यातायात प्रभारी सतेन्द्र कुमार सिंह ने वाहन चलाने वालों को जागरुक किया और हेलमेट लगाने की हिदायत दी। अधिकतर बिना हेलमेट पहने युवाओं को जागरुक करते हुए कहा कि हेलमेट अवश्य पहने, जिससे कोई अनहोनी न हो, आये दिन घटनायें हो रही है। हेलमेट आपकी जान की सुरक्षा कर सकता है। युवाओं को गुलाब का फूल देकर अपील की कि बिना हेलमेट अगली बार पाये गये तो चालान भरना होगा। कई युवाओं ने अपनी गलती स्वीकारी और हाथ जोड़कर निवेदन किया आगे से हेलमेट पहनकर ही बाइक चलायेगें। जीवन के प्रति सचेत किया गया और यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान कई वाहनों के चालान काटे गये। टीएसआई सतेन्द्र कुमार ने कहा कि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# ईओ ने एफआरएफ सेंटर का किया निरीक्षण



बेस्ट टू बंडर पार्क का निरीक्षण करते ईओ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

एमआरएफ सेन्टर का अधिशासी अधिकारी ने निरीक्षण किया। साथ ही कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को नगर पालिका अधिशासी अधिकारी लवकुमार मिश्रा ने ग्राम लुधैया में पहुंचकर निर्माणाधीन एमआरएफ सेन्टर व बेस्ट टू बंडर पार्क का औचक निरीक्षण किया। इसके साथ-साथ कपोन्टिग यूनिट पर वायोडिग्रेडेवल वेस्ट द्वारा बनाए जा रहे कंपोस्ट का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एमआरएफ सेटर के निर्माण मे प्रयुक्त होने सामग्री का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया मानक के अनुरूप निर्माण कार्य होना चाहिए। आये दिन पुनः औचक रूप से निरीक्षण किया जाएगा। कमियाँ मिलने पर सख्त कार्रवाई होगी। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा, बड़े बाबू रामभुवन यादव, सफाई नायक विजेन्द्र, रवि मौजूद रहे।

# द साबरमती रिपोर्ट फिल्म भारतीयों के लिये प्रेरणा की स्रोत : उर्विजा



**उरई, जालौन, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा अर्चना पैलेस कालपी रोड उरई में द साबरमती रिपोर्ट फिल्म भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित के नेतृत्व में जनपद के जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी व अधिकारियों ने सामूहिक तौर पर फिल्म को देखा।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि फिल्म का जो उद्देश्य की हम सभी भारतवासी एक रहे एक भारत नेक भारत श्रेष्ठ भारत बना रहे जिसमें हिन्दू, मुस्लिम व अन्य समाज के सभी भाई बहन माताएं बहने एक साथ मिलकर रहें इस फिल्म से हम सभी को यह प्रेरणा मिलती है। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा मूलचंद्र निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, अरविंद चौहान, शंभू दयाल, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, जिला महामंत्री दिलीप दुबे, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र सेंगर, मनोज यादव, अमित निरंजन सभी मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी, अधिकारी गण उपस्थित रहे।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद-फतेहगढ़

पत्रांक: 941/1-30/2024-25 दिनांक 20/11/2024

## -: निविदा सूचना:-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद में राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि में उपलब्ध धनराशि से पालिका के निर्माण विभाग में शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अधीन निम्न सारणी अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/एजेन्सी/कम्पनी/ठेकेदार दिनांक 03/12/2024 समय 4:00 बजे तक सील बन्द निविदा दे सकते है। निविदा पत्र, निविदा आमंत्रण तिथि से एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। प्राप्त निविदा दिनांक 03/12/2024 सायंकाल 4:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ लागत की 10 प्रतिशत जमानत राशि अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद के नाम बन्धक होगी, जो एन0एस0सी0/ एफ0डी0आर0/ नकद जमा रसीद-फार्म-5/टी0डी0आर0 के रुप में ही स्वीकार की जायेगी। बिना जमानत राशि व सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा को स्वीकार/ अस्वीकार करने का अधिकार पालिका के सक्षम अधिकारी को सुरक्षित रहेगा। नियम व शर्तें कार्यालय कार्य दिवस में अवलोकन कर सकते है।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | | आगंणन राशि | निविदा मूल्य + जी0एस0टी0 | धरोहर राशि 10 प्रतिशत | कार्य पूर्ण का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पुलिस लाइन फतेहगढ़ में महिला पुलिस हेल्प लाइन इनक्वारी ऑफिस के पास एवं महिला पुलिस स्टेशन पर फुटपाथ इंटरलॉक कार्य। | | 317000.00 | 472.00 | 31700.00 | एक माह |
| 2 | वार्ड सं0 36 मो0 आफीसर्स कालोनी में मकान न0 टी-4/11 के पास नाली एवं इंटरलाकिंग कार्य | | 116000.00 | 236.00 | 11600.00 | एक माह |
| 3 | वार्ड सं0 01 मो0 बंधौआ में राजीव कुमार के मकान से संदीप दीक्षित के मकान तक नाली एवं इंटरलॉक निर्माण कार्य। | | 167000.00 | 236.00 | 16700.00 | एक माह |
| 4 | निराश्रित गरीब व असहाय व्यक्तियों को शीतलहर से बचाव हेतु रैन बसेरों में टेन्ट लगाये जाने में सीलिंग/पर्दा/रजाई/गद्दा/चादर/तकिया/दरी/तखत आदि की आपूर्ति हेतु। | | 1240113.00 | 1475.00 | 124011.00 | शीतलहर समाप्ति तक |
| | कार्य का नाम | लकड़ी की मात्रा कुंतल में | आगंणन/ अनुमानित लागत | निविदा मूल्य + जी0एस0टी0 | धरोहर राशि 10 प्रतिशत | अवधि |
| 5 | गरीब व असहाय व्यक्तियों को शीतलहर से बचाव हेतु अलाव जलाये जाने हेतु लकड़ी की आपूर्ति। | 1000 | 770000.00 | 944.00 | 77000.00 | शीतलहर समाप्ति तक |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद**

# गडकरी ने गया में करोड़ों रुपए की योजनाओं की दी सौगात

- बिहार के लिए केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार विशेष व्यवस्था कर रही
- बिहार में बिछेगा सड़कों का जाल
- पश्चिम चंपारण के बेतिया में गंढक नदी पर बनाया जाएगा फोरलेन

**एजेंसी, गया।**

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को बिहार के गया में करोड़ों रुपए की कई योजनाओं का



शिलान्यास एवं लोकापर्ण किया।

श्री गडकरी ने गया-डोभी मुख्य सड़क मार्ग पर मगध विश्वविद्यालय के समीप नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के लिए केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार विशेष व्यवस्था कर रही हैं। बिहार में सड़कों का जाल बिछेगा। उन्होंने इस मौके पर गया, पटना एवं बिहार की अन्य जिलों में कई रेलवे ओवरब्रिज बनाने की घोषणा की। इसके अलावा कई किलोमीटर तक सड़क बनाने की भी घोषणा की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य के उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा की मांग पर पश्चिम चंपारण के बेतिया में गंढक नदी पर फोरलेन बनाया जाएगा। इसके अलावा बिहार में ग्रीन एक्सप्रेस-वे बनाया जाएगा। बनारस-सारनाथ से वाया डोभी होते हुए बोधगया तक सड़क बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आज छह सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण हुआ है।

### आने वाले समय में बिहार की तस्वीर बदल जाएगी

श्री गडकरी ने कहा कि राजौरी से बख्तियारपुर तक फेज तीन की सड़क का उद्घाटन हुआ है। वहीं फेज एक के तहत बनने वाली सड़क का शिलान्यास भी किया गया है। आने वाले समय में बिहार की तस्वीर बदल जाएगी। बिहार के विभिन्न जिलों से पटना तक जाने में कम समय लगेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच का परिणाम है कि आज देश में सड़कों का जाल बिछ रहा है। इससे पूर्व श्री गडकरी बोधगया स्थित महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में मगध विश्वविद्यालय और भारतीय आर्थिक परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 22वां बिहार आर्थिक परिषद सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा, मंत्री अशोक चौधरी, डॉ. प्रेम कुमार, पूर्व सांसद सुशील सिंह, हरि मांझी, पूर्व विधायक श्याम देव पासवान, मगध यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एसपी शाही सहित कई लोग मौजूद थे।

## इसरो, एएसए ने गगनयान के लिए कार्यान्वयन समझौते पर किये हस्ताक्षर

**एजेंसी, चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी (एएसए) के बीच प्रथम मानव उड़ान गगनयान मिशन के लिए चालक दल तथा चालक दल मॉड्यूल रिकवरी पर एक कार्यान्वयन समझौते (आईए) पर हस्ताक्षर किए गए। इसरो ने गुरुवार को कहा कि इस समझौते पर इसरो की ओर से बेंगलुरु में एचएसएफसी के निदेशक डीके सिंह और कैनबरा में एएसए की ओर से स्पेस कैपेबिलिटी ब्रांच के महाप्रबंधक जारोड पॉवेल ने हस्ताक्षर किए। इस समझौते का उद्देश्य, ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच अंतरिक्ष गतिविधियों में सहयोग को और मजबूत करना भी है। इसरो ने मानव अंतरिक्ष उड़ान (गगनयान) कार्यक्रम शुरू किया है, जिसका उद्देश्य भारतीय क्रू मॉड्यूल में तीन चालक दल के सदस्यों के साथ तीन दिनों तक पृथ्वी की निचली कक्षा में मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता का प्रदर्शन करना और मिशन के बाद उन्हें सुरक्षित वापस लाना है।

# विश्व शांति व जलवायु कार्रवाई के माध्यम से रचनात्मक वैश्विक शक्ति बनना चाहता है भारत : उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि भारत का लक्ष्य शांति निर्माण, शांति स्थापना और जलवायु कार्रवाई पहल के माध्यम से एक रचनात्मक वैश्विक शक्ति बनना है।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने आज नई दिल्ली में भारत के मूल मूल्य, रुचियां और उद्देश्य विषय पर 64वें राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज (एनडीसी) पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों को संबोधित किया। विश्व में सकारात्मक भूमिका निभाने के भारत के योगदान का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि जी20 की अध्यक्षता के दौरान भी भारत ने सतत विकास दर पर केंद्रित वैश्विक प्रगति को मानव केंद्रित किए जाने पर जोर किया और विविधता में एकता पर बल दिया।

उपराष्ट्रपति ने इस बात को भी रेखांकित किया कि भारत सबके सुख



की कामना करता है और विश्व को एक परिवार के तौर पर मानता है। जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने 'वैश्विक दक्षिण' की आवाज को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का पोषण करते हुए समावेशी विकास, शांति और सार्वभौमिक कल्याण भारतीय दर्शन के केंद्र में है। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते भारत अपनी भाषा, धर्म और नस्लीय विभिन्नता का उत्सव मनाता है। यहां समानता और स्वतंत्रता सुनिश्चित होती है। भारत की विदेश नीति भी इसी तरह अन्य देशों की क्षेत्रीय अखंडता संप्रभुता का सम्मान करते हुए संघर्ष व प्रतिस्पर्धा पर बातचीत को प्रधानता देने पर जोर देती है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम लैंगिक समानता के प्रति प्रतिबद्ध हैं और यह अर्थव्यवस्था और सामाजिक मूल्यों के साथ-साथ सद्भाव के लिए भी महत्वपूर्ण है। हम महिलाओं को सशक्त बनाने को एक कदम आगे बढ़कर महिलाओं के नेतृत्व में सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। उन्होंने हाल ही में संसद से पारित महिला आरक्षण विधेयक का भी इस दौरान जिक्र किया।

# मातृभाषा सीखने के बाद अंग्रेजी सीखनी चाहिए : वेंकैया नायडू

**एजेंसी, हैदराबाद।**

पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने कहा कि मातृभाषा सीखने के बाद अंग्रेजी सीखनी चाहिए। उन्होंने हैदराबाद के शिल्पराम में चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के हिस्से के रूप में प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में राज्य मंत्री जुपल्ली कृष्णा राव ने शामिल रहे। लोकमंथन अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज उद्घाटन करेंगी।

इस दौरान वेंकैया नायडू ने कहा कि भाग्यनगर में लोकमंथन कार्यक्रम के आयोजन को देखकर उन्हें बहुत खुशी हो रही है। भारतीय सांस्कृतिक विरासत की प्रशंसा करते हुए

उन्होंने कहा कि हम अपनी जड़ों की ओर वापस जाना चाहते हैं। हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी कला, संस्कृति और



वाद्ययंत्रों की रक्षा करनी चाहिए। पूर्व उपराष्ट्रपति नायडू ने कहा कि इस कार्यक्रम का मूल विचार भारतीयों के दिमाग से उपनिवेशवाद को खत्म करना और भारतीय बौद्धिक विमर्श, संस्कृति, विरासत, संगीत और नृत्य के प्रति गर्व और प्रतिबद्धता की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि यही इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। कार्यक्रम के पीछे एक महान विचार है। उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि हम अपनी संस्कृति, अपनी भाषा और अपनी परंपराओं को भूल गये हैं।

# झारखंड में आयेगा आश्चर्यजनक परिणाम बनेगी एनडीए की सरकार : कृषि मंत्री

- अद्भूत प्रेम के लिए जनता को बारम्बार प्रणाम : शिवराज

**एजेंसी, रांची।**

केंद्रीय कृषि मंत्री एवं झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कार्यकर्ताओं से प्रदेश कार्यालय में मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश में एनडीए की सरकार बनने का दावा किया है।

उन्होंने कहा कि झारखंड से मैं बहुत सी मीठी स्मृतियां लेकर जा रहा हूं। ये अद्भुत प्रदेश के साथ संसाधनों से भरपूर है। यहां की भूमि ऊपजाऊ है। यहां के लोग काफी मेहनतकश हैं। यहां की भली और भोली जनता अद्भुत स्नेह और प्यार देती है। इस प्रदेश से मैं व्यक्तिगत रूप से जुड़ गया हूं।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि संसाधनों से भरपूर यहां खनिज संपदा,



वन संपदा, जल संपदा, यहां के परिश्रमी लोग, उपजाऊ भूमि, इतना कुछ है कि झारखंड सचमुच में विकास और प्रगति के नए आयाम छू सकता है। मुझे विश्वास है कि झारखंड में अब बीजेपी-एनडीए की सरकार बनेगी और संसाधनों का बेहतर उपयोग करके एक समृद्ध, विकसित, सशक्त और घुसपैठिया मुक्त राज्य झारखंड बनेगा। मैं झारखंड की जनता, यहां के कार्यकर्ताओं का आभारी हूं उनका अद्भूत स्नेह और प्यार मिला है। उन्होंने कहा कि मन में ये ही भाव है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में और मार्गदर्शन में झारखंड बढ़े और प्रगति करे। ये अमीर धरती है, यहां से गरीबी को पूरी तरह से खत्म किया जा सकता है। मैं व्यक्तिगत रूप से अंतरआत्मा से झारखंड से जुड़ गया हूं। कृषि मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय के माध्यम से भी झारखंड की जनता की जो सेवा हो सकेगी, वो करने का प्रयत्न करेंगे। इस अद्भूत प्रेम के लिए जनता को बारम्बार प्रणाम।

# नवाचार, अनुसंधान को बढ़ावा देने के प्रयासों में सहयोग करे उद्योग जगत : गोयल

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को उद्योग जगत से हल में गठित अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ) का उपयोग करने और नवाचार और देश में अनुसंधान आधारित पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों में सहयोग देने की अपील की।

उन्होंने कहा कि इस एक लाख करोड़ रुपये के कोष का उपयोग युवाओं में नए नए प्रयोग करने और नए विचारों को विकसित करने की मानसिकता के विकास के लिए किया जाना चाहिए। श्री गोयल ने राजधानी में भारतीय वाणिज्य उद्योग महासंघ (फिक्की) की 97वीं वार्षिक आम बैठक और वार्षिक सम्मेलन में मुख्य भाषण दे रहे थे। उन्होंने उम्मीद जताई कि देश के उद्योगपति भारत में अनुसंधान एवं विकास के



पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने में मदद करने की सरकारी की पहल में रुचि लेंगे। उन्होंने सम्मेलन में उपस्थिति वाणिज्य एवं उद्योग क्षेत्र के प्रतिभागियों से अनुरोध किया कि वे इस निधि से धन प्राप्त करने की प्रक्रियाओं को परिणामोन्मुखी और समय की दृष्टि से दक्ष बनाने के बारे में सुझाव आमंत्रित किए। उन्होंने घरेलू उपभोग और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए उद्योग-अकादमिक संस्थानों-सरकार की साझेदारी में निजी क्षेत्र के संस्थानों को भी शामिल किए जाने की वकालत की।

## मोदी करेंगे संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ करेंगे। सहकारिता मंत्रालय में सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी और इफको लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी ने गुरुवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि वैश्विक सहकारी आंदोलन की प्रमुख संस्था अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) के 130 साल के इतिहास में पहली बार इफको की पहल पर 'आईसीए महासभा एवं वैश्विक सहकारी सम्मेलन' आयोजन भारत में होगा। यह कार्यक्रम 25 नवंबर से 30 नवंबर तक होगा। उन्होंने कहा कि श्री मोदी इस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ करेंगे। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में वैश्विक सहकारी सम्मेलन के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया जाएगा।

## ओडिशा के मालकानगिरी में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, एक जवान घायल

**एजेंसी, भुवनेश्वर।** ओडिशा के मालकानगिरी जिले के जिनेलगुडा के पास गुरुवार तड़के सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर हो गया। इस दौरान एक जवान घायल हुआ है। ओडिशा पुलिस मुख्यालय के अनुसार घायल जवान की पहचान डंबुर बड़ नायक के रूप में हुई है। उनको निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके पैर में दो गोलियां लगी हैं। ओडिशा पुलिस मुख्यालय ने इसकी पुष्टि की है। सूत्रों के अनुसार कुछ नक्सली छत्तीसगढ़ से साबेरी नदी पार कर मालकानगिरी की ओर बढ़ रहे थे। इसके आधार पर जवानों ने उस क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान सुरक्षाबलों का का नक्सलियों से आमना-सामना हो गया। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। इस दौरान एक नक्सली मारा गया और एक जवान घायल हो गया। सुरक्षाबलों का दबाव बढ़ता देखकर नक्सली वहां से भाग खड़े हुए। घटना के बाद सुरक्षाबलों ने क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। घटनास्थल से भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद की गई है।

# पं. धीरेन्द्र शास्त्री की सनातन जागरण के लिए पदयात्रा शुरू

**एजेंसी, छतरपुर।**

मध्य प्रदेश के बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने सनातन के जागरण, हिन्दुओं के बीच जाति भेदभाव, छुआछूत, अगड़े और पिछड़े का फर्क मिटाने के लिए गुरुवार से अपने धाम से नौ दिवसीय पदयात्रा शुरू की। इस यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की आध्यात्मिक पदयात्रा के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

**मप्र के मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि स्पष्टवादिता पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की विशेषता है। वे सनातन संस्कृति के उत्थान के उद्देश्य से यात्रा पर निकले हैं। प्रसन्नता का विषय है कि पदयात्रा के माध्यम से क्षेत्र में जन-जन को उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त होगा। बालाजी मंदिर बागेश्वर धाम से आज बागेश्वर धाम के



जयकारे और सनातन एकता, हिंदू एकता का उद्घोष कर पंडित धीरेन्द्र शास्त्री की पदयात्रा का शुभारंभ हुआ। इस पदयात्रा में देश के कई प्रमुख पीठाधीश्वर, साधु-संत, महात्मा और गणमान्य शामिल होंगे। यह पदयात्रा पहले दिन ग्राम गढ़ा तिराहा से होते हुए लगभग 20 किमी दूर ग्राम कदारी तक पहुंचेगी। चार दिनों तक यह यात्रा छतरपुर जिले में ही रहेगी। यह यात्रा 160 किमी की होगी, जो 29 नवंबर को ओरछा के रामराजा मंदिर पहुंचेगी। इस पदयात्रा का उद्देश्य सनातन का जागरण और जातीय भेदभाव, छुआछूत एवं अगड़े-पिछड़े का भेद मिटाना और सामाजिक एकता को प्रोत्साहित करना है। यात्रा में ऐसे 15 रथ तैयार किए गए हैं, जिनमें गौरथ, महापुरुषों के रथ, बागेश्वर बालाजी का रथ, बागेश्वर धाम का संकल्प रथ शामिल हैं। इस पदयात्रा के दौरान 25 नवंबर को मऊरानीपुर में संजय दत्त, पहलवान खली, कामेडियन श्याम रंगीला और वीआईपी अपनी प्रस्तुति देंगे। 26 को गुजरात के लोकगायक कीर्तिदान गढ़वी और 27 को कन्हैया मित्तल यात्रा में शामिल होंगे। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर जगतगुरु तुलसी पीठाधीश्वर श्रीरामभद्राचार्य के द्वारा भगवा ध्वज दिखाया जाना था, लेकिन आकस्मिक रूप से उनका स्वास्थ्य खराब हो जाने के कारण वे उपस्थित नहीं हो सके। इस मौके पर संत गोपालमणि, कथाव्यास संजीवकृष्ण ठाकुर, इंद्रेश उपाध्याय, हनुमान गढ़ी अयोध्या के महंत राजू दास महाराज एवं सुदामा कुटी वृंदावन के महंत मौजूद रहे।

यात्रा में मलूक पीठाधीश्वर राजेन्द्र दास, जगतगुरू राघवाचार्य, जाने-माने कथाव्यास अनिरुद्धाचार्य, कृष्णचन्द्र ठाकुर, मृदुलकांत, मनोज मोहन, तुलसीवन से कौशिक महाराज, ऋषिकेश से चिदानंद मुनि, गोरेलाल कुंज से किशोरदास महाराज, भिण्ड से दंदरौआ सरकार, महाराष्ट्र से गोविंददेव गिरि, वृंदावन से पुण्डरीक गोस्वामी, तुलसी पीठाधीश्वर के उत्तराधिकारी रामचन्द्रदास, सतुआ बाबा प्रयागराज, दीनबंधु दास, बल्लभाचार्य जैसे शीर्ष कोटि के संत शामिल होंगे।

## बंग्लादेश के बौद्ध अनुयायियों ने भारत सरकार से मांगी तीर्थयात्रा वीजा सुविधा

**कुशीनगर, समृद्धि न्यूज।** तख्तापलट के पूर्व भारत आने के लिए टूरिस्ट वीजा प्राप्त किए बंग्लादेश के बौद्ध तीर्थ यात्रियों ने भारत सरकार से टूरिस्ट वीजा जारी करने की मांग की है। तीर्थयात्रियों ने गुरुवार को कुशीनगर में महापरिनिर्वाण मंदिर में दर्शन पूजन किया और शोभा यात्रा निकाली। प्रतिमा पर चीवर चढ़ाकर विश्व शांति व बांग्लादेश और भारत के मध्य मैत्रीपूर्ण सम्बंधों की मजबूती के लिए विशेष प्रार्थना किया। उल्लेखनीय है कि हर साल नवंबर दिसंबर में बंगलादेश से हजारों की संख्या में पर्यटक बौद्ध सर्किट के कुशीनगर, सारनाथ, बोधगया, श्रावस्ती, लुंबनी आदि में दर्शन पूजन के लिए आते हैं। किंतु तख्तापलट के बाद भारत सरकार ने टूरिस्ट वीजा जारी करने पर रोक लगा दी है। इस कारण इस साल बेहद कम संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। कुशीनगर के प्रमुख भिक्षु अशोक ने बताया की बांग्लादेश में लगभग 10 लाख लोग बौद्ध धर्म के अनुआयी हैं। जो थेरवाद शाखा से आते हैं। थेरवाद बौद्ध धर्म की प्राचीन शाखा है।

# देश के 82 युवा कलाकार उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से होंगे सम्मानित

- डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में शुक्रवार के आयोजित होगा पुरस्कार समारोह

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शुक्रवार को डॉ अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक विशेष समारोह में देशभर के 82 युवा कलाकारों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार प्रदान करेंगे।

पुरस्कार समारोह की अध्यक्षता संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष डॉ. संध्या पुरेचा, संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव उमा नंदूरी करेंगी। इस समारोह के बाद 22 से 26 नवंबर, 2024 तक उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार विजेता तीन अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शन कला महोत्सवों में भाग लेंगे। जिसमें मेघदूत थिएटर कॉम्पलेक्स, रवींद्र भवन, कॉपरनिकस मार्ग, नई दिल्ली; अभिमंच थिएटर, नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, भावलपुर हाउस, नई दिल्ली और विवेकानंद ऑडिटोरियम, कथक केंद्र, चाणक्यपुरी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि संगीत नाटक अकादमी ने वर्ष 2006 में 40 वर्ष की आयु तक के युवा प्रदर्शन कला चिकित्सकों के लिए भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खान के नाम पर उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार (यूबीकेयूपी) की स्थापना की थी। उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार संगीत, नृत्य, नाटक, लोक और आदिवासी कला और कठपुतली के क्षेत्र में उत्कृष्ट युवा कलाकारों को दिल्ली में और दिल्ली के बाहर भी आयोजित एक विशेष समारोह में प्रतिवर्ष दिया जाता है। युवा पुरस्कार में 25 हजार रुपये, एक पट्टिका और एक अंगवस्त्रम दिया जाता है।

# हाथ धोने की प्रेरणा देने में मुख्य भूमिका निभा रहा सैवलॉन स्वस्थ इंडिया मिशन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

आईटीसी का सैवलॉन स्वस्थ इंडिया मिशन नवीन अनुभवों और प्रयासों की मदद से लोगों को हाथ धोने की प्रेरणा देने में मुख्य भूमिका निभा रहा है। हाथों से फैलने वाले संक्रमण देश पर भारी सामाजिक- आर्थिक बोझ डालते हैं। इन संक्रमणों को फैलने से रोकने का सबसे सरल तरीका हाथों को नियमित तौर से धोना है।

सैवलॉन स्वस्थ इंडिया मिशन 2016 में अपनी शुरुआत के बाद लगातार 8 सालों से हाथ धोने के मामले में सकारात्मक परिवर्तन ला रहा है। यह अभियान भारत के स्कूलों में 10 मिलियन विद्यार्थियों को इनोवेटिव और इंटरैक्टिव वर्कशॉप मॉड्यूल द्वारा हाथों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित कर चुका है। सैवलॉन स्वस्थ इंडिया मिशन हाथों को साबुन से धोकर स्वच्छ रखने पर जोर देता है। यह रिपोर्ट पद्मश्री, श्रीमती मालिनी अवस्थी और श्री संजय श्रीनिवास, वाईस प्रेसिडेंट - मार्केटिंग, पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स बिज़नेस, आईटीसी लिमिटेड की मौजूदगी में जयपुरिया स्कूल, लखनऊ में पेश की गई।

## सीमावर्ती खेत में मिले शक्तिशाली ड्रोन ने चार बार भरी थी उड़ान

**एजेंसी, श्रीगंगानगर।** राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के हिंदूमलकोट थाना क्षेत्र में पाकिस्तान सीमा पर स्थित दुल्लापुर केरी गांव के एक खेत में करीब एक महीने पहले मिले शक्तिशाली पाकिस्तान ड्रोन के वैज्ञानिक विश्लेषण से खुलासा हुआ है कि इस ड्रोन ने 16 अक्टूबर की रात को सीमा पार से भारतीय क्षेत्र में चार बार उड़ान भरी थी। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएएफ) सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि कैमरा और सेंसर युक्त यह ड्रोन इतना शक्तिशाली है कि छह हजार मीटर की ऊंचाई पर करीब 30 किलोमीटर दूर तक उड़ान भर सकता है। इसमें जीपीएस जैसा कोई उपकरण भी लगा हुआ है। बीएसएफ के जोधपुर स्थित फ्रंटियर मुख्यालय पर विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) में ड्रोन का वैज्ञानिक विश्लेषण किया गया। बीएसएफ द्वारा एफएसएल की जांच रिपोर्ट दिये जाने पर हिंदूमलकोट थाने में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय वायुयान अधिनियम की धारा 10 और 11 के तहत मामला दर्ज किया गया है। अब पुलिस इस ड्रोन की एफएसएल में हुई जांच की रिपोर्ट के आधार पर पता लगाने का प्रयास करेगी की इस ड्रोन ने कहां से कहां तक की उड़ान भरी थी। इससे कोई संदिग्ध वस्तु तो भारतीय क्षेत्र में गिराई तो नहीं गयी थी।

# हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में बाल अवध रत्न सम्मान समारोह आयोजित



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

कानपुर रोड एलडीए कालोनी के स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की तीसरी सांस्कृतिक संध्या पर आयोजक अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा, विनय दुबे, रणवीर सिंह, हेमू चौरसिया द्वारा द्वीप प्रज्जवल्लन कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ किया गया।

सांस्कृतिक संध्या में विषम परिस्थितियों में भी मजबूत इच्छा शक्ति की बदौलत उत्कृष्ट कार्य कर शहर का नाम रोशन करने वाले हुनरमंदो को सुरभि कल्चरल ग्रुप द्वारा बाल अवध रत्न सम्मान समारोह ओर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। आयोजक अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा और सुरभि कल्चरल ग्रुप की अध्यक्ष मानता सक्सेना ने राष्ट्रीय स्केटिंग खिलाड़ी - मन्नत अशरफ शेख, ताइक्वांडो खिलाड़ी -प्रिशा त्रिवेदी, यूट्यूबर - रुद्राक्ष सिंह, कथक नृत्यांगना - शिक्षा अग्रवाल, आशी त्रिवेदी, श्री अग्रवाल, काशवी शर्मा, आरोही कश्यप, तैराक खिलाड़ी -जन्नत अशरफ शेख, लोक नृत्यांगना -आंद्रित्या सिंह, अनाया गौतम, कोरियोग्राफर तनु ठाकुर को प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर नन्हीं प्रतिभाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

# पीएम मोदी ने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर भारतीय हॉकी टीम को दी बधाई





**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर भारतीय हॉकी टीम को बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने आज एक्स हैंडल पर पोस्ट कर खुशी जताते हुए देश की टीम को बधाई दी।

उन्होंने लिखा कि एक अभूतपूर्व उपलब्धि! हमारी हॉकी टीम को महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर बधाई। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया। उनकी सफलता कई आगामी एथलीटों को प्रेरित करेगी

उल्लेखनीय है कि भारतीय महिला हॉकी टीम ने बुधवार को दमखम दिखाते हुए एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में चीन को 1-0 से हराकर भारत ने पूरे टूर्नामेंट में अपना अजेय रिकॉर्ड कायम रखा। राजगीर के मैदान पर खेला गया यह मैच भारतीय टीम के लिए ऐतिहासिक बन गया। फाइनल मैच में पहला और निर्णायक गोल दीपिका ने तीसरे क्वार्टर के दूसरे मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर से किया। दीपिका का यह टूर्नामेंट में 11वां गोल रहा, जिससे टीम इंडिया को बढ़त मिली। इसके बाद भारतीय डिफेंस लाइन ने जबरदस्त खेल दिखाया और चीन को बराबरी का मौका नहीं दिया।